अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 17°C
सेंसेक्स 76,295.36
निफ्टी 23,250.10
सोना 93,110
चांदी 1,03,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 308 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 5 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




## थाईलैंड में दुनिया की सबसे यंग पीएम से मिले मोदी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद की कमान संभालेंगे

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# वक्फ बिल राज्यसभा में पेश, चर्चा जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। इस पर दोपहर एक बजे से चर्चा हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा।

नड्डा ने कहा कि हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एयर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया।



■ नड्डा बोले- विपक्ष राम मंदिर, कुंभ, बिहार इलेक्शन पर बोल रहा, ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश

## भाजपा के हमले का आक्रामक जवाब जरूरी: सोनिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसकी इसी रणनीति का हिस्सा हैं। श्रीमती गांधी ने कहा कि भाजपा के सदस्य संसद में कांग्रेस शासित राज्यों के मुद्दों पर तीखा हमला करते हैं, इसलिए पार्टी सांसदों को भी भाजपा शासित राज्यों में उसकी विफलता को लेकर सदन में ही करारा जवाब देना चाहिए। संसदीय दल की इस बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कांग्रेस संसदीय दल की नेता ने अपने संबोधन में कहा कि वक्फ विधेयक को लोकसभा में जबरन पारित किया गया। इस विधेयक को लेकर हमारी पार्टी का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि यह संविधान पर हमला है।

# राहुल का सरकार पर हमला

■ कहा: चीन हमारी जमीन पर कब्जा कर चुका है, सरकार क्या कर रही है

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि चीन भारत के चार हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में घुस आया है, लेकिन हमारे राजदूत चीन के नेताओं के साथ केक काटते देखे गए हैं।

श्री गांधी ने लोकसभा में शून्य काल में इस मुद्दे पर सरकार से सवाल किया कि चीन द्वारा कब्जाई जमीन को वापस लेने के लिए वह क्या कर रही है? मैं इस बात को लेकर बहुत हैरान हूं कि चीन हमारी जमीन पर कब्जा किए बैठा है और हमारे विदेश सचिव चीन के राजदूत के साथ कुछ समय पहले केक काटते देखे गए। हमारे जवान शहीद हुए थे, उनकी शहादत का जश्न मनाया जा रहा है, केक काटकर। हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सामान्य स्थिति से पहले हमें हमारी जमीन वापस मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक बार कहा था कि वह विदेश नीति के मामले में न तो बाएं झुकेंगी और न ही दाएं झुकेंगी, वह भारतीय हैं, वह सीधी खड़ी होंगी। हम सब इतिहास जानते हैं, जब भाजपा और आरएसएस से ऐसा ही सवाल पूछा जाएगा, तो वे सामने वाले के आगे सिर झुका लेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे सहयोगी (अमेरिका) ने अचानक हमारे ऊपर 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा।

## मुंबई में लॉरेंस गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार हथियार बरामद

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से लॉरेंस गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें संदेह है कि गैंग के निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने लारेंस गैंग के सदस्यों को शनिवार को हिरासत में लिया। उनके हथियार ले जाने के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है। गिरफ्तार लोगों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सुमित कुमार और विकास हिस्ट्रीशीटर हैं। दरअसल, लॉरेंस गैंग की तरफ से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में गैंग के 5 सदस्यों की गिरफ्तारी और उनके पास से हथियार बरामद होने के बाद इसे सलमान खान की सुरक्षा के लिए बड़े खतरे के रूप में भी देखा जा रहा है।

## लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट की तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** लंदन से मुंबई आ रही वर्जिन अटलांटिक फ्लाइट ने तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। इसके चलते 200 से ज्यादा भारतीय पैसेंजर 16 घंटे से ज्यादा समय से फंसे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लेन नंबर टै 358 के एक पैसेंजर को पैनिक अटैक आ गया था। इस मेडिकल इमरजेंसी के चलते तुर्की के दियारबकिर एयरपोर्ट पर विमान लैंड हुआ था। ये एयरपोर्ट ऐसी फ्लाइट की लैंडिंग के लिए उपयुक्त नहीं है। पैसेंजर्स को बताया गया कि लैंडिंग के दौरान प्लेन में टेक्निकल खामी भी आ गई। एक पैसेंजर ने बताया कि उन्हें नहीं पता है उनकी आगे की यात्रा कैसे होगी, क्योंकि वर्जिन अटलांटिक ने अब तक उनके लिए दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था नहीं की है।

## फर्जी कॉल करने वाले शख्स को दो साल का कारावास

**मुंबई।** मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने गुरुवार को मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष को फर्जी कॉल करने के जुर्म में एक शख्स को दो साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जान को खतरा होने की चेतावनी दी गई थी। आरोपी को दोषी ठहराते हुए अदालत ने बचाव पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया कि आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर है और कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा दिए गए सबूतों से यह स्पष्ट है कि आरोपी ने मुख्य नियंत्रण कक्ष को धमकी देकर सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश की। आरोपी कामरान खान (29) ने 20 नवम्बर 2023 को पुलिस नियंत्रण कक्ष में यह कॉल किया था। अदालत ने आरोपी कामरान खान को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया।

# ट्रम्प टैरिफ युद्ध: भारत को 26 और चीन को 34% का झटका

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने दुनिया पर चलाया टैरिफ का चाबुक

वाशिंगटन/नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में बड़ा कदम उठाते हुए भारत पर 26 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के अनुसार बुधवार देर रात व्हाइट हाउस रोज गार्डन में एक भाषण के दौरान भारत और चीन पर बड़े पैमाने पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाने की घोषणा की है।

उन्होंने इसे डिस्काउंटेड करार दिया क्योंकि ये दरें उन शुल्कों का लगभग आधा हैं, जो उनके अनुसार ये देश अमेरिका से वसूलते हैं। नई दरों के अनुसार, भारत पर 26 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा। श्री ट्रम्प ने कहा कि भारत अमेरिका से विभिन्न आयातों पर 52 प्रतिशत शुल्क लेता है। उन्होंने कहा कि उनके प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) हाल ही में यहां से गए हैं। वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे उसका आधा 26 प्रतिशत वसूलेंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूरोपीय संघ से आयात पर 20 प्रतिशत, ब्रिटेन पर 10 प्रतिशत, जापान पर 24 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, ताइवान पर 32 प्रतिशत, थाइलैंड पर 36 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड पर 31 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, मलेशिया पर 24 प्रतिशत, कंबोडिया पर 49 प्रतिशत, दक्षिण अफ्रीका पर 30 प्रतिशत, ब्राजील पर 10 प्रतिशत, बंगलादेश पर 37 प्रतिशत, सिंगापुर पर 10 प्रतिशत, इजराइल पर 17 प्रतिशत, फिलिपींस पर 17 प्रतिशत, चिली पर 10 प्रतिशत, -शेष पृष्ठ दो पर




■ ट्रम्प ने कहा: भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे उसका आधा 26 प्रतिशत वसूलेंगे

■ अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को बताया अपना दोस्त

## अमेरिका की प्रशुल्क-कार्रवाई के असर, अवसर की जांच कर रहा भारत: वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत के खिलाफ जवाबी आयात शुल्क लागू करने के कार्यकारी आदेश और अन्य घोषणाओं के संभावित प्रभावों की सावधानी पूर्वक जांच कर रहा है और इससे उत्पन्न होने वाले अवसरों का भी अध्ययन कर रहा है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति की घोषणाओं के अनुसार भारत पर अतिरिक्त शुल्क 27 प्रतिशत लगाया गया है। राष्ट्रपति ट्रम्प की घोषणाओं पर भारत की यह पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत अमेरिका के साथ अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी को महत्व देता है और उसके साथ मिल कर काम करने को प्रतिबद्ध है, ताकि इससे दोनों देशों के लोगों को लाभ हो। विज्ञप्ति में कहा कि वाणिज्य विभाग अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए गए विभिन्न उपायों/घोषणाओं के प्रभावों की सावधानीपूर्वक जांच कर रहा है। विकसित भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, विभाग भारतीय उद्योग और निर्यातकों सहित सभी हितधारकों के साथ मिलकर अतिरिक्त शुल्क के बारे में उनके आकलन पर प्रतिक्रिया ले रहा है।

# दिल्ली में पटाखा बैन पर ढील देने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा: वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से खतरनाक बना हुआ है, सभी एयर प्यूरीफायर नहीं लगा सकते**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखे बनाने, स्टोर करने और बेचने पर लगे प्रतिबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया।

जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से खतरनाक बना हुआ है। आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता है और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। पीठ ने कहा कि हर कोई अपने घर या ऑफिस में एयर प्यूरीफायर नहीं लगा सकता। जब तक कोर्ट इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से बहुत कम प्रदूषण होता है, तब तक पिछले आदेशों पर पुनर्विचार करने का सवाल ही नहीं उठता। सुनवाई के दौरान निजी रूप से पेश इंजीनियर मुकेश जैन ने कहा कि पटाखे पर पाबंदी का फैसला ठीक नहीं है। पटाखे पर्यावरण साफ करते हैं। उन्होंने दलील दी कि पटाखे पर बैन अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र का हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने 12 दिसम्बर, 2024 को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर साल भर के लिए पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। कोर्ट 1985 में दायर एमसी मेहता की याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण रोकने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है।



# संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे सुप्रीम कोर्ट के जज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ संपत्ति की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड होगी

**नई दिल्ली।** न्यायपालिका में पारदर्शिता और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है।

जजों ने यह भी कहा कि संपत्तियों से जुड़ी डिटेल सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। हालांकि वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक होगी। सुप्रीम कोर्ट में जजों की निर्धारित संख्या 34 है। फिलहाल यहां 33 जज हैं, एक पद खाली है। इनमें से 30 जजों ने अपनी संपत्ति का घोषणा-पत्र कोर्ट में दे दिया है। हालांकि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। यह फैसला दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कैश मिलने के विवाद के बाद लिया गया है। जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लगी थी। फायर सर्विस टीम को वहां अधजले नोट मिले थे। याद रहे कि 1997 में, तत्कालीन सीजेआई जेएस वर्मा ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें जजों से अपेक्षा की गई कि वे अपनी संपत्ति की घोषणा चीफ जस्टिस को करें। हालांकि यह घोषणा सार्वजनिक नहीं की जानी थी।

# चुनौतियों के समाधान की योजना बनाए सेना: राजनाथ

■ कहा: वर्तमान दुनिया एक-दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया है

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों से बदलते भू-रणनीतिक बदलावों और अनिश्चितताओं से भरे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक और अल्पकालिक चुनौतियों के समाधान की योजना बनाने को कहा है।

श्री सिंह ने सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भू-रणनीतिक अनिश्चितताओं और जटिल विश्व स्थिति वैश्विक स्तर पर सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दुनिया एक दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया है और ऐसी घटनाएं चाहे हमारे पड़ोस में हो या दूर के देशों में, सभी को प्रभावित करेंगी।

# अनिल अंबानी पर 25000 का जुर्माना

मुंबई, वार्ता

■ हाईकोर्ट ने अंबानी के वकील को कड़ी फटकार लगाई

**बॉम्बे हाईकोर्ट** ने उद्योगपति अनिल अंबानी पर अप्रैल 2022 में आयकर विभाग की ओर से जारी नोटिस को चुनौती देने वाली अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करने पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

एक वकील ने यहां यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति महेश एस. सोनक और न्यायमूर्ति जितेंद्र एस. जैन की पीठ ने हाल ही में अंबानी के वकील गुंजन कक्कड़ को सुनवाई के दौरान कड़ी फटकार लगाई और कहा कि श्री अंबानी के वकील ने मामले को तत्काल सुनवाई के लिए अब लिखित अनुरोध किया है, जबकि नोटिस 12 अप्रैल, 2022 को जारी किया गया था। पीठ ने कहा कि मामले को तत्काल प्रसारित करने या सुनवाई की सुविधा 'ऐसी कृत्रिम तात्कालिकता पैदा करके लागू नहीं की जा सकती। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि इसके अलावा, अदालत में कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी गई है, जिसे लेकर याचिकाकर्ता ने न्यायालय में उस समय याचिका दायर की है, जब 31 मार्च, 2025 तक मूल्यांकन की समय सीमा समाप्त होने की संभावना है।

# 25,753 शिक्षकों की बर्खास्तगी का आदेश बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ममता को बड़ा झटका**



■ सुप्रीम कोर्ट बोला: सिलेक्शन प्रोसेस गलत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। पश्चिम बंगाल में एसएससी ने 2016 में 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षकों की नियुक्ति की थी।

हाईकोर्ट ने इन नियुक्तियों को अवैध करार देते हुए कर्मचारियों को बर्खास्त किया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की जांच को सही माना और कहा कि पूरी प्रक्रिया में धोखाधड़ी की गई। इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिकाएं दायर की गई थीं। इसके साथ ही सीबीआई जांच के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 4 अप्रैल को सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पश्चिम बंगाल भाजपा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की है।

## व्यक्तिगत तौर पर फैसला स्वीकार नहीं: ममता बनर्जी



सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ देर बाद ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बयान आया। ममता ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं करती हैं, लेकिन उनकी सरकार इसे लागू करेगी और चयन प्रक्रिया को फिर से दोहराएगी। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या विपक्षी भाजपा और सीपीएम चाहते हैं कि बंगाल की शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो जाए। उन्होंने कहा कि इस देश के नागरिक के रूप में, मेरे पास हर अधिकार है और मैं जजों के प्रति सम्मान के साथ इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। मैं मानवीय दृष्टिकोण से अपनी राय व्यक्त कर रही हूं। गलत सूचना न दें या भ्रम पैदा न करें। सरकार फैसले को स्वीकार करती है। स्कूल सेवा आयोग से भर्ती प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए कहा है।


खूनी व बादी बवासीर, गठिया बाय, हर प्रकार का दर्द, कहीं भी हो, कैसा भी हो, एलर्जी, पुराना नज़ला, छींके, बिस्तर पर पेशाब, ल्यूकोरिया, सेहत बनाई या वजन घटाएँ, सांस, दमा, झाइयाँ, मुंहासे व गंजापन का पक्का इलाज, शराब व हर प्रकार का नशा छुड़ाऐ



निःसंतान दंपत्ति एक बार अवश्य मिलें

डा. शाइस्ता अंसारी

Mob. 9897147171

Follow us on :
facebook, You tube, insta, whatsup

सरवट फाटक, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

# सरकार की नजर वक्फ की संपत्ति पर: हुसैन

नई दिल्ली, वार्ता

राज्यसभा में गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन ने केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर देश में ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार यह विधेयक सिर्फ वक्फ की संपत्ति को हड़पने के लिए लेकर आई है, जबकि भाजपा के राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि इसका उद्देश्य वक्फ द्वारा किसी की संपत्ति पर दावा करने से रोकना और वक्फ की संपत्तियों का गरीब मुस्लिमों के उत्थान के लिए उपयोग करना है।

हुसैन ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2025 पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि 1995 में और वर्ष 2013 में जब इससे जुड़े विधेयक लाए गए थे, तब भाजपा ने समर्थन किया था। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा ने इसका क्यों समर्थन किया था और इसको सर्वसम्मति से पारित



■ बीजेपी देश में कर रही ध्रुवीकरण की राजनीति

क्यों किया गया था। वर्ष 2009 में भाजपा ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में इससे जुड़ी एक समिति की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उसको लागू करने की बात कही थी। वर्ष 2013 में कांग्रेस सरकार ने उस समित और सच्चर समिति की रिपोर्ट को मिलाकर संशोधन किया था और उसका भाजपा ने समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 तक केन्द्र में रही मोदी सरकार को यह समक्ष नहीं आया कि वक्फ कानून तुष्टीकरण वाला कानून है। वर्ष 2024 में जब भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 सीटें नहीं जीत पाई और उसको 240 सीटें मिली तो इस संशोधन को लेकर आ गई ताकि ध्रुवीकरण किया जा सके और धर्म की राजनीति की जा सके। उन्होंने इस विधेयक को मुस्लिम समुदाय को बदनाम करने वाला बताते हुए कहा कि वक्फ कानून को लेकर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुयक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट को सदन में रखा जाना चाहिए कितने लोग विरोध में थे और कितने लोग पक्ष में थे यह पता चल सके। समिति की सिफारिशों में विरोधी सदस्यों की बातें नहीं है। समिति की बैठक में अनुच्छेदों पर चर्चा नहीं की गई। समिति ने सर्वसम्मति से सिफारिश नहीं की बल्कि समर्थकों सदस्यों ने इसको जोर डालकर मंजूर कर दिया। यह सिर्फ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसदों की सिफारिश थी। उन्होंने कहा कि यह संशोधन संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि देश के सभी धर्मों के लिए एक समान कानून होनी चाहिए। सभी धर्मों के लिए कानून बनाया जाना चाहिए, लेकिन उससे पर्सनल लॉ बोर्ड को अलग रखा जाना चाहिए। एक समुदाय को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि दान के विचार हर धर्म में है।

# टैरिफ का दूसरे देशों के मुकाबले भारत पर असर कम: नायर

नई दिल्ली, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ लगाए जाने को लेकर भारतीय उद्योग जगत ने गुरुवार को अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इस शुल्क का दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत पर कम असर पड़ेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग संगठन एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने गुरुवार को कहा कि ट्रम्प द्वारा कल रात घोषित किए गए नए टैरिफ वैश्विक व्यापार और विनिर्माण मूल्य श्रंखलाओं में एक बड़े रीअलाइनमेंट का कारण बन सकते हैं। हालांकि भारत पर इन टैरिफ का प्रभाव अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अपेक्षाकृत कम होने की संभावना है। नायर ने कहा कि भारत को 10 प्रतिशत बेसलाइन ड्यूटी के अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क के साथ मध्य स्तर पर रखा गया है। इसके वास्तविक प्रभाव का मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। फिर भी कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि अमेरिकी बाजार में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पर तुलनात्मक आधार पर कम असर पड़ेगा। हमारे उद्योग को निर्यात दक्षता और मूल्यवर्धन को बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए, ताकि इन टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सके। एसोचैम अध्यक्ष ने यह भी बताया कि अधिकांश अमेरिकी व्यापार साझेदार देश पारस्परिक शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने की योजना बना रहे हैं, जिससे कोई भी देश विशेष लाभ की स्थिति में नहीं होगा। इसका परिणाम उपभोक्ताओं पर अधिक कीमतों के रूप में पड़ सकता है, जिससे महंगाई का दबाव बढ़ेगा। नायर ने कहा कि हम वैश्विक प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन भारत के लिए आगे का रास्ता एक त्वरित वरीयता व्यापार समझौता (प्रेफरेंशियल ट्रेड डील) हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का सम्मान करते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए यह समझौता संभव हो सकता है। भारत के उद्योग जगत को इस मामले में सरकार के साथ मिलकर काम करना होगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ के प्रभाव का विश्लेषण करने से यह स्पष्ट होता है कि भारत की स्थिति अन्य प्रमुख प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर है। उन्होंने बताया कि भारत पर 26 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, चीन पर 34 प्रतिशत और इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है।



## शुल्कों की संभावनाएं भी हो जाएंगी कम

भारत वियतनाम, चीन, इंडोनेशिया, बंगलादेश, श्रीलंका और म्यांमार जैसे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपेक्षाकृत अनुकूल स्थिति में है। रल्हन ने यह भी कहा कि परिधान, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, प्लास्टिक और फर्नीचर जैसे कुछ क्षेत्रों में निर्यात का डायवर्जन हो सकता है, जो संभावित रूप से इन टैरिफ के कुछ प्रतिकूल प्रभावों की भरपाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) का समय पर निष्कर्ष अत्यंत आवश्यक है। फियो अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा समझौता न केवल शुल्कों को कम कर सकता है, बल्कि भारतीय निर्यातकों को राहत प्रदान करने के लिए एक संरचित ढांचा भी तैयार कर सकता है। इससे एकतरफा व्यापार उपायों और प्रतिशोधात्मक शुल्कों की संभावनाएं भी कम हो जाएंगी। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह इस मामले में अमेरिका के साथ वार्ता को प्राथमिकता दे।

## संक्षिप्त समाचार

### वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनें आवास व शिक्षण संस्थान: दिनेश

**प्रयागराज।** श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा फलाहारी ने वक्फ संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित होने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी को अपने खून से पत्र लिखकर वक्फ की भूमि पर गरीबों के लिए कम लागत वाले आवास, शिक्षण संस्थान और अस्पताल बनवाने की मांग की है। पंडित फलाहारी ने गुरूवार को कहा कि जो भी व्यक्ति वक्फ बोर्ड का समर्थन करता है वह देश विरोधी है, उन पर देशद्रोह की कार्यवाही होनी चाहिए और ऐसे लोगों को पाकिस्तान भेज देना चाहिए। ए लोग पाकिस्तान में मजार और मस्जिद बनाकर आबाद हो और भाईचारा कायम कर सकें, ऐसे लोगों का हिंदुस्तान में कोई काम नहीं है। उन्होंने कहा कि 1940 में मुस्लिम लीग ने लाहौर प्रस्ताव में मुसलमानों के लिए एक अलग देश की मांग की थी। मुस्लिम लीग के नेता मोहम्मद अली जिन्ना ने इस मांग को आगे बढ़ाया और पाकिस्तान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### यूपी में दलितों की सुरक्षा की जाए: सपा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून- व्यवस्था की स्थिति बदहाल है और वहां दलितों की सुरक्षा के समुचित उपाय किए जाने चाहिए। यादव ने शून्य काल में यह मामला उठाते हुए कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ में हाल ही में एक दलित युवक सनी कुमार की हिरासत के दौरान मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने दावा किया कि सनी कुमार ने पैजामा के नाड़े से फांसी लगा ली थी। उन्होंने पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि हिरासत में मौतों के मामले में यह प्रदेश सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि राज्य सभा सदस्य रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित आवास पर हमला किया गया है, उनकी सुरक्षा बढ़ाई जाए। उन्होंने मांग की कि उत्तर प्रदेश के दलितों की सुरक्षा के पुख्ता उपाय किए जाने चाहिए। सपा की ही डिंपल यादव ने सदन में पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के लाभार्थियों को उपचार में आ रही दिक्कतों का मामला उठाया और उन्हें दूर करने की मांग की।

## सीएम योगी ने पिछली सपा सरकार पर बोला हमला

# वो पैदा करती थी माफिया, हमने विदा किया

प्रयागराज, वार्ता

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकार प्रदेश में माफिया पैदा करती थी, लेकिन हमने उत्तर प्रदेश से उसे विदा कर दिया।

निषादराज गुह्य की जयंती पर गुरुवार को मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर निषादराज के नगर श्रृंगवेरपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गुरुवार को 580 करोड़ रुपए की 181 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश में विकास की गति को देने के लिए धन की कोई कमी नहीं है। श्रृंगवेरपुर का अभी और विकास किया जाएगा। डबल इंजन की सरकार के दरवाजे विकास के लिए हमेशा खुले रहेंगे। धन की तंगी इसके रास्ते में आड़े नहीं आने पाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारें प्रदेश में माफिया पैदा करती थी, लेकिन हमने उत्तर प्रदेश से उसे विदा कर दिया। माफिया राज समाप्त हो गया। पिछली सरकारें उत्तर प्रदेश को माफिया के हवाले कर रही थी। हर जिले में एक माफिया पैदा कर रही



■ मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में 580 करोड़ की 181 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, विकास की गति में धन की कमी नहीं आएगी आड़े

थी। अपराधियों का शासन चलता था, लेकिन अब माफिया प्रदेश छोड़कर चले गए। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार प्रयागराज की गरिमा को छिपाने का प्रयास करती थी।

देश और दुनिया से करोड़ों लोग यहां आकर श्रद्धा से शीश नवाते थे, लेकिन प्रयागराज की भूमि पर यहां के माफिया कब्जा करते जा रहे थे। यहां के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करते थे। जो आवाज उठाता था, उसे मार दिया जाता था, अपहरण कर लिया जाता था, गायब कर दिया जाता था, लेकिन अब यह प्रदेश में नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के लिए वोट बैंक जरूरी था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयागराज अब सामान्य रूप से इलाहाबाद नहीं रहा। अब ए प्रयागराज हो गया। प्रयाग का मतलब मिलन स्थल। प्रयागराज का मतलब महामिलन स्थल। गंगा, यमुना और सरस्वती तो मिलती हैं, लेकिन यहां प्रभु राम और निषादराज का मिलन हुआ, जो लोग प्रयागराज की पहचान छिपाते थे वो नहीं चाहते थे कि प्रयागराज को नई पहचान मिले। वे नहीं चाहते थे कि भगवान राम और निषदराज के मिलन स्थल को एक पहचान मिले।

योगी ने कहा कि अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञा ज्ञापित करने के लिए मैं आज यहां निषादराज की जयंती के मौके पर आया हूं। पहले हमें यहां देखने के लिए कुछ भी नहीं था। डबल इंजन की सरकार आने के बाद भगवान राम और निषादराज के मिलन का भव्य पार्क आपको पहचान दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज को वैश्विक मान्यता मिली है। प्रयागराज को दुनिया जान गई है। पहले प्रयागराज का परिचय देना हो, तो बताना पड़ता था कि वाराणसी के बगल में है। अब प्रयागराज ने विकास के कई मार्ग खोल दिए हैं। प्रयागराज महाकुंभ की सफलता और उसका पुण्य आप सभी को प्राप्त हो रहा है। डबल इंजन की सरकार अपने पूर्वजों की विरासत को भव्य रूप से स्थापित करने का काम कर रही है। महाकुंभ के बहाने आज प्रयागराज समार्ट सिटी से आगे बढ़ गया है। महाकुंभ, के बहाने निषादराज और प्रभु राम का स्मारक, लेअे हनुमान जी कॉरीडोर, अक्षय वट कॉरीडोर, मां सरस्वती कूप कॉरीडोर, पातालपुरी कॉरीडोर, महषि भरद्वाज कॉरीडोर, दशाश्वमेघ कॉरीडोर बनने इसको नई पहचान मिली है। योगी ने कहा कि जिनके मन में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव नहीं, वो महाकुंभ का इतना बघ आयोजन नहीं कर सकते। 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु महाकुंभ में आए, जो आए अभिभूत होकर गए। दुनिया में कहीं भी जाकर अपना परिचय देंगे कि श्रृंगवेरपुर से आए हैं तो सिर-आंखों पर बैठाकर स्वागत होगा। अगर सम्मान और पहचान मिल गई तो इससे बढ़कर कुछ नहीं होता। पिछली सरकार इसी पहचान को समाप्त कर रही थी।

## यह वक्फ बोर्ड है या भूमाफिया

शहर में जगह-जगह वक्फ के नाम पर कब्जे किए गए हैं। जब हम महाकुंभ का आयोजन करने जा रहे थे तो वक्फ बोर्ड कैसा प्रयागराज में कुंभ की भूमि को वक्फ की मनमाना बयान दे रहा था। वक्फ बोर्ड के नाम उन्होंने प्रयागराज के साथ अन्य शहरों में भी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि ये बोर्ड क्या माफिया बोर्ड हो गया है। माफिया अब प्रदेश मे नहीं चल सकते। माफियाओं को तो हम पहले ही प्रदेश से विदा करा चुके हैं। अब उत्तर प्रदेश में माफियागीरी नहीं चलेगी। मुख्यमंत्री ने वक्फ बोर्ड के मनमानी पर लगाम लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के प्रति आभारी जताया और कहा लोकसभा में एक महत्वपूर्ण अधिनियम पारित करके कल्याणकारी कार्य किया। आज इसे राज्यसभा में भी परित कर दिया जाएगा। योगी ने कहा कि आज सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को धनराशि के चेक सौंपे गए हैं। 1400 मत्स्य पालकों के खाते में करोड़ों रुपए सरकार ने भेजे हैं।

# आरोप साबित करें या अनुराग माफी मांगें: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अनुराग ठाकुर द्वारा कल लोकसभा में वक्फ भूमि कब्जे को लेकर लगाए गए आरोप पर गुरूवार को सदन में भारी रोष व्यक्त करते हुए कहा कि ठाकुर इसके लिए माफी मांगे नहीं तो अपने आरोप को सही साबित करें।

खड़गे ने गुरुवार की सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर ठाकुर की टिप्पणी पर अपना रोष जताते हुए कहा कि लोकसभा में कांग्रेस सदस्यों द्वारा विरोध किए जाने पर इस टिप्पणी को वापस ले लिया गया था, लेकिन इससे उनकी छवि को जो नुकसान होना था हो गया। इसको लोकसभा की कार्यवाही से हटाया गया है लेकिन सोशल मीडिया और अन्य मीडिया में यह चल रहा है। उन्होंने राजनीति में अपने लंबे करियर का हवाला दिया और निराशा व्यक्त की। उन्होंने माफी की मांग की और कहा कि अगर ठाकुर अपने आरोपों को साबित नहीं कर सकते, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और अगर वे आरोप साबित कर देते हैं, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा कि यह साबित किया जाना चाहिए कि वह या उनके परिवार के सदस्यों ने किसी वक्फ जमीन पर कब्जा किया है।



■ मैं झुकने वाला नहीं इस्तीफा भी दे सकता हूं

उन्होंने कहा कि वह डरते नहीं हैं और विधानसभा में पहले की उन घटनाओं का जिक्र करते हैं, जहां मुख्यमंत्री ने उनसे माफी मांगी है। उन्होंने यह भी कहा कि सदन के नेता ठाकुर की ओर से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोपों से वह झुकने वाले नहीं है। वह झुकेंगे नहीं बल्कि टूट जाएगे। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेज रिजिजू कुछ कहने लगे तभी तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्राईन बोलने लगे जिस पर रिजिजू बैठ गए। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि टिप्पणियों को हटाना कोई उपाय नहीं हो सकता। उन्होंने हाल ही में समाजवादी पार्टी के सदस्य रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा को लेकर की गई टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि संसदीय संस्था के सम्मान में कुछ हटाया जाता है, तो किसी भी सदस्य को इसे मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।

## अर्थ व्यापार

# ट्रम्प के टैरिफ लगाने से बाजार हलकान

मुंबई, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की चिंता में विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, फोकस्ड आईटी, ऑटो और तेल एवं गैस समेत नौ समूहों में हुई भारी बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार हलकान रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 322.08 अंक का गोता लगाकर 76,295.36 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.25 अंक की गिरावट लेकर 23250.10 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.31 प्रतिशत बढ़कर 41,796.08 अंक और स्मॉलकैप 0.76 प्रतिशत की तेजी लेकर 47,494.11 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4123 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2813 में तेजी जबकि 1169 में गिरावट रही, वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2963 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2057 में लिवाली जबकि 829 में गिरावट रही वहीं 77 के भाव स्थिर रहे। बीएसई के नौ समूह में गिरावट का रुझान रहा। इससे फोकस्ड आईटी 4.13, आईटी 3.78, टेक 2.85, सीडी 0.24, ऊर्जा 0.38, ऑटो 1.14, धातु 0.99 और तेल एवं गैस 0.59 और रियल्टी समूह के शेयर 0.22 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं हेल्थकेयर 1.82, यूटिलिटीज 2.44 और पावर समूह के शेयर में 1.83 प्रतिशत तेजी रही। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिकवाली का दबाव रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 1.36, जर्मनी का डैक्स 1.94, जापान का निक्केई 2.77, हांगकांग का हैंगसेंग 1.52 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.24 प्रतिशत गिर गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 806 अंक का गोता लगाकर 75,811.86 अंक पर खुला।



■ आईटी, टेक, फोकस्ड आईटी, ऑटो और तेल एवं गैस समेत नौ समूहों में हुई भारी बिकवाली

## ईपीएफओ में दावा निपटान को चेक प्रति की आवश्यकता नहीं

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने दावा निपटान प्रक्रिया को सरल बनाते हुए चेक लीफ या बैंक पासबुक की तस्वीर अपलोड करने की जरूरत को समाप्त कर दिया है। इसके अलावा यूएएन के साथ बैंक खाता विवरण जोड़ने के लिए नियोक्ता की मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि ईपीएफ सदस्यों के लिए जीवनयापन की सुगमता और नियोक्ताओं के लिए व्यवसाय को आसान बनाने की दिशा में ईपीएफओ ने अपनी दावा निपटान प्रक्रिया में दो प्रमुख सुधार किए हैं। इन उपायों से दावा निपटान की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सुधार आएगा और दावा खारिज होने से संबंधित शिकायतों में भी कमी आएगी।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अधिकांश दालें महंगी

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजार में भारी गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अधिकांश दालें महंगी हो गईं, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 32 रिंगिट गिरकर 4810 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.12 सेंट की गिरावट के साथ 47.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चना, दाल चना और अरहर दाल में 100-100 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400- 4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिले सरकारी कर्मचारी जैसी सुविधा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में आंगनबाड़ी कर्मियों का मुद्दा उठाते हुए सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि उन्हें सरकारी कर्मचारियों की तरह सुविधाएं देकर उनका मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए। भाजपा के जगदम्बिका पाल ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाया और कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सरकारी कर्मचारी के रूप में माना जाना चाहिए और देश के लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी सुविधाएं दी जानी चाहिए। उनका मानदेय बढ़ाकर देशभर में उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें सरकारी कर्मचारी माना जाए और गुराजत हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार उन्हें सुविधाएं दी जाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ट्रम्प टैरिफ:....**

ऑस्ट्रेलिया पर 10 प्रतिशत, पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत, तुर्की पर 10 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44 प्रतिशत और कोलंबिया पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। व्हाइट हाउस के अनुसार, ये शुल्क सभी उत्पादों पर लगाए गए 10 प्रतिशत आधार आयात शुल्क के अतिरिक्त होंगे। श्री ट्रम्प ने कहा कि यह कदम उन देशों के खिलाफ लिया गया है, जिन्होंने अमेरिका की नीतियों का अनुचित लाभ उठाया। श्री ट्रम्प ने घोषणा की दो अप्रैल हमेशा के लिए 'लिबरेशन डे' के रूप में जाना जाएगा, जब अमेरिका ने अपने उद्योग को फिर से हासिल किया। हम उन देशों पर वही शुल्क लगाएंगे जो वे हम पर लगाते हैं - रेसिप्रोकल का मतलब है कि जैसा वे करते हैं, वैसा ही हम भी करेंगे। यह इतना ही सीधा है। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हम इस कदम से अपने रोजगार वापस हासिल करेंगे, अपने उद्योग को फिर से बनाएंगे, अपने छोटे और मध्यम स्तर के व्यवसायों को सशक्त बनाएंगे और हम अमेरिका को फिर से समृद्ध बनाएंगे। अब अमेरिका में नौकरियां तेजी से आएंगी। व्हाइट हाउस ने संवाददाताओं को बताया कि यह निर्णय एक 'राष्ट्रीय आपातकाल' के कारण लिया गया है, जो लगातार व्यापार घाटे के चलते सुरक्षा चिंताओं से उत्पन्न हुआ है। सभी उत्पादों पर 10 प्रतिशत का 'आधार' शुल्क पांच अप्रैल को स्थानीय समयानुसार सुबह 12:01 बजे (भारतीय समयानुसार 9:30 बजे) से लागू होगा जबकि देश-विशिष्ट उच्च शुल्क नौ अप्रैल को उसी समय से लागू होंगे।

# राज्यसभा की पवित्रता की रक्षा का संकल्प लें: धनखड़

नई दिल्ली, वार्ता

उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्य सभा दिवस के अवसर पर गुरुवार को सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इस प्रतिष्ठित सभा की पवित्रता की रक्षा करने और महान राष्ट्र भारत की लोकतांत्रिक नींव को मजबूत करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहने की अपील की।

धनखड़ ने गुरुवार सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राज्यसभा दिवस पर सदस्यों को शुभकामनाएं दी और कहा कि राज्यों की परिषद, हमारी सम्मानित राज्य सभा, हमारे संसदीय लोकतंत्र के प्रतिष्ठित ऊपरी सदन- बुजुर्गों के सदन के रूप में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा कि भारत की संघीय वास्तुकला की सर्वोत्कृष्ट इमारत के रूप में, यह आदरणीय संस्था व्यापक प्रतिनिधित्व, शासन में संतुलन और चिंतनशील बुद्धिमत्ता को सुनिश्चित करती है। राज्य सभा एक प्रतिष्ठित मंच के रूप में बनी हुई है, जहां प्रांतीय दृष्टिकोण और विशिष्ट विशेषज्ञता हमारे राष्ट्र को समृद्ध करने के लिए एकत्रित होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 250वें सत्र के दौरान कहा था, यद्यपि राज्य सभा को दूसरा सदन कहा जा सकता है, फिर भी इसका महत्व सर्वोपरि है। संसद हमारे ध्रुव की तरह खड़ी है 'हमारा अटल ध्रुव तारा' जो राष्ट्र की सबसे कठिन चुनौतियों के दौरान आगे का मार्ग प्रशस्त करता है तथा अशांत समय में मार्गदर्शन की किरण के रूप में कार्य करता है। धनखड़ ने कहा कि यह स्मरणीय अवसर हमें इस शानदार संस्था की विशेषताओं को संरक्षित करने के लिए खुद को नए सिरे से समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है, जो लोकसभा के विपरीत अपनी चिरस्थाई निरंतरता को बनाए रखती है। इस संस्था की गंभीरता तथा इसके प्रतिष्ठित सदस्यों की विद्वता सर्वोपरि महत्व रखती है। मैं माननीय सदस्यों से उत्कृष्टता, अटूट समर्पण, दृढ़ प्रतिबद्धता, गहन विद्वता तथा बौद्धिक चिंतन और ज्ञान को प्रेरित करने वाले भाषण के माध्यम से उत्कृष्ट आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करने का आग्रह करता हूं। यह अनुकरणीय मानक नागरिकों के लिए तत्काल प्रकट होना चाहिए, क्योंकि राज्य सभा को हमारे गणतंत्र में विधाई निकायों के लिए आदर्श आदर्श के रूप में कार्य करना चाहिए।



■ राज्य सभा एक प्रतिष्ठित मंच के रूप में बनी हुई है

## भगत सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए: राजा वारिंग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने गुरुवार को लोक सभा में शहीदे आजम भगत सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग की। राजा वारिंग ने शून्य काल में कहा कि बहुत से लोगों को सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया है, लेकिन शहीदे आजम भगत सिंह को अब तक न तो शहीद का दर्जा दिया गया है और न ही उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। समाजवादी पार्टी की इकरा हसन ने सदन में उनके कैराना संसदीय क्षेत्र में यमुना के घाटों को विकसित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के इन घाटों पर आने से कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं और लोगों की जान तक चली जाती है। इसलिए इन घाटों को सुरक्षित बनाने के उपाय किए जाने चाहिए। इनके विकसित करने से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेंगी, जिससे रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। भारतीय जनता पार्टी के अनुराग ठाकुर ने राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से पैसे मिलने का मामला उठाया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# माछरा डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर की अधिकारियों से शिकायत

## आरोपः छात्रों व अभिभावकों से करते हैं अभद्र व्यवहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सीसीएसयू के छात्र नेता व भीम आर्मी छात्र सभा के पश्चिम प्रभारी शान मुहम्मद ने आरोप लगाते हुए कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य दिवोत्तम त्यागी को डाक द्वारा शिकायत पत्र भेजा गया जिसमें कहा गया कहा हैं कि माछरा डिग्री कॉलेज में बीएड विभाग प्रोफेसर देवेंद्र सिंह सिद्धू बीएड विभाग के शिक्षक हैं जो आए दिन छात्रों व उनके परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार व तू तड़ाक शब्दो का प्रयोग करते रहते है, जबकि शिक्षकों को ऐसा अभद्र व्यवहार नहीं करना चाहिए।

वर्ष 2024-25 में छात्रों के उपस्थिति पंजिका के रजिस्टर से भी पता लगाया जा सकता हैं कि आज तक प्रोफेसर देवेंद्र सिंह सिद्धू ने कितनी कक्षा में उपस्थित रहे हैं। छात्रों का कहना था कि वह कक्षाओं में उपस्थित होते ही नहीं इसके अलावा छात्रों पर अनुशासन हीनता का आरोप लगाते है। छात्रों के अनुशासनहीनता की सीसीटीवी कैमरों की वीडियो दिखाई जाए क्योंकि एक छात्र पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए माछरा चौकी पुलिस के हवाले कर दिया गया था। छात्र नेता शान मुहम्मद ने जब कॉलेज प्राचार्य को छात्र द्वारा शिकायत पत्र भेजा तब कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य दिवोत्तम त्यागी ने पत्र को रिसिव करने से मना कर दिया। जिसके बाद राज्यपाल व उच्च शिक्षा अधिकारी सीसीएसयू कुल. पति के नाम पत्र डाक द्वारा भेजा गया है। वहीं कॉलेज पार्किंग का संचालन का भी छात्रों ने विरोध किया है। उनका कहना था कि कॉलेज में पार्किंग नियम अनुसार नही चल रही हैं क्योंकि जो पार्किंग की पर्ची दी जाती हैं वो कॉलेज के नाम से नही दी जाती हैं। उन्होंने मांग की है कि कॉलेज के नाम से रसीद बनवाकर दी जाए ताकि पार्किंग से होने वाले गबन को रोका जा सके। उन्होंने इस प्रकरण की जांच की मांग की है।

### प्रोफेसर के व्यवहार से परिजनों में रोष

माछरा कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के परिजनों में प्रोफेसर के इस रवैये से गहरा रोष है। उनका कहना है कि एक प्रोफेसर को अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। लेकिन देवेंद्र सिंह सिद्धू जो कि बीएड के प्रोफेसर है उन्होंने छात्रों के बदसलूकी तो की है साथ ही उनके माता-पिता को भी नहीं छोड़ा उन्होंने इसकी शिकायत सक्षम अधिकारी से करने की बात कही है।

# सैनिक विहार में पीड़ित का मकान तोड़ मलबा भी साथ ले गए आरोपी!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** सैनिक विहार में एक मकान को तोड़कर उसका मलबा भी कुछ लोग अपने साथ ले गए। पीड़ित अपने परिवार के साथ गाजियाबाद में रहता है। बृहस्पतिवार को पीड़ित ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

गाजियाबाद के नंदग्राम निवासी मुकेश कुमार ने एसएसपी डॉ. विपिन टाडा को शिकायत पत्र देते हुए बताया कि उसकी एक किडनी खराब है। जिसका गाजियाबाद में उपचार चल रहा है। वह तीन साल पूर्व सैनिक विहार स्थित मकान में रहता था। लेकिन फिलहाल अपने परिवार के साथ गाजियाबाद में रह रहा है। गाजियाबाद शिफ्ट करने के दौरान उसके मकान के कागज गिर गए थे। सैनिक विहार का मकान उसे मेडा से आवंटित था। दो दिन पूर्व एक परिचित ने पीड़ित को फोन कर जानकारी दी कि कुछ युवकों द्वारा उसके मकान को तोड़ दिया गया है, और उसका मलबा भी अपने साथ ले गए हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचा। मौके पर मकान न देखकर पीड़ित के होश उड़ गए। एसएसपी ने थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए। पुलिस का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## कमिश्नरी चौराहे पर लगे जाम से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को कमिश्नरी चौराहे पर जाम की स्थिति रही। इस बीच जाम को देखकर लोगों ने पहले से ही गाड़ी मोड़कर दूसरे रास्ते को जाने में ही भलाई समझी। बतादें कि गुरुवार को ट्रेफिक पुलिस के टीएसआई व पुलिसकर्मियों ने कमिश्नरी चौराहे पर कार खड़ी करने वालों के लिए अभियान चलाया था। एक सिपाही इसी को लेकर कमिश्नरी चौराहे पर लगा था। वहीं पार्क के चारों और बेरिकेडिंग भी लगाई गई है जिससे गाड़ी पार्क न हो सके।

# कमिश्नरी चौराहे को जाम मुक्त करने की ट्रैफिक पुलिस ने चलाई मुहिम





गुरुवार की दोपहर को कमिश्नरी चौराहे पर लगा जाम।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस ने कमिश्नरी चौराहे पर लगने वाले जाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए मुहिम चलाई है। कमिश्नरी पार्क के चारों ओर प्लास्टिक के पाइप लगा दिए गए हैं जिससे यहां ठेले आदि खड़े न हो। इसके अलावा इस चौराहे पर खड़ी होने वाली कार को भी चालान कर कार्रवाई करने का एलान कराया गया। वहीं शौचालय की बराबर में कचहरी परिसर का साइकिल स्टैंड है उसके संचालक को भी कच्ची सड़क में दो पहिया वाहन को खड़ा करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि अगर सड़कों पर वाहन खड़ा किया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कमिश्नरी पार्क के चारों ओर व कमिश्नरी कार्यालय के गेट के बाहर ठेला लगाने वाले लोगों को भी जमकर हड़काया गया। मेरठ कॉलेज के गेट पर खड़े ठेले वालों को ट्रैफिक पुलिस ने किनारे ठेला लगाकर सामान बेचने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि यदि इन ठेलों के कारण अगर जाम लगा तो उन सभी ठेला संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मूक बधिर विद्यालय को दी 32 सीटों की स्कूल बस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को रोटरी क्लब मेरठ सम्राट द्वारा अपने सामुदायिक सेवा प्रकल्प के अंतर्गत मूक बधिर विद्यालय रेस कोस रोड मेरठ कैंट में संस्था ने वहां पढ़ने वाले बच्चों के लिए रोटरी इंटरनेशनल ग्लोबल ग्रांट के माध्यम से एक 32 सीटों वाली स्कूल बस, सात कंप्यूटर वाली कंप्यूटर लैब सहित लगभग 600 पुस्तकों की लाइब्रेरी देने और अध्यापिका ट्रेनिंग का कार्य संपन्न कराया गया। क्लब के सदस्यों ने इस सेवा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान संजय गैलेक्सी ने कहा कि संस्था हमेशा से ही ऐसे कार्य करती चली आई है। और आगे भी करती रहेगी। वहीं विद्यालय के स्टाफ ने भी क्लब के सदस्यों का धन्यवाद किया है। इस दौरान नेपाल से बासूदेव गालियान, मुरादाबाद से दीपा खन्ना, संजय गैलेक्सी, वरूण बंसल, गौरव बंसल, अमित रस्तोगी आदि सदस्यों का सहयोग रहा।

# शोभित विश्वविद्यालय मेरठ को भारत में पेटेंट आवेदन करने वाले संस्थानों में छठा स्थान प्राप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय ने नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे देश में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन पेटेंट, डिजाइन्स, ट्रेडमार्क्स एवं भौगोलिक संकेतक महानियंत्रक कार्यालय द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट 2023/2024 के अनुसार, शोभित सम विश्वविद्यालय को पेटेंट आवेदन दाखिल करने के मामले में देशभर में छठा स्थान प्राप्त हुआ है। इस सूची में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, सीएस आईआर, और अन्य प्रमुख शोध संस्थान शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, शोभित विश्वविद्यालय ने वर्ष 2023/24 के दौरान 401 पेटेंट आवेदन दर्ज किए हैं।




यह उपलब्धि नवाचार आधारित शिक्षा और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति हमारी निष्ठा को दर्शाती है। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायी दृष्टि 'ज्ञान आधारित, नवाचार समर्थ भारत' के प्रति समर्पित हैं। विश्वविद्यालय के सभी शोधकर्ताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। कुंवर शेखर विजेन्द्र, कुलाधिपति, शोभित विवि शोभित सम विश्वविद्यालय में एक समर्पित अनुसंधान एवं नवाचार संस्कृति को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित इनोवेशन एवं इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी सेल, तकनीकी इनक्यूबेशन केंद्र, तथा उद्योग सहयोग केंद्र के माध्यम से छात्रों और शोधार्थियों को व्यावहारिक नवाचारों के लिए प्रेरित किया जाता है। शोभित सम विश्वविद्यालय का यह प्रयास स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों की भावना के अनुरूप है। विश्व. विद्यालय का ध्येय सिर्फ डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि शिक्षा के माध्यम से भारत को सशक्त बनाना है। कुलपति डॉ. विनोद त्यागी ने सभी शिक्षकों, रिसर्च स्कॉलर्स एवमं छात्र छात्राओं को इस विशेष उपलब्धि पर शुभकामनाएं और बधाई दी। विश्वविद्यालय अब पेटेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम, बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता अभियान, तथा टेक्नोलॉजी ट्रांसफर केंद्र की स्थापना की दिशा में सक्रिय पहल कर रहा है।

# डीएवी में पारंपरिक यज्ञ से शुरू हुआ सत्र 2025-26 का प्रारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डीएवी शास्त्री नगर मेरठ स्कूल के प्रांगण में नए सत्र का प्रारंभ वैदिक यज्ञ द्वारा किया गया। सत्र 2025- 26 में मां सरस्वती की अनु. कंपा प्राप्त करने के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों का सफलता प्रदायक तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

यजमान विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए यज्ञ की पवित्र अग्नि प्रज्जवलित की। वैदिक ऋचाओं से सारा वातावरण गुंजायमान व सुगंधित हो उठा। सत्र प्रारंभ हेतु विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया तथा विद्यालय में आए सभी नए छात्रों को विद्यालयी गतिविधियों से परिचित कराते हुए उनका स्वागत किया गया। सत्र 2025 -26 के आरंभ होने के शुभ अवसर पर डॉ. अल्पना शर्मा क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी स्कूल, यू पी जोन-ए ने अपने संदेश में विद्यार्थियों का कठिन परिश्रम करने, अनुशासन में रहने तथा लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करते हुए शुभ मंगल कामनाएं प्रेषित कीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने डीएवी स्पोर्ट्स अकैडमी तथा डीएवी म्यूजिक अकैडमी के प्रारंभ होने की सूचना प्रेषित करते हुए छात्रों को आगामी सत्र हेतु आशीर्वाद प्रदान किया तथा सर्वांगीण विकास की मंगल कामना की।

# दिव्यांगों ने एसपी ट्रैफिक कार्यालय के बाहर दिया धरना

## साथी का ई-रिक्शा सीज करने का किया जोरदार विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहर को जाम मुक्त करने के लिए पुलिस प्रशासन ई-रिक्शाओं पर कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में पुलिस की कार्रवाई के दौरान दिव्यांग जो ई-रिक्शा चलाते है उनके भी पुलिस ने ई-रिक्शा सीज कर दिए। इसकी जानकारी जब समिति के लोगों को हुई तो उन्होंने एसपी ट्रेफिक कार्यालय जाकर विरोध कर दिया। विरोध में अमित कुमार शर्मा के नेतृत्व में दिव्यांग समिति के लोगों ने एसपी ट्रैफिक कार्यालय पर धरना दिया।

उनका कहना था कि पुलिस प्रशासन ने बीते दिनों ई-रिक्शा को सिंबल बांटे थे ऐसे ही सिंबल दिव्यांगों को भी मिले जो बेखौफ होकर सड़कों पर मजदूरी कर सके। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को तीन महीने में 3000 आर्थिक सहायता सरकार से मिलती है 1हजार माह मिलने के कारण उनका परिवार भूखों मरने को मजबूर है। दिव्यांग ई रिक्शा चलाकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं लेकिन पुलिस की कार्रवाई उनको भी अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए रोक देती है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को ऐसे सिंबल दिए जाएं जिससे वह सड़कों पर सवारियों को इधर से उधर ले जाए और परिवार का पेट पाल सके। दिव्यांग अमित का कहना था कि उसके साथियों के ई-रिक्शा जो सीज किये गये है उन्हे बिना शर्त छोड़ा जाए।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल के शैक्षणिक सत्र 2025-26 का यज्ञ के साथ हुआ शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल के शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारम्भ यज्ञ के साथ हुआ। स्कूल के सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने यज्ञ में पूरे मनोयोग के साथ प्रतिभाग किया। यज्ञ वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह ने अपने संबोधन में यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम कर जीवन में निरन्तर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं स्कूल के चेयरमैन को यज्ञ सत्र में उपस्थित होने पर धन्यवाद दिया तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का विश्वास दिया बाद में सभी ने शान्ती पाठ किया और सभी के सुख शान्ती और समृद्धि की कामना की।

# दशमेश पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रामराज स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल का रिजल्ट शत् प्रतिशत रहने पर अध्यापकों तथा प्रधानाचार्य को अभिभावकों ने बधाईयां दी। वहीं रिजल्ट अच्छा पाकर बच्चों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे।

गुरुवार को रामराज स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल का रिजल्ट घोषित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य आमिर खान ने बताया कि स्कूल का रिजल्ट शत् प्रतिशत रहा है। स्कूल प्रबंधन की ओर से स्कूल में रिजल्ट लेने के लिए पहुंचे अभिभावकों तथा बच्चों के लिए पार्टी भी रखी गई। स्कूल प्रशासन की ओर से प्रत्येक कक्षा में टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य तथा अध्यापकों ने ट्रॉफी देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल की डायरेक्टर डॉ. सिम्मी सहोता ने सभी बच्चों को अगली कक्षा में प्रमोट होने पर बधाई दी। डॉ. सिम्मी सहोता ने कहा कि सभी बच्चों ने मेहनत कर अच्छे अंक प्राप्त किए है। स्कूल के प्रधानाचार्य आमिर खान ने कहा कि यह अध्यापकों तथा बच्चों की मेहनत का ही परिणाम है कि स्कूल का रिजल्ट शत् प्रतिशत रहा है। उन्होंने इसका श्रेय अध्यापकों तथा बच्चों को दिया। रिजल्ट पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। रिजल्ट लेने के बाद सभी बच्चों ने स्कूल में पार्टी का आनंद भी लिया। स्कूल के प्रबंधक जसवंत सिंह सहोता ने भी सभी बच्चों को कक्षा उत्तीर्ण करने पर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी के साथ स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मनजोत कौर, स्वाति अरोरा, कोमल राणा, हर्षिका अरोरा, ज्योति राणा, प्रवेश कुमार, धनवीर सिंह, सुशील कुमार, विजय कुमार, सिमरन कौर, अशोक कुमार, निखिल कुमार, मो. निका, हरप्रीत आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




# एडवोकेट शुभम कुमार अरोड़ा बने सैफपुर-फिरोजपुर के नवनियुक्त प्रधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सैफपुर-फिरोजपुर रामराज का रिक्त पद होने पर सहायक विकास अधिकारी हस्तिनापुर के पत्र पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने रामराज निवासी वार्ड नंबर 3 से शुभम अरोड़ा को प्रधान पद के दायित्वो का निर्वहन करने के लिए अग्रिम आदेशो तक नामित किया है। उनके प्रधान पद पर नियुक्त होने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिस पर उन्हें फोन पर बधाई दे रहे हैं। सैफपुर-फिरोजपुर रामराज निवासी शुभम कुमार अरोड़ा जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में अधिवक्ता है और सैफपुर-फिरोजपुर के वार्ड नंबर 3 के सदस्य भी नामित है। जिन्हें अच्छी शिक्षा होने के चलते सहायक विकास अधिकारी हस्तिनापुर के पत्र संख्या 1463 24 मार्च को जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव मेरठ पत्र भेज कर प्रधान पद पर नियुक्त करने की अपील की थी जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी रेणु श्रीवास्तव ने शुभम अरोड़ा को अग्रिम आदेशों तक प्रधान पद पर नामित किया।

# वक्फ बिलः पालिका चेयरमैन पति निजाम अंसारी समेत नगर के गणमान्यों पर रहा पुलिस का पहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वक्फ बिल को लेकर सदन में चर्चा के साथ-साथ नगर मैं भी गणमान्य लोगों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। उसी सिलसिले मैं जमीयत उलेमा हिंद के जिला सदर मौलाना अब्बास ने चेयरमैन निजाम अंसारी के आवश पर उनसे मुलाकात की और कहा कि वक्फ की संपत्तियां मुसलमानों द्वारा मुस्लिम समाज और इंसानियत के भले और गरीब तबके के उत्थान में इस्तेमाल के लिए दान की गई संपत्तियां है।

इन पर सरकार का कोई अधिकार नहीं है बल्कि मुस्लिम समाज की अपनी मिल्कियत है और उसको बेहतरीन ढंग से इस्तेमाल करने और गलत इस्तेमाल से बचाने के लिए केंद्रीय वक्फ काउंसिल, राज्य वक्फ बोर्ड और वक्फ ट्रिब्यूनल हैं। वक्फ काउंसिल, वक्फ बोर्ड और वक्फ ट्रिब्यूनल संसद द्वारा बनाए कानूनों के तहत ही गठित हैं और वक्फ एक्ट, 1995 के तहत ही भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन किया जाता है। जमीयत उक्त कानून मैं संशोधन के लिए जल्द ही कड़ा कदम उठाएगी। वहीं शाहवेज अंसारी चेयरपर्सन पुत्र ने कहा कि वक्फ की जमीनों को खत्म करने के लिए इस एनडीए सरकार के द्वारा जानबूझ कर पहले एक झूठा प्रोपोगंडा चलाया गया की वक्फ बोर्ड के पास रेलवे और रक्षा मंत्रालय के बाद सब से ज्यादा जमीन कागजों में करीबन 900000 एकड़ है और बाद में इसके बेहतर प्रबंधन के नाम पर वक्फ संशोधन बिल 2024 लाया गया है। वक्फ बोर्ड की ही तरह हर धर्म हिंदु, सिख, ईसाई का अपना अलग देवस्थान बोर्ड है जो मंदिरों और मठों ओर उनकी भूमि को नियंत्रित करते हैं। उदाहरण के तौर पर तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम टीटीडी भारत में एक स्वतंत्र सरकारी ट्रस्ट है जिसका प्रबंधन आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा किया जाता है। फर्क सिर्फ इतना है कि केंद्रीय वक्फ काउंसिल की तरह यह एक संपूर्ण भारत के लिए नहीं हो कर अलग अलग राज्यों में अलग अलग बोर्ड बने हुए हैं जिनका केंद्रीकरण नहीं किया गया है और न ही केंद्रीयकृत लेखा जोखा हे। साथ ही इस देश में मुसलमानों के लिए इससे ज्यादा बुरा कानून पहले पारित नहीं हुआ। संविधान को ताक पर रखकर ये विधेयक पारित किया गया है... देश में इस बिल को लेकर बहुत गंभीर सवाल खड़े होंगे। जहां पूरे नगर मैं पुलिस की पैनी नजर बनी रही ओर पुलिस का पहरा बना रहा।



# तकनीक के प्रयोग से युवा करें रोजगार हासिलः विधायक अमित अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को मेरठ कॉलेज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेरठ कैंट क्षेत्र के विधायक अमित अग्रवाल एवं विशिष्ठ अतिथि विवेक गर्ग अवैतनिक मंत्री, मेरठ कॉलेज मेरठ थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार रावत ने की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल शिक्षा एवं संचार के अवसर प्रदान करना था।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अमित अग्रवाल ने कहा कि यह स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम हमारे छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जो उन्हें डिजिटल दुनिया से जुड़ने तथा शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं को मोबाइल का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया और मोबाइल का उपयोग एवं दुरुपयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मोबाइल का उपयोग अग्नि के प्रयोग की तरह है यदि हमारा उद्देश्य अच्छा होगा तो हम इससे लाभ प्राप्त करेंगे अन्यथा अग्नि की तरह यदि हम इसका दुरुपयोग करेंगे तो यह हमें भस्म कर देगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेरठ कॉलेज के मंत्री विवेक गर्ग ने कहा कि भारतीय समाज सदैव सनातन रहा है और युवाओं पर यह जिम्मेदारी है कि वह इसके महान लक्ष्यों को प्राप्त करें और भारत को विश्व में गुरु का स्थान दिलाएं।

सभागार में धन्यवाद प्रस्ताव करते हुए मेरठ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार रावत ने बताया कि किस प्रकार से कोविड के बाद से भारत में तकनीक के प्रयोग से बहुत बड़े बदलाव आए हैं। जहां पहले इलाज करने के लिए भारतीयों को विदेश जाना होता था, आज वही उसके उल्टे यूरोप एवं अमेरिका जैसे विकसित देशों से लोग अपनी चिकित्सा एवं सर्जरी करने के लिए भारत बड़ी संख्या में आ रहे हैं और इसको मेडिकल टूरिज्म के नाम से जाना जाता है। कार्यक्रम का संचालन मेरठ कॉलेज की डीन प्रो. अनीता मलिक ने किया। महाविद्यालय के लगभग 361 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गए। महाविद्यालय की डीन प्रोफेसर अनीता मलिक ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह को सफल बनाने में प्रो. चंद्रशेखर भारद्वाज, प्रो. वी के गौतम, प्रो. विनीता, प्रो. अमृतलाल, प्रो. अवधेश कुमार, प्रो. अनुराग जायसवाल, प्रो. अर्चना, प्रो. दयानंद द्विवेदी, प्रो. पवन, डॉ. मीनाक्षी यादव एवं डॉ. कल्पना मित्तल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर पुलिस अलर्ट

# मुस्लिम क्षेत्रों में निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को वक्फ बोर्ड कानून पास होने के बाद तमाम मेरठ जिले में मुस्लिम इलाकों में पुलिस का फ्लैग मार्च देखने को मिला। वहीं इस कानून को पास करने के बाद मुस्लिम इलाकों में मुसलमानों के अंदर बेचैनी देखी गई। हालांकि कोई भी घटना नहीं घटित हुई लेकिन मुसलमान के अंदर कुछ गुस्सा बरकरार है और नाराजगी है। कुछ मुसलमान वक्फ बोर्ड कानून की जानकारी से अनजान हैं। इसी के चलते गुरुवार को जानी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे ने सिवाल खास, रसूलपुर धौलडी मुस्लिम इलाकों में पैदल मार्च निकाला और सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया क्योंकि वक्फ बोर्ड कानून पास होने के बाद क्षेत्र में मुसलमानों के अंदर बेचैनी है इसलिए कोई घटना ना हो पुलिस लगातार क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे से बात हुई तो उन्होंने कहा कि सरकार की गाइडलाइन का पालन किया जाएगा कोई भी कानून व्यवस्था बिगड़तने नहीं देंगे।

## अल्पसंख्यकों को बदनाम कर रही सरकार, संविधान विरोधी है वक्फ संशोधन विधेयक: डॉ. जुनैद अहमद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वक्फ संशोधन विधेयक पर कांग्रेस प्रदेश महासचिव युवा डॉ. जुनैद अहमद ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य संविधान को कमजोर करने वाला बताया है। उन्होंने कहा है कि सरकार का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों को बदनाम करना व भारतीय समाज को विभाजित करना है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अल्पसंख्यकों को मताधिकार से वंचित करने का प्रयास है। कांग्रेस प्रदेश महासचिव युवा ने कहा कि सरकार जानबूझकर लोगों में विधेयक के प्रति दुष्प्रचार कर रही है और लोगों को बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और गरीबी जैसे मुद्दों से भटका रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भाजपा और मोदी सरकार किल है जिसको छिपाने के लिए वक विधेयक का सहारा लेकर देश को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर होता सरकार मुस्लिमों को टारगेट करना छोड़के युवाओं को रोजगार और आम आदमी को कालाधन वापिस लाकर 15-15 लाख रुपए देती।



फ्लैग मार्च निकालती जानी पुलिस।

# कार के कुचलने से तीन पिल्लों की मौत, ग्रामीणों में रोष

## ग्रामीणों ने आरोपी चालक के खिलाफ तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में रामलीला ग्राउंड के पास बृहस्पतिवार को तीन नवजात पिल्ले सौ रहे थे। आरोप है कि तभी एक युवक लापरवाही से कार चलाते हुए आया और नवजात पिल्लों को कार से कुचल दिया जिसके बाद वहां मौजूद ग्रामीणों ने कार चालक से कहा कि तुमने इन पिल्लों को मार दिया अब कम से कम इन्हें रास्ते से तो हटा दो जिस पर कार चालक ने अभद्रता की और कहा कि ये काम मेरा नहीं है। कार सड़क पर ही चलती है और ये काम भी होते रहते हैं जिसके बाद ग्रामीणों ने रोष जताया और लावड़ चौकी पहुंचकर दीपक गुप्ता पुत्र धर्मवीर गुप्ता निवासी कस्बा लावड़ हाल पता मोदीपुरम के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की। वहीं चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला फांसी पर झूली

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर निवासी एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला सुल्ताननगर में अमित का परिवार रहता है। अमित अनूपशहर की एक फैक्ट्री में सीनियर बॉयलर ऑपरेटर के पद पर तैनात है। उसकी शादी अब से 8 साल पहले कविता के साथ हुई थी। जिसके बाद परिवार में सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। इस दौरान अमित भी छुट्टी लेकर

**नगर के मौहल्ला सुल्तान नगर में हुई घटना**

बृहस्पतिवार को घर पर आया हुआ था। बृहस्पतिवार को लगभग 3:00 बजे पारिवारिक विवाद के चलते कविता ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, बताया जा रहा है कि अमित अपने बच्चों को चप्पल दिलाने के लिए बाहर गया था। वापस लौट कर आया तो कविता का शव पंखे पर लटका हुआ था। यह देखकर उसकी चीख निकल गई। उसकी चीख सुनकर आसपास के लोग भी दौड़कर उसके घर पर पहुंच गए। सब लोग कविता द्वारा उठाए गए इस कदम से स्तब्ध हो गए। उन्होंने रोते बिलखते अमित को शांत कराया, वहीं सूचना मिलने पर चौपला पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये अमरोहा भिजवाया। कविता ने आत्महत्या क्यूं की, यह सवाल समाचार लिखे जाने तक कायम था। हालांकि सुनने में यह भी आया है कि बुधवार को कविता का पड़ोस में रहने वाले किसी व्यक्ति से विवाद भी हुआ था। हालांकि समाचार लिखे जाने तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई थी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेती जिलाधिकारी।

# तेंदुआ देख युवकों की उड़ी हवाईयां

## नौगांवा क्षेत्र में दहशत बरकरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगावां सादात क्षेत्र में तेंदुए की दहशत बरकरार है। चार दिन बाद फिर से गांव अलीपुर कलां के जंगल में तेंदुए को देखने का दावा किया गया है। सड़क पार कर रहे तेंदुए को देखकर बाइक सवार युवकों ने वहां से भागकर जान बचाई। जानकारी पर ग्रामीणों ने जंगल में तेंदुए को काफी तलाश किया लेकिन दोबारा नजर नहीं आया। जानकारी के मुताबिक नौगावां सादात के मोहल्ला नई बस्ती के रहने वाले कामिल और मुजम्मिल बुधवार शाम गांव अलीपुर कलां गए थे। काम निपटाकर वहां से लौटते वक्त दोनों ने जंगल के बीच से गुजर रहे रास्ते पर तेंदुए को सड़क पार करते हुए देखा। तेंदुए को देखकर दोनों की हवाईयां उड़ गईं। दोनों बाइक मोड़कर गांव पहुंचे और ग्रामीणों को जंगल में तेंदुए के होने की जानकारी दी। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर उसी स्थान पर पहुंचे जहां तेंदुए को देखने का दावा किया गया था लेकिन जब तक तेंदुआ जंगल में ओझल हो चुका था। गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व भी गांव में आबादी के बीच तेंदुए को घूमते देखा गया था, वीडियो वायरल होने के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना था। ग्रामीणों ने वन अफसरों से जंगल में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। डीएफओ एसपी सिंह ने मामला संज्ञान में होने से इंकार किया है। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्कता बरतने का सुझाव दिया है।

# संचारी रोगों की रोकथाम में करें सहयोग: ईओ

## ईओ ने वार्डो का निरीक्षण कर परखी सफाई व्यवस्था


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने वार्डो का निरीक्षण कर बेहतर सफाई के निर्देश दिये तथा कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किया जाये।

गुरूवार को ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने नगर के कई वार्डो का निरीक्षण कर सफाई का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि शहरी क्षेत्रों में फागिंग समय पर करायी जाये। स्वच्छता के उपाय हो, खुले में शौच न करें। शुद्ध पेयजल का प्रयोग करे तथा मच्छरों की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करे। खुली नालियों, नालों के कचरे की सफाई कराना, हैंडपम्प के पास अपशिष्ट हटाया जाना, सड़कों के किनारे उगी वनस्पतियों को हटाना आदि कार्य प्रमुखता से कराये जायें। संचारी अभियान को अधिक से अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुबह के समय विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था की जाये। उन्होंने निरीक्षण कर निर्देश देते कहा कि नगर में रात्रि में भी फागिंग करायी जानी चाहिए।



## वक्फ बिल को लेकर अलर्ट रहा प्रशासन



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल पेश होने के मद्देनजर बुधवार को पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। सुबह से ही शहर के प्रमुख स्थान चौक चौराहा मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया था। विभिन्न चौराहा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा- ष्हर जगह शांति है। पुलिस भी पूरी तरह सतर्क है। सोशल मीडिया पोस्टों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि निगरानी के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

# सैनी सभा ने किया जनसम्पर्क

**अमरोहा।** आल इंडिया सैनी सभा की टीम ने जनपद मुख्यालय का नाम ज्योतिबाफूले नगर रखने के लिए जनसम्पर्क किया। शहर के सैनी बाहुल्य मौहल्लों में जनसम्पर्क कर लोगों से जिले का नाम फिर से ज्योतिबाफूले नगर रखने, राष्ट्रमाता सावित्रि बाई फूले व महात्मा ज्योतिबाफूले को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने बताया क यह अभियान बम्बूबढ, सिरासा गढ़, शिवनगर, मोतीनगर, कल्याणपुरा, रफातपुरा व कैतवाली में किया गया। 21 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबाफूले का 198वां जन्मदिन उनकी प्रतिमा स्थल पर मनाया जायेगा। इस मौके पर डीके सैनी, राजकुमार सनी, हरवीर सैनी, कृपाल सिंह सैनी आदि रहे।

# मिनजुमला गाटों के विभाजन का चलेगा अभियान

**मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के गावो में मिनजुमला गाटो के विभाजन का अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान भूमि विवाद की दृष्टि से अहम होगा। मिनजुमला गाटो का विभाजन व रंगभरीकरण के लिए एसडीएम चंद्रकांता ने तहसीलदार मूसाराम थारू की मौजूदगी में नायाब तहसीलदार, कानूनगौ व लेखपालों की बैठक कर उन्हें तीन माह के भीतर मिनजुमला गाटो का सत्यापन,विभाजन कर रंगाभेदी के निर्देश दिए हैं। गांवों में अक्सर मिनजुमला यानी मिले-जुले खातेदारों वाले गाटे होते हैं। एक ही गाटे में कई सह खातेदार होते हैं लेकिन यह निश्चित नहीं होता है कि इसमें किसका हिस्सा किस तरफ है। इससे जमीन के बंटवारे को लेकर आए दिन विवाद होते हैं। दिक्कत यह भी आती है कि यदि कोई अपना हिस्सा बेचना चाहे तो यह तय नहीं हो पाता कि वह किस तरफ की जमीन बेचे। ऐसा ही असमंजस जमीन खरीदने वाले के सामने भी होता है। यदि उसने किसी व्यक्ति से कोई जमीन खरीदी तो बाद में उस गाटे का कोई अन्य सह खातेदार यह दावा कर सकता है कि वह भूमि तो उसके हिस्से की थी। सह खातेदारों के बीच जमीन के बंटवारे के लिए अभी एसडीएम के यहां मुकदमा दर्ज कराना पड़ता है। सरकार ने अब गांवों में जमीन विवादों को जड़ से ही खत्म करने की योजना बनाई है। गाटे के सह खातेदारों के बीच अपने-अपने हिस्से की जमीन के बंटवारे के लिए अब मुकदमेबाजी की नौबत नहीं आएगी। इसके लिए मिनजुमला गाटो का सत्यापन कर विभाजन व रंगाभेदी करण की कार्यवाही की जायेगी। मिनजुमला गाटों का निर्धारित तरीके से भौतिक विभाजन किया जाएगा और मानचित्र व खसरा सहित राजस्व अभिलेखों को उसके मुताबिक संशोधित किया जाएगा।जिसमें प्रत्येक खातेदार को दिए गए क्षेत्रफल को भिन्न-भिन्न रंगो में दर्शाया जायेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत दुल्हेड़ा चौहान विकास खण्ड दौराला, मेरठ**

पत्रांक: नि.सू./2025-26 दिनांक: 03.04.2025

**निविदा सूचना**

जिलाधिकारी महोदय मेरठ के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत दुल्हेड़ा चौहान में पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त एवं मनरेगा/SBM की धनराशि से वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले समस्त निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे 1. बालू रेत, मिट्टी भराव कार्य, ईंट, सीमेंट, कोरसेन्ड, रोड़ी, सरिया, डस्ट, कच्चा रोड़ा, पत्थर रोड़ा, इंटरलॉकिंग टाईल्स, फ्लोर व वॉल टाईल्स, 2. सोलर लाईट स्थापना व मरम्मत, स्ट्रीट लाईट स्थापना व मरम्मत, 3. लोहे की बेंच, ओपन जिम, लाईब्रेरी, स्कूल झूला, 4. टंकी फिटिंग, हैण्ड पम्प मरम्मत व रिबोर का सामान, 5. स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र व पंचायत कार्यालय में प्रयोग होने वाली सामग्री, 6. विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री, 7. वॉल पेटिंग, फ्लेक्स व अन्य कार्य, 8. स्टेशनरी, डस्टबिन, कम्प्यूटर उपकरण, कैमरा, प्रिन्टर आदि, 9. चैनल फब्रिकेशन, दरवाजे, खिड़कियां आदि, 10. कोरोना बचाव सम्बन्धी सामग्री, 11. तालाब/नाला सफाई कार्य हेतु जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली तथा सफाई उपकरण इत्यादि, 12. ई-रिक्शा क्रय, फोगिंग मशीन क्रय, वाटर कूलर, आर.ओ. व सार्वजनिक शौचालय आदि व अन्य सामग्री की समय पर आपूर्ति, 13. कूड़ा निस्तारण हेतु कम्प्रेशर/श्रैडर, कटिंग मशीन आदि, 14. सिटीजन इंफोरमेशन बोर्ड आदि, 15. मनरेगा व एसबीएम सम्बन्धी कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्यस्थल पर आपूर्ति करने के लिए पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक 11.04.2025 व समय दोपहर 12 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रिण निविदाएं दिनांक 11.04.2025 को दोपहर 3 बजे पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं की उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापारकर/आयकर में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित निशुल्क देकर दिनांक 09.04.2025 तक पंचायत कार्यालय से क्रय की जा सकती है। सम्बन्धित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत दुल्हेड़ा चौहान**
**वि.ख. दौराला, मेरठ।**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत दुल्हेड़ा चौहान**
**वि.ख. दौराला, मेरठ।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत इकलौता विकास खण्ड दौराला, मेरठ**

पत्रांक: नि.सू./2025-26 दिनांक: 03.04.2025

**निविदा सूचना**

जिलाधिकारी महोदय मेरठ के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत इकलौता में पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त एवं मनरेगा/SBM की धनराशि से वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले समस्त निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे 1. बालू रेत, मिट्टी भराव कार्य, ईंट, सीमेंट, कोरसेन्ड, रोड़ी, सरिया, डस्ट, कच्चा रोड़ा, पत्थर रोड़ा, इंटरलॉकिंग टाईल्स, फ्लोर व वॉल टाईल्स, 2. सोलर लाईट स्थापना व मरम्मत, स्ट्रीट लाईट स्थापना व मरम्मत, 3. लोहे की बेंच, ओपन जिम, लाईब्रेरी, स्कूल झूला, 4. टंकी फिटिंग, हैण्ड पम्प मरम्मत व रिबोर का सामान, 5. स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र व पंचायत कार्यालय में प्रयोग होने वाली सामग्री, 6. विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री, 7. वॉल पेटिंग, फ्लेक्स व अन्य कार्य, 8. स्टेशनरी, डस्टबिन, कम्प्यूटर उपकरण, कैमरा, प्रिन्टर आदि, 9. चैनल फब्रिकेशन, दरवाजे, खिड़कियां आदि, 10. कोरोना बचाव सम्बन्धी सामग्री, 11. तालाब/नाला सफाई कार्य हेतु जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली तथा सफाई उपकरण इत्यादि, 12. ई-रिक्शा क्रय, फोगिंग मशीन क्रय, वाटर कूलर, आर.ओ. व सार्वजनिक शौचालय आदि व अन्य सामग्री की समय पर आपूर्ति, 13. कूड़ा निस्तारण हेतु कम्प्रेशर/श्रैडर, कटिंग मशीन आदि, 14. सिटीजन इंफोरमेशन बोर्ड आदि, 15. मनरेगा व एसबीएम सम्बन्धी कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्यस्थल पर आपूर्ति करने के लिए पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक 11.04.2025 व समय दोपहर 12 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रिण निविदाएं दिनांक 11.04.2025 को दोपहर 3 बजे पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं की उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापारकर/आयकर में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित निशुल्क देकर दिनांक 09.04.2025 तक पंचायत कार्यालय से क्रय की जा सकती है। सम्बन्धित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत इकलौता**
**वि.ख. दौराला, मेरठ।**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत इकलौता**
**वि.ख. दौराला, मेरठ।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत धंजू विकास खण्ड दौराला, मेरठ**

पत्रांक: नि.सू./2025-26 दिनांक: 03.04.2025

**निविदा सूचना**

जिलाधिकारी महोदय मेरठ के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत धंजू में पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त एवं मनरेगा/SBM की धनराशि से वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले समस्त निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे 1. बालू रेत, मिट्टी भराव कार्य, ईंट, सीमेंट, कोरसेन्ड, रोड़ी, सरिया, डस्ट, कच्चा रोड़ा, पत्थर रोड़ा, इंटरलॉकिंग टाईल्स, फ्लोर व वॉल टाईल्स, 2. सोलर लाईट स्थापना व मरम्मत, स्ट्रीट लाईट स्थापना व मरम्मत, 3. लोहे की बेंच, ओपन जिम, लाईब्रेरी, स्कूल झूला, 4. टंकी फिटिंग, हैण्ड पम्प मरम्मत व रिबोर का सामान, 5. स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र व पंचायत कार्यालय में प्रयोग होने वाली सामग्री, 6. विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री, 7. वॉल पेटिंग, फ्लेक्स व अन्य कार्य, 8. स्टेशनरी, डस्टबिन, कम्प्यूटर उपकरण, कैमरा, प्रिन्टर आदि, 9. चैनल फब्रिकेशन, दरवाजे, खिड़कियां आदि, 10. कोरोना बचाव सम्बन्धी सामग्री, 11. तालाब/नाला सफाई कार्य हेतु जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली तथा सफाई उपकरण इत्यादि, 12. ई-रिक्शा क्रय, फोगिंग मशीन क्रय, वाटर कूलर, आर.ओ. व सार्वजनिक शौचालय आदि व अन्य सामग्री की समय पर आपूर्ति, 13. कूड़ा निस्तारण हेतु कम्प्रेशर/श्रैडर, कटिंग मशीन आदि, 14. सिटीजन इंफोरमेशन बोर्ड आदि, 15. मनरेगा व एसबीएम सम्बन्धी कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्यस्थल पर आपूर्ति करने के लिए पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक 11.04.2025 व समय दोपहर 12 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रिण निविदाएं दिनांक 11.04.2025 को दोपहर 3 बजे पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं की उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापारकर/आयकर में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित निशुल्क देकर दिनांक 09.04.2025 तक पंचायत कार्यालय से क्रय की जा सकती है। सम्बन्धित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत धंजू**
**वि.ख. दौराला, मेरठ।**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत धंजू**
**वि.ख. दौराला, मेरठ।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत फैजाबाद पचगांव विकास खण्ड जानी खुर्द, मेरठ**

पत्रांक: नि.सू./2025-26 दिनांक: 03.04.2025

**निविदा सूचना**

जिलाधिकारी महोदय मेरठ के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत फैजाबाद पचगांव में पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त एवं मनरेगा/SBM की धनराशि से वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले समस्त निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे 1. बालू रेत, मिट्टी भराव कार्य, ईंट, सीमेंट, कोरसेन्ड, रोड़ी, सरिया, डस्ट, कच्चा रोड़ा, पत्थर रोड़ा, इंटरलॉकिंग टाईल्स, फ्लोर व वॉल टाईल्स, 2. सोलर लाईट स्थापना व मरम्मत, स्ट्रीट लाईट स्थापना व मरम्मत, 3. लोहे की बेंच, ओपन जिम, लाईब्रेरी, स्कूल झूला, 4. टंकी फिटिंग, हैण्ड पम्प मरम्मत व रिबोर का सामान, 5. स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र व पंचायत कार्यालय में प्रयोग होने वाली सामग्री, 6. विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री, 7. वॉल पेटिंग, फ्लेक्स व अन्य कार्य, 8. स्टेशनरी, डस्टबिन, कम्प्यूटर उपकरण, कैमरा, प्रिन्टर आदि, 9. चैनल फब्रिकेशन, दरवाजे, खिड़कियां आदि, 10. कोरोना बचाव सम्बन्धी सामग्री, 11. तालाब/नाला सफाई कार्य हेतु जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली तथा सफाई उपकरण इत्यादि, 12. ई-रिक्शा क्रय, फोगिंग मशीन क्रय, वाटर कूलर, आर.ओ. व सार्वजनिक शौचालय आदि व अन्य सामग्री की समय पर आपूर्ति, 13. कूड़ा निस्तारण हेतु कम्प्रेशर/श्रैडर, कटिंग मशीन आदि, 14. सिटीजन इंफोरमेशन बोर्ड आदि, 15. मनरेगा व एसबीएम सम्बन्धी कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्यस्थल पर आपूर्ति करने के लिए पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक 11.04.2025 व समय दोपहर 12 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रिण निविदाएं दिनांक 11.04.2025 को दोपहर 3 बजे पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं की उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापारकर/आयकर में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित निशुल्क देकर दिनांक 09.04.2025 तक पंचायत कार्यालय से क्रय की जा सकती है। सम्बन्धित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत फैजाबाद पचगांव**
**वि.ख. जानी खुर्द, मेरठ।**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत फैजाबाद पचगांव**
**वि.ख. जानी खुर्द, मेरठ।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुजक्कीपुर विकास खण्ड जानी खुर्द, मेरठ**

पत्रांक: नि.सू./2025-26 दिनांक: 03.04.2025

**निविदा सूचना**

जिलाधिकारी महोदय मेरठ के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत मुजक्कीपुर में पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त एवं मनरेगा/SBM की धनराशि से वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले समस्त निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे 1. बालू रेत, मिट्टी भराव कार्य, ईंट, सीमेंट, कोरसेन्ड, रोड़ी, सरिया, डस्ट, कच्चा रोड़ा, पत्थर रोड़ा, इंटरलॉकिंग टाईल्स, फ्लोर व वॉल टाईल्स, 2. सोलर लाईट स्थापना व मरम्मत, स्ट्रीट लाईट स्थापना व मरम्मत, 3. लोहे की बेंच, ओपन जिम, लाईब्रेरी, स्कूल झूला, 4. टंकी फिटिंग, हैण्ड पम्प मरम्मत व रिबोर का सामान, 5. स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र व पंचायत कार्यालय में प्रयोग होने वाली सामग्री, 6. विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री, 7. वॉल पेटिंग, फ्लेक्स व अन्य कार्य, 8. स्टेशनरी, डस्टबिन, कम्प्यूटर उपकरण, कैमरा, प्रिन्टर आदि, 9. चैनल फब्रिकेशन, दरवाजे, खिड़कियां आदि, 10. कोरोना बचाव सम्बन्धी सामग्री, 11. तालाब/नाला सफाई कार्य हेतु जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली तथा सफाई उपकरण इत्यादि, 12. ई-रिक्शा क्रय, फोगिंग मशीन क्रय, वाटर कूलर, आर.ओ. व सार्वजनिक शौचालय आदि व अन्य सामग्री की समय पर आपूर्ति, 13. कूड़ा निस्तारण हेतु कम्प्रेशर/श्रैडर, कटिंग मशीन आदि, 14. सिटीजन इंफोरमेशन बोर्ड आदि, 15. मनरेगा व एसबीएम सम्बन्धी कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्यस्थल पर आपूर्ति करने के लिए पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक 11.04.2025 व समय दोपहर 12 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रिण निविदाएं दिनांक 11.04.2025 को दोपहर 3 बजे पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं की उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापारकर/आयकर में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित निशुल्क देकर दिनांक 09.04.2025 तक पंचायत कार्यालय से क्रय की जा सकती है। सम्बन्धित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत मुजक्कीपुर**
**वि.ख. जानी खुर्द, मेरठ।**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत मुजक्कीपुर**
**वि.ख. जानी खुर्द, मेरठ।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिसौला बुजर्ग विकास खण्ड जानी खुर्द, मेरठ**

पत्रांक: मीमो/2025-26 दिनांक: 03.04.2025

**निविदा सूचना**

जिलाधिकारी महोदय मेरठ के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत सिसौला बुजर्ग में पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त एवं मनरेगा/SBM की धनराशि से वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले समस्त निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे 1. बालू रेत, मिट्टी भराव कार्य, ईंट, सीमेंट, कोरसेन्ड, रोड़ी, सरिया, डस्ट, कच्चा रोड़ा, पत्थर रोड़ा, इंटरलॉकिंग टाईल्स, फ्लोर व वॉल टाईल्स, 2. सोलर लाईट स्थापना व मरम्मत, स्ट्रीट लाईट स्थापना व मरम्मत, 3. लोहे की बेंच, ओपन जिम, लाईब्रेरी, स्कूल झूला, 4. टंकी फिटिंग, हैण्ड पम्प मरम्मत व रिबोर का सामान, 5. स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र व पंचायत कार्यालय में प्रयोग होने वाली सामग्री, 6. विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री, 7. वॉल पेटिंग, फ्लेक्स व अन्य कार्य, 8. स्टेशनरी, डस्टबिन, कम्प्यूटर उपकरण, कैमरा, प्रिन्टर आदि, 9. चैनल फब्रिकेशन, दरवाजे, खिड़कियां आदि, 10. कोरोना बचाव सम्बन्धी सामग्री, 11. तालाब/नाला सफाई कार्य हेतु जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली तथा सफाई उपकरण इत्यादि, 12. ई-रिक्शा क्रय, फोगिंग मशीन क्रय, वाटर कूलर, आर.ओ. व सार्वजनिक शौचालय आदि व अन्य सामग्री की समय पर आपूर्ति, 13. कूड़ा निस्तारण हेतु कम्प्रेशर/श्रैडर, कटिंग मशीन आदि, 14. सिटीजन इंफोरमेशन बोर्ड आदि, 15. मनरेगा व एसबीएम सम्बन्धी कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्यस्थल पर आपूर्ति करने के लिए पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक 15.04.2025 व समय दोपहर 12 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रिण निविदाएं दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 3 बजे पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं की उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापारकर/आयकर में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित निशुल्क देकर दिनांक 15.04.2025 तक पंचायत कार्यालय से क्रय की जा सकती है। सम्बन्धित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत सिसौला बुजर्ग**
**वि.ख. जानी खुर्द, मेरठ।**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत सिसौला बुजर्ग**
**वि.ख. जानी खुर्द, मेरठ।**

# जिलाधिकारी ने किया बीएसए कार्यालय का औचक निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान कार्यालय की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, संबंधित अधिकारियों को दिए-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने रिकॉर्ड रखरखाव, शिक्षकों की उपस्थिति, शैक्षणिक योजनाओं की प्रगति और अन्य प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिका. रियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य सुचारू रूप से संचालित हों और शिक्षा संबंधी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कुछ आवश्यक सुधारों पर भी जोर दिया और अधिकारियों से पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि विद्यार्थियों के हित में सभी योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।






# फर्जी बीमा कराने व मारपीट के संबंध में डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सूरजपुर महनवा के युवक ने धोखाधड़ी से 50 लाख का फर्जी लोन कराने, उसकी आईडी पर अपना नंबर लिंक कराने, फर्जी बीमा कराने तथा मारपीट करने का आरोप लगाते से डीएम से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।

गुरुवार को करीब डेढ बजे मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर महनवा गांव निवासी खालिद के मुताबिक पिछले तीन साल से कस्बा टटीरी के एक लाल के पास नौकरी करता है। उसकी सैलरी 15 हजार रुपये प्रतिमाह है। सैलरी रुकने के कारण व्यक्ति ने कहा कि तुम्हें राम पार्क लोनी में मकान दिलवा दूंगा। उन्होंने एक युवक के माध्यम से मकान भी दिखवा दिया। उसके बाद पांच लाख रुपये नगद और सोने का जेवर जिसकी कीमत एक लाख 70 हजार रुपये का अपनी दुकान पर ही ले लिया। मकान की एवज में छह लाख 70 हजार रुपये ले लिये। जब वह अपनी पत्नी को मकान का बैनामा कराने के लेकर गया तो 70 पन्नों पर साइन कराए। उसके बाद एक युवक आता है बोलता है कि आपको बहुत बधाई आपका 50 लाख रुपये का लोन हुआ है। शक हुआ तो मकान के कागजात मांगे तो पता चला कि मेरी आईडी से लाल के दो बेटों ने फ्रॉड कर लिया है। विरोध करने पर 3 लाख रुपये उसके बैंक खाते में डाल दिए। उसके बाद तीन लाख रुपये वापस मांगने लगे। उसके बाद उसने अपना खाता सीज कर दिया। खाता सीज कराकर कहा कि तुमने मेरे साथ फ्रॉड किया है, मैं काम नही करूंगा। इतना ही नहीं आरोपितों ने मेरठ में फर्जी बीमा भी करा रखा है। बताया कि वह बीमार चल रहा है। इसका विरोध करने पर उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए धमकी दी गई। उन्होंने बताया कि लाल और उसके दो बेटों ने धोखाधड़ी से 50 लाख का फर्जी लोन कराने, आईडी पर अपना नंबर लिंक कराने, फर्जी बीमा कराने और उसके साथ मारपीट करने का आरा. ेप लगाते हुए डीएम से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।



# विद्यालय में डंडा लेकर घुसा व्यक्ति ने शिक्षकों के साथ की अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दोघट थाना क्षेत्र के मांगरौली गांव में एक तहसीम नाम का व्यक्ति हाथ में डंडा लेकर प्राथमिक विद्यालय में घुस गया। इस दौरान स्कूल में मौजूद बच्चों और शिक्षकों में दहशत फैल गई।

जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आरोपी स्कूल में घुसकर शिक्षकों से अभद्रता कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब तहसीम ने इस तरह की हरकत की है। वह पहले भी कई बार ऐसी घटनाओं को अंजाम दे चुका है। शिक्षकों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी धमकी देकर मौके से फरार हो गया। दोघट थाना प्रभारी बच्चू सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।



# खाली पडे मकान पर दबंगों ने किया कब्जा, डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना छपरौली क्षेत्र के गांव टांडा में गांव के दबंग लोगों ने खाली पडे एक दलित के मकान पर कब्जा कर लिया। जब पीड़ित ने आरोपियों को मकान खाली करने को कहा तो आरोपियो ने मकान खाली करने से मनाकर दिया और पीड़ितों को गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी और जातिसूचक शब्दों से संबोधित किया। पीड़ित ने इस संबंध में डीएम कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते आरोपियों से उनके मकान को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

रामपाल पुत्र श्रीचंद निवासी टांडा के अनुसार वह तीन भाई हैं। उसने बताया कि गांव में उनका पुस्तनी मकान है। उनके पूर्वज मकान बंद करके करीब 40साल पूर्व हरियाणा चले गए थें उसने बताया कि उनके परिजन समय-समय पर अपनी संमपत्ति को देखने के लिए गांव में आते रहते थे लेकिन इसके बाद वह करीब 30 साल से गांव में नहीं आए। अब जब वह गांव में आए तो पता चला कि गांव के एक दबंग परिवार ने उनके मकान पर कब्जा किया हुआ है। आरोप है कि आरोपियों ने फर्जी तरीके से बिना कोई अनुमति लिए 1982 में फर्जी तरीके से उनके मकान का बैनामा भी करा लिया। आरोप है कि जब पीड़ितों ने अपना मकान खाली करने को कहा तो आरोपियों ने मकान खाली करने से मना कर दिया और गाली गलौच करते हुए पीड़ितों को जातिसूचक शब्दों से संबोधित किया। पीड़ित ने इस संबंध में डीएम कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कराते हुए उनके मकान को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई है।



## एक नजर

### लोकदल के युवा रालोद अध्यक्ष का फूलमालाओं से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के किशनपुर बिराल में युवा राष्ट्र लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी का फूलों की मालाओं के साथ स्वागत किया गया।




इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी साहब सिंह रमाला ने की। संच. ालन चौहान खाप चौधरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य विवेक चौहान ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य रूप से चौधरी जयदेव सिंह के नेतृत्व में किशनपुर बिराल आगमन पर भारी उत्साह से स्वागत किया गया। इस मौके पर युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी ने ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब लोगों को मिलकर पार्टी को मजबूत बनाना है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह की नीतियों को आगे बढ़ने का काम करना है। हम सब लोगों को उनके बताएं मार्ग पर चलना है पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह के आदर्शों को अपनाना है। राष्ट्रीय लोकदल किसानों मजदूरों व्यापारियों की सच्ची हितेषी पार्टी है। सभी को एक साथ लेकर चलने का काम राष्ट्रीय लोक दल कर रहा है। कार्यक्रम में डायरेक्टर राजपाल सिंह सुप डायरेक्टर राजकुमार चौधरी आशिक चौधरी डायरेक्टर विक्रम सिंह वरिष्ठरा आलो नेता मनोज तोमर सुनील राणा गुल्लू प्रधान बहादुर प्रधान रूपेश प्रधान राजपाल प्रधान मुकेश प्रधान मेहताब चौधरी किरतपाल धर्मपाल शास्त्री विक्रम सिंह अतर सिंह राजपाल चौधरी आदि लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### सड़कों व बाजारों में अतिक्रमण के कारण लगा जाम, राहगीर परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में नवरात्र के त्योहार पर शहर में वाहनो की संख्या कुछ ज्यादा ही बढ़ती ही जा रही है। उसी को लेकर भयंकर जाम लगने से पुलिस के तमाम इंतजाम फेल होते नजर आ रहे है। बड़ौत शहर में कुछ ज्यादा ही जाम लगने लगा है। दिल्ली बस स्टैंड से लेकर बिनोली रोड तक का एरिया तीन पुलिस चौकी के अंडर में आता है। नंबर एक दिल्ली बस स्टैंड पुलिस चौकी नंबर दो रेलवे रोड पुलिस चैकी नंबर तीन बाजार पुलिस चौकी तीन पुलिस चौकी होने के बावजूद भी भयंकर जाम लगा रहता है। आखिर पुलिस शहर को जाम से मुक्त क्यो नही करा रही है। बड़ौत में ज्यादा जाम लगने से सड़के भी हाफ रही है। लोग परेशान हो रहे है जाम लगने के मुख्य मार्ग बडौली रोड दिल्ली बस स्टैंड बिनोली रोड फूस वाली मस्जिद गांधी रोड जाम के मुख्य मार्ग बनते जा रहे है बात कि जाय ई-रिक्शाओ कि तो इनकी भी संख्या कुछ ज्यादा ही बढ़ रही है ये भी एक जाम का बड़ा कारण बना हुआ है। दिल्ली बस स्टैंड से लेकर बिनोली बस अड्डे तक नवरात्रों पर त्योहार होने से लोगों की घरेलू सामान की खरीदारी चल रही है लेकिन बाजार में भारी जाम के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाम लगने का मुख्य कारण दुकान के सामने दुकानदार भी ठेले लगवा कर अतिक्रमण करवा रहे है। लोगों का कहना है कि दुकानदार अपनी दुकान के सामने रेहड़ी पटरी ठेला लगवा रहे हैं यही जाम का मुख्य कारण है।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर सरकार की उपलब्धियां गिनाएंगे कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** चमरावल रोड़ पर स्थित भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रम ,स्थापना दिवस एवं भारत रत्न भीमराव आंबेडकर के जयंती कार्यक्रम की विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी चन्द्रमोहन ने 6 अप्रैल को पार्टी के 45वें स्थापना दिवस पर कार्यालय को फूलों व रोशनी से सजाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कहा कि कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर ध्वजारोहण और सेल्फी पोस्ट करेंगे। झंडे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया BJP Viksit Bharat हैशटैग के साथ पोस्ट करेंगे। पार्टी कार्यालय में 45 वर्षों की विकास यात्रा की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके अलावा सात अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीनदयाल उपाध्याय व भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

8 और 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होगा। सात से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान में चौपाल लगाए जाएंगे। बूथ, मंदिरों, अस्पतालों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कहा कि भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई करना और शाम के समय दीपोत्सव मनाना है। उन्होंने कहा 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करना है। आंगनबाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूल परिसरों की सफाई एवं सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाए। जिलाध्यक्ष वेदपाल ने सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि मंडल स्तर तक कार्यकर्ता टोली बनाकर सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में जुट जाएं। उन्होंने कहा डबल इंजन की भाजपा सरकार के विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत करें।

# ईएमटी द्वारा बेहतर कार्य करने पर किए गए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में 108 एवं 102 कर्मचारियों के द्वारा बुधवार को ईएमटी दिवस धूमधाम के साथ मनाया। इस दौरान उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.यशवीर सिंह ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए ईएमटी को सम्मानित किया। ईएमटी दिवस के मौके पर एम्बुलेंसों में तैनात ईएमटियों ने एक दूसरे को मीठाई खिलाकर बधाई दी।

इस दौरान एम्बुलेंस सेवा के जिला प्रभारी पवन चौधरी ने बताया कि ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से 2 अप्रैल को राष्ट्रीय ईएमटी दिवस घोषित किया गया है। उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में आज के दिन ईएमटी दिवस मनाया जा रहा है। ईएमटी एम्बुलेंस सेवा में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि 108 एवं 102 एम्बुलेंस में प्री-हॉस्पिटल केयर ईएमटी के द्वारा दी जाती है। वह स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रिम पंक्ति में काम करते हैं और आपदा एवं आपात स्थितियों में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। इस मौके पर उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.यशवीर सिंह ने सभी अच्छा कार्य करने वाले ईएमटी को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ईएमटी आपातक. ालीन परिस्थितियों में लोगों को सेवाएं देकर उनकी जिंदगी बचाने का महान कार्य करते हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के साथ ही समय से अस्पताल पहुंचाते हैं। इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं में उनका कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। मुसीबत के समय नि:स्वास्थ भाव से सेवाएं देकर वे समाज में बेहतरीन उदाहरण पेश कर रहे हैं। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप कुमार तथा प्रोग्राम मैनेजर राजेश रंजन आदि मौजूद रहे।



# नवरात्रें भारतीय हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण त्यौहार: शौकेंद्र खोखर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में एक बैठक के उपरांत विश्व हिंदू महासंघ शिक्षक एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि नवरात्रि भारतीय हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण और उत्सव पूर्ण मुख्य त्यौहार है हमें इसे मां देवियों की आराधना करके मस्तक झुका कर उपवास रखकर इस त्यौहार को परंपरा के अनुसार मानना चाहिए जो पूरे देश में 9 दिन तक मनाया जाता है नवरात्रि में 9 दिन माता दुर्गा की पूजा और माता के नौ रूपों की आराधना की जाती है। नवरात्रि पर देश व प्रदेश के कोने-कोने में देवियों का जागरण व कीर्तन होता है। उन्होंने कहा कि माता दुर्गा को महाशक्ति व देवी के रूप में माना जाता है। माता दुर्गा ने 9 दिन तक महिषासुर के साथ युद्ध किया और 10 दिन में उसका वध किया। इन्हीं मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। आज नगर में एक कार्यक्रम के बाद नवरात्रों के पावन पर्व पर विश्व हिंदू महासंघ शिक्षक एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव शौकेंद्र खोखर बदरखा ने नगर में प्रेस वार्ता में चर्चा कर रहे थे।



# यमुना नदी के किनारे रातों को पहरा देकर अपनी फसल बचा रहे किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के यमुना नदी के किनारे बसे दर्जन भर गांव के किसानों के बीच यूपी हरियाणा सीमा विवाद का मामला गहराता जा रहा है। हरियाणा के दबंग किसान यूपी के किसानों की गेहुं की फसल को रातों-रात काटकर ले जा रहे हैं जिसमें छपरौली क्षेत्र के किसान यमुना नदी के किनारे अपनी जमीन पर रात में पहरा देकर अपनी फसल को बचाने का काम कर रहे हैं।

इस दौरान गेहूं की फसलों पर किसानों ने हाथों में लाठी डंडे लेकर पहरा देना शुरू कर दिया है। यह मामला काफी लंबे समय से यूपी हरियाणा के किसानों के बीच चल रहा है। मुकदमे बाजी भी चल रही है। सीमा विवाद का मामला भी दोनों पक्षों में चला हुआ है। यमुना खादर की जमीन पर कब्जे को लेकर लगातार दोनों प्रदेशों के किसानों का बीच विवाद होता आ रहा है। क्षेत्र के किसान बताते हैं कि यह मामला 56 साल से दोनों प्रदेशों के किसानों के बीच लगातार चलता आ रहा है लेकिन अभी तक समस्या जस की तस बनी हुई है। हरियाणा के सोनीपत बेगा चंदौली पबनेरा ग्यासपुर निमारपुर जैनपुर टिकोला नादनोर असदपुर गढमिकरपुर मनोली दहिसरा भैरा बांकीपुर आदि गांव से विवाद चल रहा है। इस कड़ी में अब छपरौली क्षेत्र के कुरड़ी नांगल गांव का भी नाम जुड़ गया है। नंगल कुर्डी के किसान अपनी फसलों को बसाने के लिए दिन-रात अपने खेतों पर पहरा देने को मजबूर है क्षेत्र के किसान बताते हैं कि हरियाणा के किसान रात में दबंग तरीके से ट्रैक्टर ट्राली लेकर आते हैं और रात के समय में गेहूं की फसल उजाड़ कर चले जाते हैं। अगर यही हालत चलते रहे तो छपरौली क्षेत्र के किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे। तहसील क्षेत्र के लुहारी कोताना खेड़ी प्रधान खेड़ा इस्लामपुर छपरौली टांडा काकोर बदरखा जागौश शबगा माढी के किसानों की यमुना नदी के किनारे गेहूं की फसल इस समय पककर तैयार हो गई है लेकिन हरियाणा के किसान रात में किसानों की खड़ी फसल को दबंग तरीके से काट कर ले जाते हैं जिससे यूपी के किसानों को रात में अब पहरा देना पड़ रहा है। किसानों ने यूपी के प्रशासन से गुहार लगाते हुए अपनी फसल को काटने के लिए पुलिस प्रशासन से भी मदद मांगी है।



# विवाद के चलते दबंगों ने किसान की 40 बीघा फसल की नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना चांदीनगर क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर मेवला में विवाद के चलते कुछ दबंग लोगों एक किसान किसान की करीब 40 बीघा फसल खुर्दबुर्द कर दी। गुरूवार को पीड़ित किसान ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज कराकर कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।

यशवीर निवासी अब्दुल्लापुर मेवाला के अनुसार उनकी पूर्वज मेवा का एक जमीन संबंधी एकवाद कोर्ट में विचाराधीन है। उसने बताया कि अपर मंडलायुक्त ने हाईकोर्ट के आद. ेश को पुन: सुनवाई के लिए प्रेसित किया था। उसका आरोप है कि गत बुधवार को आरोपी हथियार लेकर विवादित जमीन पर पहुंचे और उनकी करीब 40 बीघा ईख, गेहूं व सरसों की फसल खुर्दबुर्द कर दी। पीड़ित किसान ने गुरूवार को अन्य ग्रामीणों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे और इस संबंध में एसपी कार्यालय में इस संबंध में एक प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई कराने की गुिर लगाई है।



# निर्माण कार्य की गुणवत्ता व समयसीमा का रखें ध्यान:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने गुरुवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में अलंकार योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे मल्टीपरपज हॉल का निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा इसका कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 47.63 लाख रुपए की धनराशि से किया जा रहा है। जिला. धिकारी ने कार्यदाई संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि छात्राओं को जल्द से जल्द इस सुविधा का लाभ मिल सके।



# जनपद में चैकिंग अभियान से ई-रिक्शा चालकों में मची अफरातफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में बिना रजिस्ट्रेशन के चलाई जा रही ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ अभियान के दौरान ई-रिक्शाओं को सीज किया गया।

नगर में चलाई जा रही बिना रजिस्ट्रेशन के ई-रिक्शाओं को लगातार जप्त किया जा रहा है। तीसरे दिन नगर के कोताना रोड मैडिसीटी दिल्ली सहारनपुर रोड बावली रोड चुंगी रेलवे स्टेशन अन्य स्थानों पर एआरटीओ व यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही ई-रिक्शाओं के खिलाफ अभियान चलाया गया जिसमें शहर के अंदर ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया। रिक्शा चालकों में भगदड़ मचने से बस अड्डे पर अफरातफरी मच गई। सैकड़ो की तादाद में एआरटीओ ने रिक्शाओं को जप्त किया। नगर के दिल्ली बस स्टैंड से लेकर मुख्य बाजार में ई-रिक्शा चालकों की वजह से हर वक्त जाम लगा रहता था। इन रिक्शा चालकों की वजह से शहर में आने जाने वाले मुसाफिर भी बहुत ही परेशान थे। इनकी संख्या इतनी बढ़ गई है कि इससे हर वक्त जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर में कई बार तो प्रशासन द्वारा इनका रूट भी तय किया गया मगर कायदे कानून से कोई भी ई-रिक्शा चालक रक्षा नहीं चला रहा था। रिक्शा चालक अपनी मनमर्जी से मुसाफिरों से किराया वसूल रहे थे। किराए को लेकर रोजाना शहर में झगड़ा रहता था। बृहस्पतिवार को शहरी क्षेत्र में एआरटीओ राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में ट्रैफिक पुलिस का भी सहयोग रहा। सैकड़ो की तादाद में ई-रिक्शा जप्त की गई। इस मौके पर एआरटीओ राघवेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि यह अभियान लगातार अप्रैल माह तक लगातार जारी रहेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश अनुसार यह अभियान चलाया जा रहा है। जिन ई-रिक्शा चालकों के पास रिक्शा के रजिस्ट्रेशन नहीं है उनके रजिस्ट्रेशन कराए जाएंगे। अब ई रिक्शा पर नंबर प्लेट भी लगाने का कार्य किया जाएगा।



**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस जिसका नं. UP1720240001574 में मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम HIPTAR दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे पिता का सही नाम SIPATTAR है मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम SIPATTAR दर्ज किया जाए।

सुमित कुमार पुत्र सिपट्टर निवासी ग्राम चौबली तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

# डीएम ने चिकित्सालय परिसर व वन स्टॉप सेंटर में देखी व्यवस्थाएं

**वन स्टॉप सेंटर को सकुशल संचालन को दिए आवश्यक निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गुरुवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने 300 बेड मंडलीय चिकित्सालय एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका को देखा और जानकारी ली कि कितने कर्मचारी कार्यरत हैं, जिसपर अवगत कराया गया कि 21 कर्मचारी कार्यरत हैं। कर्मचारी अमरेन हुसैन के लेट आने पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेंटर के भोजनालय कक्ष व मीनू को भी देखा गया तथा खाने की गुणवत्ता को परखा गया जहां पर सभी व्यवस्थाएं उचित पायी गयी। निरीक्षण के समय उपस्थित कर्मचारियों से विद्युत व्यवस्था की भी जानकारी ली गयी, जिसपर अवगत कराया गया कि विद्युत निरन्तर आती है। उक्त के उपरांत वन स्टॉप सेंटर में रह रही लड़कियों से भी वार्ता की गयी तथा उनकी समस्याओं को सुना गया और सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं का अतिशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जो भी लड़कियां 18 वर्ष से कम आयु की हैं और उनके माता-पिता उनकी शादी कराना चाहते हैं तो परिजनों को बुलाकर समझाया जाए तथा महिला सुरक्षा व अधिकारों से संबधित नियम व कानून का बैनर लगवाया जाये, जिससे लोग जागरूक हो सकें। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए कि जो भी लड़कियां यहां आयें, उनका निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाये।

निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चार दर्जन ई-रिक्शा सीज, 90 का काटा चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद बुधवार को परिवहन विभाग ने बिना पंजीयन के चलने वाले ई रिक्शा के खिलाफ मंडल में अभियान चलाया। बिना पंजीयन वाले 48 ई- रिक्शा को सीज किया, जबकि नियमों की अनदेखी करने वाले 96 ई रिक्शा का चालान किया।

आरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के दौरान बरेली में 36 चालान और चार ई-रिक्शा बंद किए गए। बदायूं में 25 चालान, 17 ई-रिक्शा सीज किए गए। इसके अलावा पीलीभीत में 10 चालान और नौ ई-रिक्शा, शाहज. हांपुर में 25 चालान और 18 ई-रिक्शा सीज किए गए। कार्रवाई से ई रिक्शा चालकों में खलबली मच गई। आरटीओ के अनुसार गुरुवार को भी अभियान जारी रहेगा।

# नवजात की मौत की खबर से आहत हुई पत्नी ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

**कोर्ट के आदेश की भी अवहेलना, पति ने की दूसरी शादी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पति-पत्नी के विवाद में मां की ममता तब और तड़प गई जब उसने सुना उसकी बेटी दुनियां से रुखसत हो गई और नवजात की मौत की सूचना पति ने पत्नी को देना गवारा नहीं समझा। जिसकी भनक जब पत्नी को लगी तो उसने इसकी शिकायत पुलिस से की। महिला का आरोप है कि पुलिस ने भी उसके साथ अच्छा सलूक नहीं किया। जिसके बाद महिला ने एसएसपी के दरबार की ओर रुख किया।



थाना फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम धनतिया निवासी नाजुल पत्नी जुनैद ने बताया कि उसका अपने पति जुनैद पुत्र इरशाद निवासी शेरगढ़ से पारिवा. रिक विवाद चल रहा है, और प्रार्थनी मायके रह रही है। उक्त विवाद कोर्ट में विचाराधीन है एवं आठ माह की बच्ची मोमिना को जुनैद ने अपने पास रख लिया था, जबकि कोर्ट ने मिलने का आदेश जारी किया था, परंतु आरा. ेपी ने प्रार्थनी को बच्ची से मिलने नहीं दिया। इतना ही नहीं बिना बताए दूसरी महिला मुस्कान से निकाह भी कर लिया। महिला ने बताया कि 31 मार्च 2025 को देर रात व्हाट्सएप स्टेटस से ज्ञात हुआ कि बच्चे की हालत खराब है, परंतु कॉल करने पर कोई जवाब नहीं दिया गया। जानकारी हुई है कि एक अप्रैल को बच्ची की मौत हो गई और प्रार्थनी को बिना बताए दफना भी दिया गया है। जिसकी शिकायत करने थाने पहुंचे तो पुलिस ने डांट कर वहां से भगा दिया। महिला ने अपनी बच्ची की हत्या का आरोप लगाते हुए पति जुनैद उसका भाई मैसाद, बहनोई सोहिल व जुनैद की दूसरी पत्नी मुस्कान पर कार्यवाही करते हुए न्याय की मांग की है।

# कठोर परिश्रम करते रहो सफलता कदम चूमेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे में स्थित ऑक्सफोर्ड एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीबी पंत (दिल्ली) के हार्ट सर्जन डॉ. जुबैर ने कहा कि मेहनत और सच्ची लगन से ही कामयाबी मिलती है।



उन्होंने कहा कि अगर आप पूरी ईमानदारी से समय से पढ़ाई करते हैं तो एक दिन कामयाबी आपके कदम चूमेगी। विशेष अतिथि सॉफ्टवेयर इंजीनियर मुकीम अहमद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आप अपने लक्ष्य पर नजर रख कर पढ़ाई करते हैं और मेहनत से पीछे नहीं हटते हैं तो आने वाले कल में आप एक सफल इंसान, सफल बिजनेसमैन या एक उच्च अधिकारी बनकर अपने कस्बे का और अपने स्कूल का नाम रोशन कर सकते हैं। ऑक्सफोर्ड एकेडमी में कक्षा आठ में राज शर्मा ने प्रथम, शिवानी मौर्या ने द्वितीय, सोनाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात में रचित ने प्रथम, जैनुल ने द्वितीय, खुशी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 में शहरीन ने प्रथम, मुफैद ने द्वितीय, स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांच में अली हुसैन ने प्रथम, अफम ने द्वितीय, रवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार में मोहम्मद शाद ने प्रथम देव रस्तोगी ने द्वितीय, जिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीन में अंजली मौर्या ने प्रथम, शीतल राठौर ने द्वितीय, युग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दो में दिव्या रस्तोगी ने प्रथम, युगती शर्मा ने द्वितीय, अलशिफा ने तृतीय स्थान पर किया। कक्षा एक में आवान रजा ने प्रथम स्थान, रागिनी ने द्वितीय, रजान ने तृतीय स्थान व कक्षा यूकेजी में मदीहा व नुजैन ने प्रथम, उजैफ खान ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

कक्षा एक के आवान रजा ने प्राइम. री ग्रुप में सबसे जादा एक हजार में से नौ सौ निन्यानबे नंबर लाकर, जूनियर ग्रुप में अली हुसैन ने, सीनियर ग्रुप में राज शर्मा ने टॉप किया वहीं प्राइमरी ग्रुप में दिव्या रस्तोगी, जूनियर ग्रुप में मोहम्मद शाद सेकंड टॉपर रहे।

# अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद ठीक हुआ उपभोक्ता का बिल

**एक पंखा, दो इन्वर्टर का एक महीने का बिल आया था 1.48 लाख**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद बिजली विभाग ने पीड़ित का बिल आनन-फानन में ठीक कर दिया है। जिसपर उसने अखबार का शुक्रिया अदा किया है।


वाह रे बिजली विभाग..........

एक पंखा, दो इन्वर्टर का एक महीने का बिल 1.48 लाख

बिजली बिल से युवक परेशान, युवक को अटैक आते आते बचा

शाह टाइम्स संवाददाता

पीड़ित-सद्दाम हुसैन

दरअसल, तहसील के थाना देवरनियां क्षेत्र के गांव गिरधरपुर निवासी सद्दाम हुसैन का कॉमर्शियल कनेक्शन का एक माह का बिल एक लाख 48 हजार रुपये आया था। जिसका निस्तारण न करने पर उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी, जिसके बाद भी उसका बिल सही नहीं किया गया। कल गुरुवार को जब दैनिक शाह टाइम्स अखबार ने उसकी इस समस्या को प्रमुखता से उठाया तो बरेली से लेकर लखनऊ तक उच्च अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

जिसके बाद बिजली विभाग हरकत में आया, और खबर प्रकाशित होते ही आनन-फानन में बिजली विभाग ने उसका बिल सही कर दिया। बिजली विभाग ने उसका बिल 1.48 लाख से कम करके 1457.97 कर दिया है। उसका कहना था कि उसका बिल सही करने में उससे पैसों की डिमांड की गई थी। बिल ठीक होने पर युवक ने दैनिक शाह टाइम्स अखब्बार का शुक्रिया अदा किया है।

## एक नजर

### पुलिस ने स्मैक के साथ एक तस्कर को पकड़ा, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र से मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कस्बा के एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।उसके पास से करीब 38 ग्राम 800 मिली ग्राम स्मैक बरामद की गई है। जिसकी कीमत चार लाख 65 हजार 600 सौ रुपये है।



पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह स्मैक वह राष्ट्रीय राजमार्ग पर आने जाने वाले ट्रक चालकों से खरीद कर महंगे दामों में बेच कर अपने घर का पालन पोषण करता है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र से देर रात मुखबिर की सूचना पर सहायक पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बलवीर सिंह की टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर से रहपुरा अंडरपास से कस्बा के मोहल्ला अहमदनगर नई बस्ती निवासी वारिस पुत्र अय्यूब को गिरफ्तार किया।थाना लाकर तलाशी लेने पर उसके पास करीब 38 ग्राम 800 सौ मिली ग्राम स्मैक बरामद की गई है। जिसकी कीमत चार लाख 65 हजार 600 सौ रुपये है। पुलिस ने स्मैक तस्कर को विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी बलबीर सिंह, एसआई गंगाधर, हेड कांस्टेवल मोहित कुमार, कांस्टेवल हिमांशु तोमर, मोहित चौधरी शामिल रहे।

### पुलिस ने सट्टा पर्ची लगाते हुए युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सट्टा पर्ची लगाते हुए एक युवक को पकड़ लिया।



मिली जानकारी के अनुसार सहायक पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे चौकी प्रभारी बलबीर सिंह की टीम ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर दविश के दौरान कस्बे के मोहल्ला अंसारी वार्ड नंबर 8 से शाकिर टेलर की दुकान से जाकिर हुसैन पुत्र हामिद हुसैन निवासी वार्ड नंबर 08 मोहल्ला अंसारी कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से 1 पेन व 12 पर्ची, एक रजिस्टर व 1000 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायलय के लिये भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी बलबीर सिंह, हेड कांस्टेवल पंकज कुमार, कांस्टेवल हिमांशु तोमर, मोहित कुमार शामिल रहे।

# विदाई समारोह में बच्चों ने मचाया धमाल, हुए सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** पढ़ाई और संसाधनों से निजी स्कूलों को टक्कर देने वाले प्राथमिक विद्यालयों के बच्चे अब संस्कृत कार्यक्रमों में भी आगे बढ़ रहे हैं। ब्लॉक दमखोदा (रिछा) के प्राथमिक विद्यालय बहादुरगंज में वृहस्पतिवार को फेरबल पार्टी (विदाई) समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने धमाल मचाया, उन्हें सम्मानित भी किया गया।

प्राथमिक विद्यालय बहादुरगंज की प्रधानाध्यापिका मधु कुमारी के अलावा अध्यापक मोहित कुमार, दीपक सिंह और शिक्षामित्र पूर्णिमा गंगवार के निर्देशन में फेरबल पार्टी (विदाई) समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने फिल्मी गानों पर डांस और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सबका मनघ मोह लिया। प्रधानाध्यापिका मधु कुमारी और सभी शिक्षकों ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान प्रधानाध्यापिका मधु कुमारी, सहायक शिक्षक मोहित कुमार, दीपक सिंह, शिक्षा मित्र पूर्णिमा गंगवार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, रसोइया आदि मौजूद रहे।

# छह अप्रैल को मदार ब्रिक स्टोर बहेड़ी में होगी जिला ईट निर्माता समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** संकट के दौर से गुजर रहे ईंट उद्योग को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से जिला ईंट निर्माता समिति बरेली की एक आवश्यक बैठक छी अप्रैल को समय 11 बजे मदार ब्रिक स्टोर ग्राम डूडा शुमाली कताई मिल रोड बहेड़ी में आयोजित की गई है। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी वर्ष को ईंट भट्टे चालने की रूप रेखा तय की जाएगी। सभी भट्टा स्वामियों से आवश्यक बैठक में पहुंचने का आह्वाहन किया गया है।

बताते चलें कि ईंट उद्योग पर पिछले कई वर्षों से संकट के बदल मंडरा रहे है। लगातार हो रहे घाटे ने भट्टा स्वामियों की कमर तोड़ दी है। आगामी सीजन के लिए कच्ची ईंट बनाने व ईंट पकाने का काम कब शुरू किया जाए।

लेबर को एडवांस रकम न देकर उससे जितना काम लिया जाए उतना ही नगद भुगतान किया जाए आदि बहुत ऐसे गंभीर मसले हैं जिनको सभी भट्टा मालिक आपसी सहमति के साथ तय करके अपने व्यापार को संकट से बाहर निक. ालना चाहते हैं, जिस पर आम सहमति से विचार किया जाएगा। जिला ईंट निर्माता समित के अध्यक्ष डाक्टर हाजी आफताब अहमद ने सभी ईंट भट्टा स्वामियों से समय पर बैठक में पहुंचने की अपील की है ।

## संकट के दौर से गुजर रहा है ईंट उद्योग

ईंट उद्योग पर पिछले कई सालों से संकट के बदल मंडरा रहे है। लगातार घाटा उठा रहे भट्टा स्वामी अब बेहद परेशानी के दौर से गुजर रहे हैं। भट्टा उद्योग को सरकार से भी कोई आर्थिक मदद नहीं मिलती है। भट्टा स्वामियों की आपसी खींचतान व ईंट का अधिक उत्पादन एवं सस्ते रेट में ईंटों की बिक्री करना ही घाटे का सबब बनता जा रहा है। यदि समय रहते भट्टा स्वामी नहीं जागे तो यह संकट और भी गहरा होता जाएगा।

अगर देखा जाय तो ईंट भट्टों का बेरोजगारी को रोकने में बड़ा ही योगदान है। एक ईंट भट्टे पर कई सौ मजदूर मजदूरी करके अच्छी आमदनी करते हैं, जो कि सरकारी न्यूनतम मजदूरी से भी कई गुना अधिक बैठती है। भट्टा स्वामी मजदूरों को पूरे साल काम करने के लिए मोटी रकम एडवांस भी देते हैं, जिससे वह अपने बच्चों की शादी विवाह पर खर्च कर लेते हैं। फिर भी कुछ मजदूर एडवांस पैसा लेने के बाद कहीं अन्य स्थान पर मजदूरी करने चले जाते हैं और जब भट्टा स्वामी अपने पैसों की वापसी की मांग करता है तो उस पर लेबर कानून के तहत झूठा मुकदमा लिखवाकर भट्टा स्वामी को जलालत पहुंचाते हैं। इससे बचने के लिए भट्टा स्वामियों ने पृथक कानून बनाने की मांग सरकार से की है।

### कुत्ते के बारे में पूछने पर दो युवकों ने महिला को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**बहेड़ी।** कुत्ते के बारे में पूछने पर दो युवकों ने एक महिला के साथ गाली गलौज की, और विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम जसाई नगर निवासी एक महिला रेखा देवी पत्नी सत्यपाल का कहना है कि दिनांक 29.03.2025 को समय करीब 8 बजे वह अपने पालतू कुत्ते को ढूंढ रही थी। कुत्ते को ढूंढने के दौरान उसने गांव के ही मनोज व चमन पुत्र सोमपाल से पूछा कि मेरा कुत्ता देखा है तो उसपर दोनों लोग आग बबूला हो गए, और गन्दी-गन्दी गालियां देने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो उसे लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। जब उसका पति उसे बचाने पहुंचा तो उक्त लोगों ने उनको भी मारा। भीड़ इकघ्ठ्ठा होने पर दोनों लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। शिकायत पर पुलिस ने दोनों युवकों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पुलिस पर हमला करने वाले दंपति को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** दो पक्षों के बीच हुए झगड़े के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने वाले दंपति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, और न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया।

भुता थाना क्षेत्र के गांव शेखापुर निवासी अनुज पुत्र शिव सिंह और उसकी पत्नी अमनदीप को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 1 अप्रैल को सूचना मिली कि शेखापुर गांव में दो गुटों में मारपीट हुई है, तब देवल बसंतपुर चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान अनुज और उसकी पत्नी अमनदीप ने अपने परिजनों के साथ मिलकर जांच करने गई पुलिस टीम पर तमंचा लोहे की रॉड लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे चौकी प्रभारी देवल बसंतपुर और एक सिपाही घायल हो गए। घटना के बाद चौकी प्रभारी ने मुक. दमा दर्ज करते हुए हमलावरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी। इसी के चलते दो अप्रैल को शाम के समय अनुज पुत्र शिव सिंह को शेखपुर चौराहा से तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया, जबकि रात लगभग 10 बजे उसकी पत्नी अमनद. ीप को घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दंपति को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।



# सफेदपोश के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**दो साल पुराने अपहरण के मामले में हुई कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** दो साल पुराने अपहरण के मामले में मुंसिफ कोर्ट ने नवाबगंज कस्बे के एक नेता के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

दो वर्ष पहले थाना हाफिजगंज के गांव खोह के रहने वाले शिवचरन पुत्र मंगली प्रसाद और थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव खतौआ के रहने वाले ठाकुरदास ने नगर के सूरज पाठक, विजय दिवाकर, नवीन पंडित और हरदुआ के निर्मल के खिलाफ एक मुकदमा थाना नवाबगंज में दर्ज कराया था, जिसमें सभी पर शिवचरन के पुत्र सुमित मौर्य और ठाकुरदास के नाती आर्यन का अपहरण कर कमरे में बंद कर मारपीट करने और रुपए वसूलने का आरोप लगाया था। पुलिस द्वारा आरोपियों के घरों पर दविश दिए जाने के बाद नामजद आरोपियों ने अपनी-अपनी जमानत करा ली थी, लेकिन बाद में प्रकाश में आए नगर की गुलशनगर अर्चना अस्पताल के पास रहने वाले आरोपी ने न तो जमानत कराई और न ही कोर्ट में हाजिर ही हुए।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दर्ज मुकदमे की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर राजकुमार गौतम ने मुकदमे में बढ़ाए गए नगर की गुलशनगर बस्ती के आरोपी के घर पर कई बार दबिश देने के बाद भी वह जब पुलिस को नहीं मिले तो उन्होंने कोर्ट से उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध किया था। कोर्ट ने इस मामले में आरोपी बाबूराम के खिलाफ एनवीडब्लू वारंट जारी किया है। जब इस बारे में विवेचक राजकुमार गौतम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह उनका विवेचना का पाठ है, मैं इस मामले में कोई जानकारी नहीं दे सकता, नो कमेन्ट। सूत्रों से पता चला है कि इस मामले में सत्ता पक्ष के नेताओं द्वारा पुलिस पर भारी दवाब बनाया जा रहा है, जिसके चलते कोर्ट द्वारा जारी किया गया एनवीडब्लू वारंट भी रद्दी की टोकरी में पड़ा धूल चाट रहा है।

### वक्फ संशोधन बिल पास होने पर धर्मगुरु पंडित सुशील पाठक ने प्रधानमंत्री को दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास होने पर धर्मगुरु पंडित सुशील पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मोदी जो कहते हैं वो करते हैं। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का जो नारा दिया था वो उसी नारे के तहत काम कर रहे हैं। उन्हें सभी देश वासियों की चिंता है। मोदी को जब पता चला कि वक्फ की संपत्तियों में बहुत बड़ा घोटाला है। बहुत सारे मौलानाओं, मुस्लिम सासंदों, कांग्रेस, सपा और मुस्लिम संगठनों ने वक्फ के नाम पर अरबों की संपत्ति बना ली है, और हिंद. ुओं का शोषण किया जा रहा है। ये लोग जिस संपत्ति को कह देते थे कि ये वक्फ है तो फिर पीड़ित हिंदू की कही कोई सुनवाई नहीं हो सकती थी। लेकिन मोदी ने अब कानून लाकर ये सिद्ध कर दिया है कि वक्फ के नाम पर जो अवैध कब्जे किए गए हैं उन्हें हटाया जाएगा। कट्टरपंथियों के मुंह पर ये मोदी सरकार का जोर का तमाचा है।

# तीन लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने 3.3 लाख की स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 33 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने आरो. पियों को जेल भेज दिया है।

मुखबिर की सूचना पर बीती रात पुलिस ने थाना फतेहगंज पूर्वी के ग्राम पढेरा व कादरगंज तिराहे से दो तस्कर थाना फतेहगंज पूर्वी के ग्राम कादरग. ंज निवासी मोहम्मद नवी पुत्र छोटे बक्श को 16 ग्राम नाजायज स्मैक, साबिर उर्फ पप्पू पुत्र अजीज अहमद को 17 ग्राम स्मैक व एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरो. पियों के खिलाफ फतेहगंज पूर्वी में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि एक महीने पहले राह चलते झारखंड के एक अंजान ट्रक चालक से स्मैक खरीदी थी। उसके बाद से स्मैक में मुनाफा कमाने के लिए जगह-जगह ढाबों पर घूमकर स्मैक बेचते थे। जिससे अच्छा कारोबार चल पड़ा था।

# पावर हाउस में लगाए गए दस व पांच एमबीए के दो नये ट्रांसफार्मर

**ट्रिपिंग व ओवरलोडिंग से होने वाली समस्या से उपभोक्ताओं को मिलेगी निजात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गर्मी में बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और ओवरलोडिंग की समस्या को देखते हुए मिशन 2024-25 के तहत पावर हाउस में 10 व 5 एमबीए के दो नये ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। ट्रंसफार्मर लगने के कारण नगर में सुबह से लेकर शाम तक विद्युत आपूर्ति वाधित रही।

गर्मी का मौसम आ चुका है, और गर्मी में लोड बढ़ने के कारण ट्रिपिंग और ओवरलोडिंग की समस्या भी बढ़ जाती है। बार-बार फाल्ट होने से विद्युत आपूर्ति वाधित हो जाती है, जिस कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ट्रिपिंग और ओवरलोडिंग की समस्या को देखते हुए पंजाबी कॉलोनी स्थित पावर हाउस में 10 एमबीए और 5 एमबीए के दो नये ट्रांसफार्मर लगाये गए हैं। पावर हाउस की क्षमता बढ़ने से अब गर्मियों में नगर वासियों को ट्रिपिंग की समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकेगी। बीजेपी नेता नईम अहमद ने कुछ समय पहले नगर की बिजली समस्या की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री से की थी।



शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## वक्फ बिल पास होने के बाद भी रामपुर में प्रशासन रहा अलर्ट

# डीएम व एसपी ने की धर्मगुरूओं के साथ बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में पुलिस लाइन सभागार में धर्मगुरूओं के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने धर्मगुरूओं से कहा कि वक्फ संशोधन बिल को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और न ही बिल के सम्बन्ध में किसी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद रामपुर आपसी भाई चारे का शहर है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था प्रभावित हो तथा जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

पुलिस अधीक्षक ने धर्मगुरूओं से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा वक्फ



बिल के सम्बन्ध में लोगों को सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट शेयर करने से रोकें। भ्रामक पोस्ट से कानून एवं शान्ति व्यवस्था प्रभावित होने का खतरा बना रहता है इसलिए सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट शेयर न करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर है और कानून एवं शान्ति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को भी निर्देशित किया कि धर्मगुरूओं और सभ्रांत जनों के साथ पीस कमेटी की बैठक अवश्य करें। बैठक में उपस्थित धर्मगुरूओं ने जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) हेम सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा. नितिन मदान, एएसपी अतुल श्रीवास्तव, समस्त एसडीएम, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं धर्मगुरू उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चलाया विशेष अभियान

**विभिन्न खाद्य पदार्थों के 10 नमूनें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के आदेश पर व नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा के निर्देशन में चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने और खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु 02 व 03 अप्रैल,2025 को सहायक आयुक्त (खाद्य) ।।/ अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। विशेष छापामार अभियान में ज्वालानगर स्थित प्रिंस ट्रेडर्स के महेश पुत्र धन सिंह से कुटू आटा और हल्दी पाउडर का 01-01 नमूना लिया गया। मिलक स्थित हेल्थ जूस कार्नर के मो. फैज पुत्र नसीम अहमद से मेंगो पल्प का 01 नमूना, ग्राम परम स्थित लकदाता किराना स्टोर के हनी बाबू पुत्र पप्पू से भूरा का 01 नमूना लिया गया। बस स्टैण्ड शाहबाद स्थित चंचल



किराना स्टोर के चंचल कुमार पुत्र सुखखन सिंह से काजू व सूजी का 01-01 नमूना लिया गया। पटवाई रोड मिलक स्थित पुष्कर एजेन्सी के सुनील कुमार पुत्र नत्थू लाल से हल्दी पाउडर का 01 नमूना, डायमण्ड रोड स्थित एयर प्लाजा रिटेल प्रा. लि. से हल्दी पाउडर के 02 नमूने और खांड का 01 नमूना लिया गया। इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 10 नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेंगे। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# बकरी चराने को लेकर विवाद में महिलाओं सहित चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढकिया/रामपुर।** गुरुवार को खेत में बकरी चरने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें जिसमें महिलाओं सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ढकिया चौकी क्षेत्र के ग्राम रवानी निवासी निजामुद्दीन का आरोप है कि उसके ही चचेरे भाई जलीस की बकरी अक्सर खेत में फसल चरती है जब भी में इसका विरोध करता हु।तो वह कहता है जो तुझसे हो सके कर लेना।

गुरूवार को भी जब बकरी खेत में चर रही थी तो इसकी शिकायत जलीस से की तो जलीस गंदी गंदी गालीया बकने लगा और उसके परिवार के लोग अफरोज शोबी आकर। मेरी दाढ़ी पकड़ कर मुझे पीटने लगे मेरे बचाव को पहुंचे शिफा मुस्लिम युसूफ बेटा वकील को भी लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया और किसी तरह बचकर जान बचाकर भागे।

दूसरे पक्ष के जलीस ने जानकारी देते हुए बताएं के निजामुद्दीन मुझे और मेरे परिवार से रंजिश रखता है आज भी मामूली सी बात को लेकर इन लोगों ने मुझे और मेरे परिवार के लोगों को बुरी तरह लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जिससे अफरोज, शोबी, जलीस गंभीर रूप से घायल हो गए।

इसके बाद दोनों पक्ष ढकिया चौकी पहुंचे चौकी इंचार्ज मनोज चौधरी ने घायलो को मेडिकल के लिए साम.दायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद भेजा। डॉक्टर ने घायलो को प्राथमिक उपचार दिया। वकील और शोबी की हालात को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

# एस.डी. ग्रीन फील्ड स्कूल में आयोजित हुआ वार्षिक परीक्षाफल समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** वार्षिक परीक्षाफल समारोह वितरण किया गया। जिसमे कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे छात्र। छात्राओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर अंश यादव, मोईन, सुम्बल, क्रितिका, अमान खानश, भव्य चोहान, सिदरा, अन्श पाल, प्रशान्त, पुशरा, मदेहा इस्लाम, पूर्वी, विदुषी, शिद्ध, जैद अवनीत, आरना शर्मा को प्रबंधक गजेन्द्र सिंह द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर अनुभव, सूफिया, नाजिया, हुदा, प्रियल, तस्निया, सरजील, शिक्षका, इनाया, आवान, साक्षी, निशान्त, नूर फिजा, यक्ष, मन्हा फातिमा, एवं हिमांक सौती को प्रधानाचार्या दीप शिक्षा रस्तोगी



एवं कोआर्डिनेटर राधिका वर्मा ने ट्राफी एवं शील्ड देकर सम्मानित किया । तृतीय स्थान पर रहे इन्जमामुल हक, जिकरा मंतशा आलिया जैहरा, सानिव, आकांशा हन्नान, हम्माद, अपफान, अरहव हमजा, युग, अरहान, अदनान मनप्रीत, पर्ल, हुमैरा, मीत को नीलम एव उजमा खान द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। सर्व सर्वोत्तम लड़का अनुभव कक्षा 5 एवं सर्वोत्तम लड़की में इल्मा कक्षा 5 को चेयरमैन श्रीपाल सिंह द्वारा ट्राफी एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सर्वाधिक उपस्थिति पर कक्षा 1 के शालिव, अली अब्दुल्ला, फैसल, कक्षा 5 के कृतिका, करता 1 की नाजिया कक्षा एक तौसीफ एवं कक्षा 8 की दिव्यांशी को ग्रीश कुमार द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। बिद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली सुसम्बल को 97% अंक आने पर मैनेजमेन्ट द्वारा साइकिल देकर सम्मानित जिया गए। इसी कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रबन्धक गजेन्द्र सिंह उपस्थित सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। स चेयर मैत श्रीपाल सिंह द्वारा सभी छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चे लगन व परिश्रम करके अच्छे अंक हासिल कर प्रथम स्थान पाने हेतु प्रयास करें एवं जिन बच्चों के अंक कम रहे हैं वह निराश न हो बाल्के अध्ययन में जो कमी रही है कठोर परिश्रम से उसे सुधारने का प्रयत्न करें ताकि भविष्य में उत्तम श्रेणी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर प्रिया भारद्वाज, गुलफिजा, कविता, निशा, श्वेता कहकशा खान, महक खान, अनमवी, सरोज सैनी, नाजिया, सोनम, रुकड्या बी, कतिका सैनी, सुनील कुमार, गुलाब सिंह, मलखान सिंह संजीव कुमार, विजयपाल आदि उपस्थित रहे।

# किसान यूनियन तोमर के कार्यालय पर गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन तोमर के जनपद कार्यालय स्वार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शारिक इकबाल ने कहा कि इस समय देश व प्रदेश का किसान कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। और उन्हें अपनी फसलों के लिए उचित मूल्य नहीं मिलने की वजह से आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भारत सरकार को चाहिए कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार एमएसपी को लागू करें जिसमें उत्पादन लागत कम से कम 50 प्रतिशत अधिक मूल्य शामिल है। जिससे किसानों का कल्याण हो सके एवं प्रधानमंत्री के कहे अनुसार किसानों की आय दोगुनी हो सके। इसी के साथ संगठन का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष रामपुर ने कार्यकारिणी का विस्तार किया जिसमें जावेद अंसारी, मुमतियाज अली, रिजवान अली, मोहम्मद अली, साद अली, गुड्डू आदि लोगों को ग्राम स्तर की



कार्यकारिणी में पदों पर मनोनीत किया गया और इनसे आशा की गई है कि किसानों के हित में काम करते हुए संगठित होकर किसानों की आवाज को सरकार तक मजबूती के साथ पहुंचाएंगे और अपने किसी भी किसान मजदूर भाई के साथ उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शारिक इकबाल, युवा तहसील अध्यक्ष अनस अली, तहसील संयोजक शहादत हुसैन, योगेंद्र सिंह, नवनीत राणा, अशरफ अली आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वार में व्यापार मंडल की बैठक हुई आहूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रति.निधिमंडल ने ग्राम इस्लाम नगर में ग्राम अध्यक्ष इरफान अली व रईस भाई के नेतृत्व में व्यापार मंडल की मीटिंग का आयोजन किया जिसमें उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी तथा व्यापारीगण मौजूद रहे। नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने अपनी बात रखते हुए व्यापारियों को और ग्राम वासियों को संबोधित किया उन्होंने कहा हमारे क्षेत्र में शिक्षा का बहुत बड़ा अभाव है शिक्षा के नाम पर निजी स्कूल लूटमार कर रहे हैं। हर साल नए-नए कोर्स हर साल बच्चों की फीस में बढ़ोतरी हर साल एडमिशन फीस की बढ़ोतरी एक ही स्कूल में एक क्लास से दूसरे क्लास में जाने के लिए एडमिशन फीस का बोझ



हर साल हर दूसरे साल नए-नए ड्रेसे चेंज करना हमारे क्षेत्र की गरीब जनता बेसहारा जनता अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर बहुत चिंतित है क्योंकि निजी स्कूल अपनी मनमानी पर उतारू है शिक्षा के विषय में ना ही सरकार इस पर अंकुश लगा पा रही है ना ही जिलाधिकारी इस पर अंकुश लगा पा रहे हैं जिससे कि आम जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। और बच्चों की पढ़ाई को लेकर बहुत समस्या है। जिलाधिकारी महोदय से आग्रह करते हैं की प्राइवेट स्कूलों पर बी एस ए द्वारा जांच कराई जाए ताकि वह फीस कम हो सके। हर साल कोर्सेज में बदलाव न किए जाएं ताकि एक दूसरे का पुराने कोर्स से भी पढ़ाई की जा सके। इस मौके पर उपस्थित नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, शिव ओतार सक्सेना और मन्नू भैया, मुशर्रफ अली, गुड्डू हाफिज जी, फुरकान अली, रेहान अली, हाशिम शान, कदीर अंसारी, इस्लाम अंसारी, अजीज मियां, शकील सलमानी, अब्दुल रशीद, आसिफ, राशिद, इब्ने हसन, नासिर, सरफराज, इरफान अली, सलमान अली आदि मौजूद रहे।

## डीएम से की भर्ती घोटाले की जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पदों पर भर्ती में घोटाले का आरोप लगाया है भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पदों पर 2023 में हुई भर्ती की जांच की मांग की है। आरोप है कि जिन लोगों के पास कई कई एकड़ जमीन है उन लोगों ने बीपीएल सूची में अपना नाम दर्ज कराकर फर्जीवाड़ा कर आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रूप में अपना चयन करा लिया है। जो कि पूरी तरह से गलत है। जबकि असल में पात्र महिला को इसका लाभ नहीं मिल सका है। डीएम से पत्र के माध्यम से जांच के लिए मांग की है।

# परीक्षा फल पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय सोहना में गुरूवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेमपाल की अध्यक्षता एवं सदस्यों की उपस्थिति में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ऋचा शर्मा एवं अन्य स्टॉफ द्वारा कक्षा 1 से 8 तक प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जिसमें कक्षा एक में महक, कक्षा 2 में आशीष, कक्षा 3 में तनिष्क, कक्षा 4 में दीपू, कक्षा 5 में ज्योति, कक्षा 6 में राफिया, कक्षा 7 में



मेहनाज और कक्षा 8 में लवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विद्यालय की तरफ से कक्षा 1 से 8 तक सत्र 2024ख़ 25 में सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्र एवं छात्राओं को सर्वाधिक उपस्थिति का मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय आय एवं शैक्षिक योग्यता आधारित परीक्षा पास कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाली कक्षा 8 की दो छात्राओं लवी और अनुष्का को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेमपाल एवं शिक्षक डॉ वसीम अहमद ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार, सुषमा सिंह, ओमपाल सिंह, अमित सक्सेना, लाल सिंह, पंकज कुमार, प्रदीप कुमार, पृथी सिंह और नीलम शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. वसीम अहमद ने किया।

# पॉलिटेक्निक में हुआ नि:शुल्क टैबलेट वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** राजकीय पॉलीटेक्निक शाहबाद में गुरूवार को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत मुख्य अतिथि काशीराम दिवाकर पति मुन्नी देवी, ब्लॉक प्रमुख, शाहबाद एवं समाज सेवी सुरेश बाबू गुप्ता द्वारा नि:शुल्क टेबलेट विरण कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न कराया गया।

संस्था में अध्ययनरत एवं पासआउट कुल 213 छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किये गये। जिसमें संस्था के प्रधानाचार्य एस. के. वर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को टेबलेट की उपयोगिता के विषय में अवगत कराया गया एवं उनको



उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुये कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। टेबलेट प्राप्त कर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# रिपोर्ट कार्ड पाकर छात्राओं के खिले चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** गुरूवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहाबाद रामपुर में छात्राओं को 2025 की परीक्षा का परीक्षा फल बताया गया तथा रिपोर्ट कार्ड वित.रित किया गया प्रथम द्वितीय व तृतीय प्राप्त स्थान छात्राओं को प्रधानाचार्य वंदना शर्मा एवं समस्त स्टाफ के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा छात्राओं को इस खुशी के अवसर पर मिष्ठान के रूप में टॉफियां वितरित की गई और उनका उत्साह वर्धन किया गया प्रधानाचार्य वंदना शर्मा के द्वारा समस्त स्टाफ एवं छात्राओं को नए सत्र की शुभकामनाएं दी गई एवं छात्राओं को मेहनत करके आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।



छात्राओं के चेहरे पर भी खुशी देखने को मिली इस अवसर पर विद्यालय में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा एवं सहयोग रहा।

# कार ने युवक को मारी टक्कर हालत गंभीर चालक कार सहित हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** चौकी क्षेत्र के गांव मानपुर उत्तरी में मैरिज हॉल में बारात में शामिल होने आये रुद्रपुर के एक युवक को कर ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया उसे गंभीर अवस्था में बाजपुर से रुद्रपुर के हायर सेंटर को रेफर किया गया है पुलिस कार की तलाश में जुट गई है। गुरुवार को शाम के समय मानपुर मैरिज हॉल में रुद्रपुर से बारात आई थी जिसमें किच्छा थाना क्षेत्र के गांव शिमला पिस्टल निवासी करण सिंह पुत्र साधू सिंह उम्र 15 वर्ष भी शामिल था वह खाना खाने के पश्चात मार्ग के किनारे टहल रहा था इसी दौरान टांडा दिशा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार मैं सामने से टक्कर मार दी और वह फरार हो गया जिससे वह मार्ग पर गिर गया दुर्घटना होते ही मार्ग पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और उसे एक वाहन से बाजपुर के एक अस्पताल भिजवाया गया जहां उसकी हालत नाजुक होने पर रुद्रपुर के हायर सेंटर को रेफर किया गया है।

सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और टक्कर मारने वाली कार के सीसीटीवी फुटेज खागाले पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना की रिपोर्ट अभी दर्ज नहीं कराई गई है।

# आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ ने सीएमएस डीके वर्मा को पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित



**( हरमेश भाटिया )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** आउट सोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ ने न्यू सी एम एस डीके वर्मा को पगड़ी पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, सभी स्टाफ में खुशी का माहौल है। बतोते चलें कि सी एम एस डीके वर्मा को कुछ दिन पहले ही जिला अस्पताल के सीएमएस बनाये गये हैं। इस मौके पर महीपाल सिंह, सुमित कुमार,फरमान अली, अमित कुमार, ममता कुमारी, दिव्या शुक्ला, अनिल मौर्य, कविता मौर्य, अतुल कुमार,शालनी आदि मौजूद रहे ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पुत्र का नाम मनराज सिंह मेहरा पुत्र श्री सी.एस.मेहरा था अब बदलकर मनराज सिंह पुत्र श्री छत्तर सिंह रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**छत्तर सिंह पुत्र मदन सिंह निवासी बरेली रोड पनवड़िया क्वार्टर्स जनपद रामपुर**

## कार में सवार बदमाशों ने बस में तोड़फोड़ करते हुए चलाई गोली

### गोली लगने से बाल-बाल बच गया चालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** दिल्ली से हरदोई जा रही डग्गामार बस में कार सवार हमलावरों ने हमला कर दिया। इस दौरान बस चालक ने विरोध किया तो आरोपियों ने गोली चला दी। गोली से चालक बाल बाल बच गया।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मेरठ के गांव ललियाना निवासी सलीम ने बताया कि बुधवार की रात को उसकी बस का चालक आरिफ हेल्पर शाह आलम, करणवीर सिंह के साथ बस में सवारी लेकर हरदोई के लिए जा रहा था। जैसे ही बस गढ़ के गांव अठसैनी के निकट पहुंची तो कार सवार होकर आए करीब पांच लोगों ने बस को ओवर टेक कर बस को रोक लिया।

इस दौरान आरोपियों ने बस में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान विरोध करने पर आरोपियों ने स्टाफ के साथ पिटाई शुरू कर दी।

चालक आरिफ ने उनका विरोध किया तो एक आरोपी ने तमंचे से चालक की जान लेने के उद्देश्य से गोली चला दी। गोली कान को छूते हुए निकल गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि तहरीर पर जांच की जा रही है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## खाली प्लॉट में अज्ञात महिला का शव मिलने से मचा हड़कंप

### दिल्ली रोड स्थित एनवाई सिनेमा के पीछे की घटना, स्थानीय लोगों ने दी पुलिस को सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित एनवाई सिनेमा के पीछे एक खाली पड़े प्लाट में गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद सूचना पर नगर पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे और साक्ष्य इकट्ठा करने में जुट गए। महिला की उम्र करीब 55 वर्षीय बताई जा रही है। जिसके गले पर चोट के भी निशान है।जिससे आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कर शव को प्लाट में फेंका गया है। वहीं महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस



क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया की नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित एनवाई सिनेमा के पीछे सुबह करीब नौ बजे एक खाली पड़े प्लाट में महिला का शव मिलने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक महिला की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा महिला की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस महिला की मौत को लेकर सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाही की जाएगी।

## सड़क हादसे में हुई व्यक्ति की मौत, दो अन्य घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव से सिखेड़ा में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से कार सवार 90 वर्षीय करण सिंह निवासी न्यू पोस्ट ऑफिस थाना व कस्बा पाकबाड़ा जनपद मुरादाबाद की मौत हो गई।जबकि मृतक के दामाद व रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है।जबकि मृतक के शव को पुलिस ने पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेजा कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जनपद मुरादाबाद के पाकबड़ा स्थित न्यू पोस्ट ऑफिस निवासी गौरव ने बताया कि वह गुरुग्राम में प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं।बुधवार की रात को उनकी बारात जनपद गाजियाबाद में गई थी । बृहस्पतिवार की सुबह को बारात लेकर अपने घर वापस लौट रहे थे। एक कार में उनके पिता मदन पाल,नाना करण सिंह तथा जनपद मिर्जापुर निवासी उसके जीजा पवन कुमार सवार होकर घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव से सिखेड़ा के निकट पहुंचे तो कार को पीछे से आए अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी ,जिसमें उसके 90 वर्षीय नाना करण सिंह की मौत हो गई। जबकि उसके पिता और जीजा घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना पुलिस पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरा आगे की वैधानिक कार्यवाही शुरु कर दी है।

## अज्ञात वाहन ने कार में पीछे से मारी टक्कर

### कार के रेलिंग से टकराने से एक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंभावली।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एन एच-9 पर अज्ञात वाहन ने कार में पीछे से मारी टक्कर कार रेलिंग से टकराकर पलट गई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई।

दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नेशनल हाईवे-9पर सिखेड़ा गांव के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दिल्ली से मुरादाबाद जा रही कार में

पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें कार रेलिंग से टकराकर पलट गई।

और कार सवार मुकेश,मदनपाल, घायल हो गए। और 80 वर्षीय जयकरण की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिम्भावली पुलिस ने घायलों को



अस्पताल पहुंचाया।

और क्रेन की मदद से कार को हटवा कर यातायात को सुचारू कराया।

## अवैध हथियारों का प्रदर्शन करने वालों को नही है पुलिस का खौफ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर में फार्म पर रहने वाले एक मैनेजर के द्वारा री बनाने के चक्कर में बंदूक से फायरिंग करने की एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। सोशल मीडिया पर दुनाली बंदूक से गाने पर फायर करते वायरल वीडियो में यह मैनेजर अपने आप को डॉन समझ बैठा है। शेरों दा शिकार करके दिखाऊंगा भई करके दिखाऊंगा गाने पर हाथ मे बन्दूक लेकर फायर कर रहा है। जबकि इस तरह फायर एवं हथियार का प्रदर्शन करने वालों पर हापुड़ पुलिस कई बार कार्यवाही भी कर चुकी है। लेकिन ये जनाब रील बना कर फायर कर जनता जनार्दन में अपना भौकाल बनाने के लिए अपने आप को डॉन समझ बैठे हैं। सोशल मीडिया पर तेजी से दौड़ने वाला यह वीडियो रात्रि में फायर कर जंगल मे बनाया गया है। फायर कर रहे युवक का नाम नवीन बताया जा रहा है। जोकि गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र गांव शाहपुर कोथला बांगर में एस के एस गंगा फॉर्म पर मैनेजर बताया जा रहा है।

देखना यह है कि जिला प्रशासन भौकाल पैदा करने वाले ऐसे लोगों पर क्या कार्यवाई करता है।

## एक नजर

### विवाहिता ने ससुर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर तरह तरह से प्रताड़ित की जा रही महिला से ससुर ने छेड़खानी कर दी, परंतु शिकायत पर ससुराल वालों ने उल्टे उससे ही मारपीट कर डाली। गढ़ क्षेत्र के एक गांव की युवती ने कोतवाली में तहरीर दी है, जिसमें उल्लेख किया है कि उसका विवाह पांच फरवरी 2022 को गढ़ के मोहल्ला आदर्श नगर के युवक से साथ हुआ था। जिसमें परिजनों द्वारा दान दहेज के रूप में साढ़े चार लाख का सामान दिया गया था। परंतु ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं हो पाए, जो दहेज लाने का दबाव बनाते हुए उसे लगातार तरह तरह से तंग एवं प्रताड़ित करते आ रहे थे। परंतु इसके बाद भी दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुर ने उससे छेड़खानी कर दी, जिसकी शिकायत करने पर ससुराल वालों ने उल्टे उसके साथ ही बेरहमी से मारपीट कर डाली। पीड़िता का आरोप है कि पति पहले से ही शादीशुदा था, जिसका पता लगने पर उसने शिकायत की तो मारपीट कर उसे घर से बाहर खदेड़ दिया गया। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि तहरीर पर जांच कराई जा रही है, जिसके आधार पर ही अब अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती व किशोरी हुई लापता

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि 2 अप्रैल को उसकी 22 वर्ष की बेटी घर से बाजार जाने की बात कहकर गई थी। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं आई तो परिजन को उसकी चिंता हुई। परिजन ने उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजन ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। **उधर** बहादुरगढ़ क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 15 वर्ष की पोती दो दिन पूर्व देर शाम को शौच करने के लिए जंगल गई थी। काफी देर तक जब वह घर वापस नहीं आई तो परिजन को उसकी चिंता हुई। परिजन ने उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है।

परिजन ने पास के ही एक भट्टे पर काम करने वाले युवक पर किशोरी का अपहरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### किसान ने पड़ोसी पर लगाया हमला करने का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव सहसपुरा निवासी संजय ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह को वह खेत पर काम रहा था। तभी पड़ोसी खेत स्वामी वहां आए और उसके खेत की मेढ़ को काटने लगे। उसने उनका विरोध किया तो आरोपी दोनों भाईयों ने उसके साथ पिटाई कर दी। पीड़ित ने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी का अपहरण कर,दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के एक मोहल्ले में घर के बाहर खेल रही 11 वर्ष की किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को पुलिस ने न्यायलय में पेश कर दिया है। सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि दो दिन पूर्व नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में महिला ने उल्लेख किया था कि सोमवार की शाम उनकी 11 साल की बेटी घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान पास के गांव में स्थित ईंट भट्ठे पर काम करने वाला युवक अपने एक साथी के साथ मिलकर उसकी बेटी अपहरण कर अपने साथ ले गया। जब बेटी घर नहीं आई, तो उन्होंने परिजनों के साथ मिलकर उसकी तलाश की। रात करीब 11 बजे बेटी नगर में ठंडी सड़क पर मिली। जिसने बताया कि आरोपी उसे अपने साथ गांव अठसैनी के जंगल में गेहूं के खेत में ले गया, जहां एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने अपहरण में सहयोग करने वाले आरोपी समेत दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

## भाजपा की कथनी और करनी में बड़ा अन्तर: पंडित गोपाल शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने प्रदेश कार्यालय से जारी बयान में कहा कि भाजपा के शासनकाल में प्रदेश की जनता महंगाई बेरोजगारी शिक्षानीति भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दे पर सरकार विफल साबित हुई। बेरोजगारी के चलते यूपी का युवा पलायन कर रहा है। भ्रष्टाचार के चलते हापुड़ से लेकर लखनऊ तक कार्यकारी अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार हो रहे हैं! प्रदेश में हत्या लूट बलात्कार की घटनाएँ तेजी से बढ़ गईं! महिलाओं को होली ओर ईद के पर्व पर फ्री मिलने वाला गैस



सिलेंडर नहीं मिला गैस सब्सिडी मिलनी बंद हो गई। जबकि इसके विपरीत भाजपा 8 वर्ष की उपलब्धियों का ढिंढोरा पीट रही है। जो की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा करती रहेगी।

## कोडिंग और रोबोटिक्स चैंपियनशिप में प्रथम रनरअप का स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/ पिलखुवा।** ज्ञान अनंत विद्यालय के छात्रों ने आईआईटी द्वारा राष्ट्रीय स्तर की कोडिंग और रोबोटिक्स चैंपियनशिप में प्रथम रनरअप का स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। आपको बताते चले आईआईटी दिल्ली द्वारा एक राष्ट्रीय स्तर की कोडिंग व रोबोटिक्स दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन आई आई टी दिल्ली के कैंपस में किया गया। जिसमें देश के अलग अलग हिस्सों से आए स्कूलों की 70 टीमों ने भाग लिया, जिसमें ज्ञान अनंत विद्यालय की 2 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पहले दिन 70 में से 34 टीमों को अगले राउंड के लिए चयनित किया, तथा अगले दिन 34 टीमों में से 3 टीमों को चैंपियन घोषित किया। जिसमें ज्ञान



अनंत विद्यालय की एक टीम ने प्रथम रनरअप के रूप में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। टीम को आईआईटी दिल्ली में शील्ड मेडल व सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया। विजयी टीम में मोहम्मद सालिक, अर्पित सिंह, आरुष कुमार, आराध्या गर्ग, अक्षिता चौधरी आदि बच्चे शामिल रहे। बच्चों के विजय होने पर स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों में खुशी की लहर है।

मोहम्मद सालिक के पिता इरफान अली ने स्कूल प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा, कि ज्ञान अनंत विद्यालय अच्छी शिक्षा के साथ साथ बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के मंच उपलब्ध करा रहा है, जिससे बच्चों का मनोबल बढ़ रहा है।

## मन्दिर व ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा

### अधिकारियों से की मामले की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्राम सौंहत गढ़ी में मंदिर प्रांगण की जमीन व ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे को लेकर गांव निवासी वीरसिंह ने सीओ को शिकायती पत्र सौंपा है।

शिकायत के अनुसार आरोपियों ने मंदिर प्रांगण और ग्राम समाज की करीब 100 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है।

## फंदेड़ी में आंगनवाड़ी के गलत चयन का आरोप

### आवेदिका ने एसडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** विकासखंड की ग्राम पंचायत फंदेड़ी सादात निवासी एक महिला आवेदिका ने गांव में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों कैंडिडेट के चयन को बीपीएल श्रेणी में दर्शाकर गलत तरीके से करने का आरोप लगाया है। महिला आवेदिका ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर जांच व कार्यवाही की मांग की है।

गांव फंदेड़ी सादात निवासी महिला आवेदिका समरीन जेहरा का आरोप है कि 5 अप्रैल को गांव में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए आवेदन किया था। 3 मार्च को दस्तावेजों की जांच के लिए समरीन को विकास भवन कार्यालय अमरोहा बुलाया गया था जहां समरीन की उपस्थिति में उसके डॉक्यूमेंट की जांच की गई थी। इसके बाद 20 मार्च को सूचना मिली की मेरिट के आधार पर ए कैंडिडेट सूची में समरीन का नाम सबसे पहले स्थान पर है लेकिन लिस्ट में चार नंबर के कैंडिडेट को डीपीएल की श्रेणी में दर्शाते हुए नंबर चार की आवेदन का शिफाजैदी का नाम चयन के लिए प्रस्तावित लिखा गया है। आरोप है कि शिफा जैदी वर्तमान में ग्राम प्रधान की पत्नी है जो की बीपीएल श्रेणी से नहीं है और समृद्ध परिवार है। महिला आवेदिका समरीन जेहरा ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर शिकायत की जांच और कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## क्रय केन्द्रों पर ताले देख लौटै नायब तहसीलदार

### रात आठ बजे तक खोलने हैं आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शासन ने गेहूं क्रय केंद्रों को रात आठ बजे तक खोलने के आदेश दिए हैं, लेकिन क्रय केंद्रों पर तैनात कर्मचारी शाम होते ही ताला लगाकर चले जाते हैं। नायब तहसीलदार के निरीक्षण में भी गेहूं क्रय केंद्रों पर ताला जड़ा हुआ मिला यहां निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार को मौजूद नहीं मिला जिससे उन्हें वापस लौटना पड़ा।

जिलाधिकारी के अधिकारियों को गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। नायब तहसीलदार मंडी धनौरा श्रीपाल सिंह बुधवार शाम करीब सात बजे मंडी धनौरा नगर में स्थित गेहूं क्रय केंद्र प्रथम व द्वितीय दोनों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। लेकिन यहां उन्हें गेहूं क्रय केंद्रो पर ताले लटके हुए मिले जिसके चलते नायब तहसीलदार को वापस लौटना पड़ा। नायब तहसीलदार श्रीपाल सिंह ने बताया कि केंद्र प्रभारियों से फोन पर सम्पर्क कर जानकारी ली गई तो उन्होंने फील्ड में जाकर गेहूं खरीद के लिए किसानों से संपर्क साधने की बात बताई है। निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर ताला लगा हुआ मिला इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को भी दी गयी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधिवक्ता की दर्दनाक मौत



**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के कुचेसर चौपला फ्लाई ओवर पर बुधवार की देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार अधिवक्ता को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अधिवक्ता की दर्दनाक मौत हो गई।जानकारी के अनुसार थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव फरीदपुर गोसाई निवासी 33 वर्षीय प्रशांत गिरी पेशे से अधिवक्ता थे और वह गढ़ न्यायालय में कार्यरत थे। बुधवार की रात वह अपनी बाइक से हापुड़ से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह कुचेसर चौपला फ्लाई ओवर पर पहुंचे तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें अधिवक्ता प्रशांत गिरी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में अधिवक्ता की बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अधिवक्ता को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया की पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की मदद से अज्ञात वाहन चालक की पहचान करने के प्रयास कर रही है। जल्द ही वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## स्वच्छता ही सेवा व स्वच्छ घाट में नगर पालिका गजरौला प्रथम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका परिषद, गजरौला का चयन स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत वर्ष 2024 में विभिन्न कार्यक्रमों एवं अभियानों यथा 'स्वच्छता ही सेवा' एवं 'स्वच्छ घाट प्रतियोगिता' में प्रथम श्रेणी में चयनित होने पर चेयरपर्सन व उनके पति पूर्व विधायक को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गयी।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा, नगर स्वच्छता प्रेरक विधायक हरपाल सिंह तथा अधिशासी अधिकारी/ एसडीएम चंद्रकांता तथा स्वच्छता प्रेरक आदेश कुमार द्वारा इस उपलब्धि पर समस्त सम्मानित नागरिकों, समस्त सभासदों व समस्त नगर पालिका स्टॉफ व सफाई कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह उपलब्धि प्राप्त हुयी है। भविष्य में भी नगर पालिका परिषद, गजरौला द्वारा उत्कृष्ट सेवाओं को प्रदान करते हुये अपने शहर को स्वच्छता तथा अन्य मानकों पर निरन्तर शहर का चहुमुखी विकास किया जायेगा तथा स्मार्ट सिटी के तौर पर पूरे देश में एक अलग पहचान कायम की जायेगी। चेयरपर्सन ने कहा कि नगर को विकास के मामले में आगे बढ़ाना उनकी हमेशा प्राथमिकता रही है। आगे भी यह सिलसिलता चलता रहेगा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या दूर की जाए

### भाकियू अराजनैतिक ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाकियू अराजनैतिक ने बिजली समस्या दूर करने व अवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा।

गुरूवार को भाकियू कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग करते कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसमें सुधार किया जाये। अवारा पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। आंदोलन चलाकर इन्हें पकड़कर गौशाला भिजवाया जाये। जल निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए जो सड़कें क्षतिग्रस्त की गयी हैं उनकी मरम्मत हो। मध्य गंगा नहर में पानी छुड़वाया जाये। किसानों को समस्त गन्ने का भुगतान हो। अधिकांश गांवों में नालियां टूटी पड़ी हैं व तालाब उफान पर हैं। इस समस्या को दूर किया जाये। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग को जल्द पूरा नहीं किया गया तो वह धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में चौधरी महावीर सिंह, विनीत, विरेन्द्र सिंह, रणवीर सिंह, नरेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, सुधाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिले में मिली 3464 वक्फ संपत्तियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में वक्फ संपत्तियों की पड़ताल में बड़ा खुला. सा हुआ है। लोकसभा में वक्फ बिल पास होने के बाद योगी सरकार ने जिलेवार वक्फ संपत्तियों का ब्योरा तैयार करवाया है। जिले की सात तहसीलों में कुल 3,464 वक्फ संपत्तियां चिह्नित की गई हैं। सदर तहसील में सबसे अधिक 1,075 संपत्तियां मिली हैं। खुर्जा में 750, अनूपशहर में 578, सिकंदराबाद में 449, शिकारपुर में 236, डिबाई में 203 और स्याना तहसील में 173 वक्फ संपत्तियां हैं। इन संपत्तियों की कुल कीमत अरबों रुपये है। लेकिन वक्फ बोर्ड को इनसे मामूली आय प्राप्त होती है। कस्टोडियन इन संपत्तियों से कमाई तो करते हैं, पर इनकी देखभाल पर खर्च नहीं करते। कई जगहों पर अवैध कब्जे भी किए गए हैं। वक्फ संपत्तियों का मूल उद्देश्य गरीबों, बेसहारा, विधवाओं और अनाथों की मद्द करना था। इन जमीनों पर अस्पताल, मुसाफिर खाना और यतीमखाना खोले जाने थे। लेकिन यह उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। कस्टोडियन ने इन्हें निजी कमाई का जरिया बना लिया। सभी वक संपत्तियों का विवरण धारा 37 रजिस्टर में दर्ज किया जाता है। इसमें संपत्ति का पूरा ब्यौरा होता है। चाहे वह कृषि भूमि हो, प्लॉट हो, बाग हो या व्यावसायिक संपत्ति। अलीगढ़ और बुलंदशहर जिलों में करीब 50 हजार बीघा भूमि राजा लाल सिंह के वंशज बासित अली खां ने वक्फ की थी। बादशाह अकबर के काल में राजघराने के लाल सिंह मुस्लिम धर्म अपनाकर लाल खां बन गए थे। तब से यह परिवार मुसलमान है। बताते हैं कि नवाब छतारी अहमद सईद खां और बासित अली खां ममेरे भाई थे। वक्फ की गई जमीनों पर वर्तमान में अवैध कब्जे कर लिए गए हैं। ज्यादातर जमीनों का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मानवेन्द्र राजपूत ने बताया जिले में वक्फ सम्पत्तियां का चिन्हीकरण कर लिया गया है। जिले में कुल 3464 वक सम्पत्तियां मिली है। ये वक्फ सम्पत्तियों की सूची शासन को भेज दी गई है। आदेश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने दतिया में किया क्राप कटिंग का निरीक्षण



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम दतिया में क्रॉप कटिंग के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने गांव दतिया में जाकर गेंहू की फसल का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने गेंहू की उपज के संबंध में किसान से जानकारी ली। निरीक्षण करते समय उपस्थित किसानों से जिलाधिकारी ने विभिन्न फसलों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा बाजार में होने वाले घाटे व मुनाफे के बारे में किसानों से वार्ता भी की। जिलाधिकारी ने स्वयं जरीब के माध्यम से 10 मीटर का समबाहु त्रिभुजाकार प्लॉट निर्धारित करते हुए किसानों से अपने सामने कॉप कटिंग कराई। कॉप सर्वे में खरीफ, रबी व जायद की प्रमुख खाद्य व अखाद्य फसलों की उपज का अनुमान लगाने तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत आच्छादित कृषकों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति प्रदान करने हेतु फसल कटाई प्रयोगों का संपादन किया जाता है।

# नए सत्र में तिलक लगा किया बच्चों का स्वागत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** बेसिक शिक्षा परिषद के 2200 प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए जारी रिजल्ट में 2.5 लाख से अधिक विद्यार्थी सफल हुए हैं। एनुअल रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत पांडेय ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शिक्षकों से आगामी सत्र 2025-26 के लिए कड़ी मेहनत करने का आहवान किया। नए सत्र की शुरुआत संविलियन विद्यालय हरिश्चंद्रनगर में नए सत्र की शुरुआत विशेष रूप से की गई। यहां छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सर्व शिक्षा अभियान के तहत सब पढ़े-सब बढ़े के नारे को साकार करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की गई। शिक्षा से वंचित न रहें बच्चे कार्यक्रम में विशेष रूप से 6 से 14 वर्ष के बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया गया। यह बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि इस आयु वर्ग का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम में रूस्तम जहां, विधुलेखा कौशिक, निधि चौधरी, फराह ग्यास और नजर अब्बास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मां कात्यायनी की पूजा को मंदिरों में भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले के विभिन्न स्थानों पर स्थित मंदि. रों में गुरुवार को दुर्गा मैया के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा की गई। भक्तों ने रोग मुक्त रहने की मनोकामना की। जिले के शहर के राजराजेश्वर मंदिर, भवन देवी मंदिर, खुर्जा के श्रीनव दुर्गा शक्ति मंदिर सहित जिले के सिकंदराबाद, स्याना, शिकारपुर, अनूपशहर आदि स्थानों पर स्थित मंदिरों में मैया को मां कात्यायनी के स्वरूप में सजाया गया। नव दुर्गा शक्ति मंदिर के आजीवन सचिव रोहित अग्रवाल ने बताया कि कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना कर कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी हुआ। मैया की उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। मैया की चार भुजाएं हैं। दाईं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुक्ता में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुक्ता में। मां के बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल

## मजदूर ने किया कीटनाशक का सेवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** कस्बा निवासी युवक ने गृह क्लेश के चलते कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजनों के द्वारा गंभीर हालत में युवक को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन हालत में सुधार न होने के कारण युवक को मेरठ रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सैदनगली कस्बे में ही स्थित एक खाद की दुकान पर नौकरी करता था। किसी बात को लेकर गुरुवार की सुबह घर पर उसकी किसी बात को लेकर अनबन हो गई तो युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई फिलहाल उसका उपचार मेंरठ में चल रहा है । फिलहाल कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

# जेडब्लूसी की समीक्षा, सीडीओ ने की सभी विभाग आपस में सामान्यजस बैठाकर करें कार्य



**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारीध संयुक्त कार्य समिति के अध्यक्ष मनीष मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को राजीव भवन स्थित अपने कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में जेडीसी की बैठक में समीक्षा करते हुए सहकारिता विभाग, दुग्ध विभाग एवं मत्स्य विभाग को निर्देश दिए गए कि जनपद में अनाच्छादित एवं अल्पलेवित ग्राम पंचायतोंध ग्राम प्रधानों निष्क्रिय सहकारी समितियों का चिह्निांकन क करते हुए निष्क्रीय पड़ी समितियों को पुनः संचालन प्रारंभ किया जाए। सहायक आयुका एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने सीडीओ को अवगत कराया कि निष्क्रिय समितियों एवं परिसमापन के अर्तगत समितियों की संख्या के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने निष्क्रीय समितियों को पुनः सक्रिय की कार्यवाही होने की कार्रवाई के बारे में अवगत गया। सहकारिता विभाग की 25 नई समितियों का भी तुंरत गठन किया जाए। दुग्ध विकास विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में 84 नई समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिनका ग्राम सभाओं का चिन्हांकन करने का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। जबकि मत्स्य विभाग द्वारा वर्ष 2025-2026 में नई समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग, दुग्ध विभाग आपस में सामंजस्य स्थापित करते बंद पड़ी समितियों को पुन आच्छादित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## पुष्प वर्षा कर किया बेनहर गुरुकुल में विद्यार्थियों का स्वागत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** बेनहर गुरुकुल , टनकपुर रोड कैम्पस पीलीभीत में सत्र 2025-26 की शुरुआत विद्यार्थियों के भव्य स्वागत के साथ हुई। संपूर्ण विद्यालय परिसर को गुब्बारों से सजाया गया और विद्यार्थियों ने रिबन काटकर विद्यालय में प्रवेश किया। प्रवेश के दौरान अध्यापक अध्यापिकाओं ने उन पर फूलों की वर्षा की। प्रधानाचार्या डॉ निर्मल कौर ने सभी नए और पुराने विद्यार्थियों का स्वागत किया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सत्र 2024-25 में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को माला पहनाकर प्रोत्साहित किया।विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सेहमी एवं संस्थापिका श्रीमती रंजीत सेहमी ने भी सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें शुभाशीष प्रदान किया।

## 6 अवैध ईंट भट्टे बंद, 17 को नोटिस

बुलंदशहर। जिला प्रशासन ने पर्यावरण मानकों की अनदेखी करने वाले ईंट भट्टों पर बड़ी कार्रवाई की है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति के बिना चल रहे 6 ईंट भट्टों को तत्काल बंद करा दिया गया है। एनसीआर में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करते हुए निर्धारित समय से पहले शुरू किए गए 17 भट्टों को नोटिस जारी किए गए हैं। डीएम श्रुति के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में तहसील टीम, खनन अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दमकल विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरणीय मानकों का पालन कराना है। प्रशासन ने कहा है कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। इससे जिले के सभी भट्टे नियमों का पालन करेंगे और लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा।

# एसएसपी एक पखवाडे में दूसरी बार बने बैडमिंटन चैंपियनशिप के विजेता



**मथुरा।** राइफल क्लब सिविल लाइन मथुरा में खेले जा रहे हिट एंड फिट बैडमिंटन टूर्नामेंट सीजन 12 के फाइनल में डीआईजीध एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने साथी खिलाड़ी पारस उपाध्याय के साथ अपने प्रतिद्वंदी सुशील कुमार चतुर्वेदी एवं कृष्णा सिंह (जिमी)की जोड़ी को तीन मैचों के फाइनल में 2-1 से हराकर लगातार दूसरा टूर्नामेंट जीत लिया। इस टूर्नामेंट में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडे ने भी लीग मैचों में अपने शानदार खेल से सभी को बहुत प्रभावित किया।

जबकि नीरज गर्ग एवं संदीप सिंह की जोड़ी ने अपने संघर्षपूर्ण खेल का प्रदर्शन करके जमकर तालियां बटोरी। अंततः जिला कमांडेंट होमगार्ड शैलेंद्र प्रताप सिंह एवं मनोज बंसल ने उन्हें हराकर चौथे स्थान पर धकेल दिया। फाइनल मुकाबले के मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानन्द पांडेय ने विजय खिलाड़ियों को ट्राफियां एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पुरुस्कार प्राप्त करने के बाद एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने अपनी जीत को कड़ी मेहनत का फल बताया। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रशासन एवं समाजसेवियों का सामंजस्य स्थापित होता है। उल्लेखनीय है कि विगत 15 दिन पूर्व खेले गए टूर्नामेंट में भी वह विजेता बने थे। बहुत कम समय में ही उन्होंने चुनौती को स्वीकार कर अपनी श्रेष्ठता साबित कर दी। इस अवसर पर सुभाष बृजवासी, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा मुन्ना भैया, प्रमुख उद्योगपति सुशील कुमार चतुर्वेदी, कृष्णा सिंह (जिमी), राकेश कुमार मित्तल, रविकांत, सतवीर सिंह, पारस उपाध्याय, मनोज बंसल एडवोकेट, संदीप सिंह यादव, नीरज गर्ग आदि उपस्थित थे।

# रिट पिटीशन पर उप जिलाधिकारी ने किया आदेश

**मथुरा।** फर्जी जाति प्रमाण पत्र से बने प्रधान, बीडीसी, पार्षद लगातार हो रहे हैं बर्खास्त क्रम में जनपद मथुरा के ग्राम पंचायत वाटी में धनगर लिखवाकर फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाण से बना प्रधान माननीय एसडीएम न्यायालय सदर मथुरा ने बर्खास्त कर दिया है 2021 के पंचायत चुनाव में संजय बघेल बने थे प्रधान जनपद गाजियाबाद से अपनी जाति गड़ेरिया जो पिछड़े वर्ग में शामिल है को छुपाकर कूटरचित तरीके से फर्जी धनगर लिखवाकर बनवाया जाति प्रमाण पत्र जो जांच में फर्जी पाया गया स्कूटनी कमेटी गाजियाबाद ने तीन बार निरस्त कर दिया उसके बाद कमिश्नर मेरठ के यहां संजय बघेल ने अपील करते हुए अपना प्रमाण पत्र बैध बताया लेकिन कमिश्नर मेरठ ने भी निरस्त कर दिया चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे पूर्व प्रधान प्रेमचंद ने एसडीएम न्यायालय सदर में डाली थी चुनाव याचिका जिसकी सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय ने प्रधान संजय बघेल को न्यायिक जजमेंट द्वारा बर्खास्त कर दिया है इससे पहले भी हो चुके हैं कई प्रधान, बीडीसी, पार्षद, सांसद बर्खास्त क्योंकि धनगर कोई जाति नहीं है उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जाति की सूची क्रमांक 27 पर (धंगड़) कींदहमत सूचीबद्ध है धनगर नहीं जो केवल सोनभद्र जनपद में पाई जाती है केवल 0.5 प्रतिशत हैं जो आदिवासी लोग हैं वाकी पूरे उत्तर प्रदेश में कहीं भी (धंगड़) कींदहमत जाति नहीं पाई जाती है कुछ लोग अंग्रेजी शब्द का गलत अर्थ निक. ालकर मिसयूज कर (धनगर) लिखवाकर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी करा रहे हैं जो इस तरह के प्रमाण पत्र बने हैं सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद में स्कूटनी कमेटी बनाकर निरस्त किये जा रहे हैं कहीं भी इस तरह के प्रमाण पत्र जारी नहीं हो रहे हैं डॉ अम्बेडकर समाज सेवा ट्रस्ट भारत रजि0 लगातार पैरवी कर रहा है किसी भी जाति को आरक्षण में फेरबदल करने का अधिकार केवल संसद को है 18 राज्यों की सहमति के बाद बाकी किसी को अधिकार नहीं है इस केस की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट प्रेम प्रकाश सहित पूरी टीम पूरे उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी पैरवी कर रहे हैं।

## रिलेक्सो के शोरूम में शार्ट सर्किट से भीषण आग, लाखों का माल जलकर खाक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** गुरुवार सुबह शहर की सुनहरी मस्जिद के नजदीक रिलेक्सो शो रूम में शार्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि तीन दमकल की गाड़ियां भी आग पर काबू नहीं पा सकी। जिस पर बरेली के नबावगंज से दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया। इस क्षेत्र की विद्युतापूर्ति बंद कर दी गई इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने कई बार खदेड़ा। घटना गुरुवार 11 बजे की है। शहर के मेन मार्केट में सुनहरी मस्जिद के समीप रिलैक्सो चप्पल और जूतों का शोरूम है। बताते हैं कि सुबह जब कर्मचारी शोरूम खोलने पहुंचे तब शो रूम के अंदर से धुंआ निकल रहा था। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई सूचना मिलते हैं दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई लेकिन वे आग पर कंट्रोल नहीं कर सकी। तब पड़ोसी जनपद बरेली के नवाबगंज से दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद इस भयानक आग पर काबू पाया गया अनुमान लगाया जा रहा है कि लाखों का माल जलकर खाक हो गया।

# उत्पीड़न करने वाले कर्मियों को हटाया जाए

### भाकियू की पंचायत में अधिकारियों को बुलाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन अम्बावत ने किसानों की पंचायत में कई विभाग के अधिकारियों को भेजे जाने की मांग की है।

गुरुवार को भारतीय किसान अम्बावत में एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देते हुए कहा कि क्षेत्र के किसानों की अनेकों समस्याएं हैं। उन्होंने बताया थाना आदमपुर की चौकी में तैनात आरक्षी कपिल कुमार गांव पोरारा के हल्का लेखपाल सतीश चकबंदी के प्रदीप किसानों का उत्पीड़न करने में लगे हुए हैं। कई बार इनकी शिकायत की गई है लेकिन इनका कोई रोकने वाला नहीं है।

जिससे उनके हौसले बुलाने हैं। उन्होंने कहा कि यदि इनको नहीं हटाया गया तो 4 अप्रैल से संगठन एसडीएम कार्यालय के सामने भूख हड़ताल करेगा। उन्होंने कहा कि अब किसानों का किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जायेगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया आरिफ अली मनीष कुमार देवेंद्र त्यागी पान सिंह प्रेम सिंह इरशाद मलिक धर्म सिंह आदि मौजूद थे।

## माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेश के लिए अभियान चलाएं

### डीएम ने ली शिक्षा अधिकारियों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों की नामांकन दर बढ़ाने के लिए अभियान चलाये जाने का आह्वान किया है। डीएम ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में खंड शक्षा अधिकारी नामांकन बढ़ाने के लिए बनाये गये नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि अभियान चलाकर कक्षा आठ उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र छात्राओं का प्रवेश सुनिश्चित् कराया जाये। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होने चाहिए। रोजाना कितने नामांकन कराये गये इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। डीएम ने कहा कि यह अभियान एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक चलाया जायेगा। सभी बीआईओ अपने अपने क्षेत्र के अन्तर्गत कितने उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं उसमें कितने छात्र छात्राएं पंजीकृत हैं और कितने उत्तीर्ण हुए तथा कितनों ने प्रवेश लिया इसका रजिस्टर तैयार करें। उन्होने कहा कि माध्यमिक शिक्षा व बेसिक की सही रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। इसके लिए अभिभावकों के साथ मीटिंग व काउंसिलिंग कराये तथा उन्हें अपने बच्चों को आगे पढ़ाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप सिंह, डीआईओएस वीपी सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नए आत्मविश्वास के साथ लखनऊ से भिड़ेगी मुंबई




### मुंबई इंडियंस एलएसजी को चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है

### कप्तान पंत की खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय

**लखनऊ, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स पर शानदार जीत के बाद मुंबई इंडियंस शुक्रवार को आत्मविश्वास और जोश के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ आईपीएल 2025 के 16वें मैच में उतरेगी।

मुंबई के गेंदबाजों ने केकेआर को सिर्फ 116 रनों पर ढेर कर दिया था जिसके बाद रेयान रिकेल्टन के नाबाद 62 रनों के साथ-साथ सूर्यकुमार यादव के नौ गेंदों पर 27 रनों की धमाकेदार पारी से आसान लक्ष्य हासिल कर लिया था। उस मैच में नए खिलाड़ी अश्विनी कुमार ने चार विकेट लेकर प्रभावित किया जबकि दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट पावरप्ले में प्रभावी रहे। इसके अलावा पिछले आमने-सामने के रिकॉर्ड के बावजूद, मुंबई इंडियंस एलएसजी को चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है। लखनऊ ने आईपीएल में मुंबई के खिलाफ अपने छह मुकाबलों में से पांच में जीत हासिल करते हुए बढ़त हासिल की है। हालांकि, कोलकाता पर मुंबई इंडियंस की हालिया जीत से एलएसजी को संभल कर रहना होगा। निकोलस पूरन ने अब तक एलएसजी की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

उन्होंने पिछले तीन मैचों में 220 के स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाए हैं। इस मैच में भी हर एक की निगाहें उनके प्रदर्शन पर होंगी। एलएसजी अपने पिछले घरेलू मैच में पंजाब किंग्स से आठ विकेट से मिली करारी हार से उबरना चाहेगी। मिचेल मार्श और पूरन ने बल्लेबाजी का बहुत भार उठाया है, और उनकी विफलता अक्सर टीम की कमज़ोरी को उजागर करती है। कप्तान ऋषभ पंत की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, जबकि आयुष बदोनी और अब्दुल समद ने निचले क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी विभाग में शार्दुल ठाकुर ने तीन मैचों में छह विकेट लिए हैं, लेकिन वे महंगे साबित हुए हैं और 10-22 की इकॉनमी रेट से रन दिए हैं। आकाश दीप की वापसी से आक्रमण को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई अपने अब तक के निराशाजनक प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगे। चहर और बोल्ट की अगुआई में मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण पावरप्ले में प्रभावी रहा है। डेब्यूटेंट अश्विनी ने पिछले गेम में चार विकेट लेकर प्रभावित किया और वे फिर से अहम भूमिका निभा सकते हैं। बीच के ओवरों में मिशेल सेंटनर का अनुभव महत्वपूर्ण होगा, जबकि युवा तेज गेंदबाज विग्नेश पुथुर को सफलता के लिए बुलाया जा सकता है। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम की पिच संतुलित होने की उम्मीद है, जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद करेगी। दूसरी पारी में ओस के कारण लक्ष्य का पीछा करना बेहतर विकल्प हो सकता है। आईपीएल के इतिहास में इस स्थान पर जीत के लिए सबसे बड़ा सफल लक्ष्य का तीन विकेट पर 199 रन है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी संभालेंगे क्रिकेट परिषद की कमान

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह गुरुवार से यह जिम्मेदारी संभालेंगे। इसकी जानकारी देते हुए एसीसी ने कहा- उनका नेतृत्व ऐसे समय में आया है जब एशियाई क्रिकेट निरंतर विकसित हो रहा है और पूरे क्षेत्र में अधिक अवसर, नवाचार और सहयोग ला रहा है। नकवी ने यह जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा- मैं एशियाई क्रिकेट परिषद की अध्यक्षता ग्रहण करके बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एशिया विश्व क्रिकेट की धड़कन बना हुआ है और मैं खेल के विकास और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने के लिए सभी सदस्य बोर्डों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। साथ मिलकर हम नए अवसरों को खोलेंगे, अधिक सहयोग को बढ़ावा देंगे और एशियाई क्रिकेट को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

### रमन सुब्रमण्यन फिर कोच के रूप में यूटीटी में करेंगे पदार्पण

**अहमदाबाद, वार्ता।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता रमन सुब्रमण्यन, जर्मन विशेषज्ञ क्रिस फिर, अनुभवी प्रशिक्षक पावेल रेहोरेक, जूलियन गिरार्ड और भारत के पूर्व नंबर 1 जुबिन कुमार अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के सीज़न 6 में कोच के रूप में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। यह संस्करण ऐतिहासिक रूप से पहला है, क्योंकि फ्रैंचाइज़ी को अपने कोचिंग स्टाफ़ को स्वतंत्र रूप से चुनने की स्वतंत्रता दी गई है। इनके साथ वापसी करने वाले कोच एलेना टिमिना, पराग अग्रवाल, सुभाजीत साहा, सौम्यदीप रॉय और सचिन शेट्टी भी शामिल हैं, जिनका लक्ष्य अपना दूसरा यूटीटी खिताब हासिल करना है।

### लाहौर में पाक महिला क्रिकेट टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरु

**लाहौर, वार्ता।** ईद-उल-फितर के लिए चार दिवसीय अवकाश के बाद गुरुवार को एलसीसीए मैदान पर पाकिस्तानी महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरू हो गया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह शिविर आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफाइंग दौर के लिए राष्ट्रीय टीम की तैयारी के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान लाहौर के दो स्थानों गद्दाफी स्टेडियम और एलसीसीए मैदान पर कर रहा है। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को एलसीसीए मैदान पर थाईलैंड के साथ अभ्यास मैच खेलेगी। पाकिस्तान और थाईलैंड के अलावा, क्वालीफायर में भाग लेने वाले अन्य देशों में वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, आयरलैंड और स्कॉटलैंड शामिल हैं। फाइनल 19 अप्रैल को गद्दाफी स्टेडियम में होगा।

# खराब बैटिंग के कारण हारी आरसीबी

- गुजरात आठ विकेट से जीता, सिराज बोले कि बेंगलुरु आकर थोड़ा इमोशनल हो गया



**बेंगलुरु, वार्ता।** 18वें सीजन में घरेलू मैदान पर पहली बार खेलने उतरी रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु को 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने पहले बैटिंग की। टीम ने 40 गेंद के अंदर 4 विकेट गंवा दिए, यहां से स्कोर 200 के करीब नहीं जा सका। बेंगलुरु ने 8 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। गुजरात ने 17.5 ओवर में 2 विकेट खोकर आसानी से टारगेट हासिल कर लिया। साई सुदर्शन ने 49 और जोस बटलर ने 73 रन बनाए। मोहम्मद सिराज को 3 विकेट मिले। आरसीबी से लियम लिविंगस्टन ने 54 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बालिंग करने उतरी गुजरात से मोहम्मद सिराज ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने अपने दूसरे ही ओवर में देवदत्त पडिक्कल को बोल्ड कर दिया। उन्होंने फिर पांचवें ओवर में फिल साल्ट को भी बोल्ड किया। सिराज ने अपना स्पेल 19 रन पर 3 विकेट लेकर खत्म किया। मैं थोड़ा इमोशनल हो गया, मैंने यहां 7 साल तक आईपीएल खेला है। जर्सी का कलर लाल से नीला होना मेरे लिए इमोशनल रहा। मुझे रोनाल्डो बहुत पसंद हैं, इसलिए विकेट लेने के बाद उनकी तरह सेलिब्रेट करता हूं। टीम इंडिया से ब्रेक मिला तो मैंने अपनी फिटनेस और गलतियों पर काम किया। गुजरात में शामिल होने के बाद मैंने आशीष नेहरा से बात की। उन्होंने मुझे एंजाय करने के लिए कहा। ईशांत भाई ने मुझे बताया कि किस लाइन पर बालिंग करनी है। मेरा माइंडसेट यही है कि बस खुद पर भरोसा करना है। मिडिल ओवर्स में बालिंग करने आए साई ने आरसीबी बैटर्स को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने 4 ओवर में महज 22 रन दिए, उन्होंने जितेश शर्मा और क्रुणाल पांड्या को पवेलियन भी भेजा। 5वें ओवर में गुजरात ने पहला विकेट गंवा दिया। यहां से बटलर ने सुदर्शन के साथ 75 रन की पार्टनरशिप की। उन्होंने 73 रन बनाए और टीम को जीत दिला दी। 170 के टारगेट के सामने गुजरात को ओपनर सुदर्शन ने मजबूत शुरुआत दिलाई। उन्होंने 36 गेंद पर 49 रन बनाए।

# सूर्या ने किए रामलला के दर्शन

### सूर्यकुमार यादव के अलावा दीपक चाहर और कर्ण शर्मा समेत अन्य खिलाड़ी भी पहुंचे



**अयोध्या, वार्ता।** टीम इंडिया में टी-20 टीम के कप्तान और मुंबई इंडियंस के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को यहां श्रीरामजन्मभूमि में भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन किए। सूर्य कुमार यादव आईपीएल में लखनऊ के खिलाफ मुंबई इंडियंस टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

लखनऊ और मुंबई के बीच मैच शुक्रवार को इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा। मैच की पूर्व संध्या पर उन्होने आज अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फिर दिव्य और भव्य मंदिर में विरा. जमान रामलला का आशीर्वाद लिया। उनके साथ दीपक चाहर और करण शर्मा समेत मुबंई इंडियंस के अन्य खिलाड़ियों के अलावा प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी के मुख्य पुजारी हेमंत दास थे।

इस अवसर पर उन्होने अनौपचारिक बात. चीत में कहा कि अयोध्या का विकास बहुत तेजी से हो रहा है और राम मंदिर के बनने से आसपास के जो भी जिले थे उनका भी विकास हो रहा है। मंदिर बहुत भव्य बना हुआ है। आईबी के निद. ेशक तपन डेका ने भी प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर और श्रीरामजन्मभूमि परिसर में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। उनके साथ में अयोध्या रेंज के आई-जी- प्रवीण कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर भी मौजूद थे।

### हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप झांसी में

**झांसी, वार्ता।** चार से 15 अप्रैल तक खेली जाने वाली 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 30 टीमें हिस्सा लेंगी। झांसी के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में टूर्नामेंट में खेला जाएगा।

# आईसीसी के टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंचे जैकब डफी

### 2018 के बाद टॉप पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज

**दुबई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी आईसीसी के टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। डफी ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी-20 में शानदार प्रदर्शन किया। डफी ने नंबर-1 का ताज वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर अकील होसेन को हटा कर हासिल किया है।

उन्होंने पाक के खिलाफ 2 टी-20आई मैचों में 5 विकेट झटके थे और अपनी टीम को सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। डफी को चार स्थान का फायदा डफी ने चार पायदान का छलांग लगाया है। उनके 723 अंक हो गए हैं। वहीं अकील दूसरे स्थान पर हैं। उनके 714 अंक हैं। भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती (706 रेटिंग) को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है और अब वह दूसरे से तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड के आदिल रशीद, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और आस्ट्रेलिया के एडम जम्पा भी एक-एक पायदान नीचे लुढ़क गए हैं। रशीद चौथे पर जबकि हसरंगा पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं। जम्पा छठे नंबर चले गए हैं। इसके बाद नंबर-7 से लेकर नंबर-10 के गेंदबाजों की पाजिशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में लिए 13 विकेट डफी ने पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए पांच टी-20 मैचों की सीरीज में 13 विकेट लिए। जिसमें एक मैच में उन्होंने 14 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं न्यूजीलैंड ने सीरीज को 4-1 से जीता। 2018 के बाद किसी न्यूजीलैंड गेंदबाज ने टी-20 में टाप पर पहुंचा डफी 2018 के बाद टी-20 में टाप रैंकिंग पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड गेंदबाज बन गए हैं। 2018 में ईश सोढ़ी ने टी-20 में टाप पर पहुंचे हैं। 2020 में डफी ने टी-20आई में किया डेब्यू डफी 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना टी-20आई डेब्यू किया। उन्होंने अब तक खेले 23 मैचों में 32 विकेट लिए हैं।

# गुवाहाटी को पहली बार टेस्ट क्रिकेट की मेजबानी

### दिसम्बर में साउथ अफ्रीका और भारत का मुकाबला, वेस्टइंडीज से भी भिड़ेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया की मेंस टीम अक्टूबर से दिसम्बर के बीच वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से सीरीज खेलेगी। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम को पहली बार टेस्ट की मेजबानी मिली। यहां साउथ अफ्रीका से भारत का मुकाबला होगा। इस दौरान मोहाली के मुल्लांपुर में बने स्टेडियम में पहली बार कोई मेंस इंटरनेशनल मैच भी खेला जाएगा। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट की सीरीज अक्टूबर में होगी। जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज नवम्बर-दिसम्बर में खेलेगी। इस बीच टीम इंडिया आस्ट्रेलिया जाकर 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज भी खेलेगी। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार टेस्ट मैच होगा। टीम इंडिया का होम सीजन वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज से शुरू होगा। 2 अक्टूबर से दोनों टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जाएगा। 10 अक्टूबर से फिर कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं।

# महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए अंपायर, मैच अधिकारी घोषित

- छह टीमों का यह टूर्नामेंट 9 से 19 अप्रैल तक पाक में होगा

**दुबई, वार्ता।** इस महीने होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए अंपायर और मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। छह टीमों का यह टूर्नामेंट नौ से 19 अप्रैल के बीच पाकिस्तान में होगा, जिसमें दो शीर्ष टीमें इस साल के आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में अपनी जगह पक्की करेंगी। पैनल में 10 अंपायर और तीन मैच रेफरी शामिल होंगे, जबकि मेजबान देश पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व फैजल खान अफरीदी और सलीमा इम्तियाज अंपायरिंग पैनल में करेंगे। पिछले साल सलीमा आईसीसी अंपायरों के पैनल में शामिल होने वाली पाकिस्तान की पहली महिला बनीं थीं। उन्होंने उस समय कहा था कि वह एशियाई देश के अंपायरों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेंगी। सलीमा ने कहा कि यह सिर्फ मेरी जीत नहीं है, यह पाकिस्तान की हर महत्वाकांक्षी महिला क्रिकेटर और अंपायर की जीत है। मुझे उम्मीद है कि मेरी सफलता अनगिनत महिलाओं को प्रेरित करेगी, जो खेल में अपनी पहचान बनाने का सपना देखती हैं। आईसीसी मीडिया स्टेटमेंट के अनुसार, बांग्लादेश के पैनल में मसुदुर रहमान मुकुल और शतीरा जाकिर जेसी के रूप में दो अंपायर भी हैं, जबकि जिम्बाब्वे की सारा दंबनेवाना के साथ डोनोवन कोच, बैब्स गकुमा, कैंडेस ला बोर्डे, डेडुनु डी सिल्वा और शॉन हैग भी शामिल हैं। अली नकवी, शैंड्रे फिट्ज़ और टुडी एंडरसन मैच रेफरी के रूप में मौजूद रहेंगे और आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक अंपायर और रेफरी, सीन ईज़ी का मानना है कि यह टूर्नामेंट पूरे पैनल को अपनी साख दिखाने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा। ईज़ी ने कहा कि यह हमारे नियुक्त मैच अधिकारियों के लिए एक रोमांचक अवसर है, जो इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट की देखरेख कर रहे हैं, जो विश्व कप की राह पर टीमों के लिए अंतिम कदम है। हमारे अधिकारी अनुभवी और अच्छी तरह से तैयार हैं, और हम उन्हें इस आयोजन में भाग लेते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं।

**रेफरी:** अली नकवी (पाकिस्तान), शैंड्रे फिट्ज़ (दक्षिण अफ्रीका), टुडी एंडरसन (न्यूजीलैंड)।

**अंपायर:** बैब्स गकुमा (द. अफ्रीका), कैंडेस बोर्डे आदि।

# इंग्लैंड का लक्ष्य विश्व कप : कोच एडवर्ड्स



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की नवनियुक्त कोच चार्लोट एडवर्ड्स का मानना है कि उनकी टीम जल्द ही अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में सक्षम है और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब के लिए चुनौती पेश कर सकती है।

इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में निराशा. जनक प्रदर्शन और उसके बाद जॉन लुईस और लंबे समय स कप्तान हीथर नाइट के जाने के बाद एडवर्ड्स को इंग्लैंड की महिला कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। एडवर्ड्स के लिए सबसे पहला काम इस साल के आखिर में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा।

नई कोच ने कहा है कि वह विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान कई युवा खिलाड़ियों को भरपूर मौके देंगी। एडवर्ड्स ने बुधवार को लॉर्ड्स में कहा कि हमारे पास बहुत से युवा खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मेरे हिसाब से पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए मैं चाहती हूं कि वे अधिक क्रिकेट खेलने का अनुभव लें।

# कोलकाता ने हैदराबाद को 201 रन का टारगेट दिया

- हैदराबाद के ट्रैविस हेड पहले ओवर में आउट, वैभव अरोड़ा ने कैच कराया





**कोलकाता, वार्ता।** डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के 15वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 201 रन का टारगेट दिया है। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 200 रन बनाए।

आईपीएल के 18वें सीजन में 7वीं बार स्कोर 200 तक पहुंचा। एसआरएच ने 1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 6 रन बना लिए हैं। टीम से अभिषेक शर्मा और ईशान किशन पिच पर हैं। ट्रैविस हेड 4 रन बनाकर पहले ओवर में आउट हो गए, उन्हें वैभव अरोड़ा ने कैच कराया। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया। अभिषेक शर्मा के साथ ओप. निंग उतरे ट्रैविस हेड 4 रन बनाकर कैच आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने ओवर की दूसरी ही गेंद पर पवेलियन भेज दिया। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे हर्षल पटेल ने 13 रन खर्च किए। इस ओवर में दो विकेट गिरे। आंद्रे रसेल (1 रन) रनआउट हुए, जबकि वेंकटेश अय्यर को हर्षल ने अनिक. ेत वर्मा के हाथों कैच कराया। वे 60 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में वेंकटेश अय्यर ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने पैट कमिंस के ओवर में लगातार चार बाउंड्री लगाई। इसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल रहा। 18वें ओवर में कोलकाता ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। इस ओवर में वेंकटेश अ"यर ने लगातार दो चौके लगाए। जबकि रिंकू सिंह ने एक छक्का जड़ा। 13वें ओवर में कोल. काता ने चौथा विकेट गंवाया। यहां अंगकृष रघुवंशी 50 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कमिंडु मेंडिस ने हर्षल पटेल के हाथों कैच कराया। इस ओवर की पहली बाल पर अंगकृष ने फिफ्टी पूरी की थी। 12वें ओवर की पहली बाल पर अंगकृष रघुवंशी को जीवनदान मिला। नीतीश रेड्ड्डी से मिडविकेट पर उनका कैच ड्राप हो गया। यहां रघुवंशी 43 रन पर खेल रहे थे। इसी ओवर में टीम का स्कोर 100 रन का आंकड़ा पार कर गया। 11वें ओवर में कोलकाता ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान अजिंक्य रहाणे 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जीशान अंसारी ने विकेटकीपर हेनरिक क्लासन के हाथों कैच कराया। जीशान ने 81 रनों की साझेदारी तोड़ी। 8वें ओवर में अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंश ने तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। टीम ने 16 रन के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवाया था।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

## ट्रम्प के टैरिफ का असर

अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। इससे पहले ट्रम्प ने घोषणा की थी कि वह भारत पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। भारत को भी अमेरिका की इस नीति का जवाब देना चाहिए। ऐस समय में भारत की विदेश नीति बहुत काम आ सकती है। क्योंकि ऐसा नहीं है कि भारत ही अमेरिका से आयात करता हो, अमेरिका भी भारत से कुछ चीजों का आयात करता है। आयात और निर्यात देशों की आपसी विदेश नीति का हिस्सा है। जो किसी भी देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दे सकती है। टैरिफ के मामले अगर दो देश आमने-सामने हो जाएं, तो देशों के विकास में अवरोध आ सकता है। इसलिए किसी भी देश को इस पर बहुत सोच-विचारकर कदम उठाने की जरूरत है। ट्रम्प की इस नीति से भारत के प्रमुख निर्यात क्षेत्रों और शेयर बाजार में उथल-पुथल दिख सकता है। यदि ट्रम्प ने अनुमान से कम टैरिफ की घोषणा की, तो फार्मा और आईटी सहित निर्यात से जुड़े क्षेत्रों से जुड़े शेयर मजबूत हो सकते हैं। इससे सेंसेक्स और निफ्टी में आने वाले समय में हम उछाल देख सकते हैं। जानकारों का मानना है कि भारत ने ऐतिहासिक रूप से अमेरिकी वस्तुओं पर भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अमेरिका के टैरिफ से अधिक शुल्क लगाए हैं। इसका साफ मतलब है कि अमेरिकी टैरिफ के निशाने पर प्रमुख रूप से भारत भी है। अमेरिका के जवाबी टैरिफ से देश का फार्मा, ऑटोमोबाइल, कृषि और वस्त्र उद्योग पर महत्वपूर्ण असर पड़ सकता है। इससे अरबों का व्यापार बाधित हो सकता है। विश्लेषकों को आशंका है कि अमेरिका और अन्य देश यदि जवाबी कार्रवाई का मन बनाने लगे, तो वर्तमान हालात व्यापार युद्ध में बदल सकता है। केयरएज रेटिंग्स के कार्यकारी निदेशक और मुख्य रेटिंग अधिकारी सचिन गुप्ता का कहना है कि अमेरिकी टैरिफ लगाने से निर्यात-संचालित क्षेत्रों की गति बाधित हो सकती है। इसके साथ ही इससे प्रभावित अर्थव्यवस्थाओं के बीच कीमतों के मोर्चे पर एक नई प्रतिस्पर्धा भी शुरू हो सकती है। इसका एक दुष्परिणाम यह भी होगा कि स्पष्ट संकेत न मिलने तक निजी क्षेत्र अपने पूंजीगत व्यय से परहेज कर सकता है। माना जा रहा है कि कृषि क्षेत्र में अमेरिका के जवाबी टैरिफ का सबसे अधिक प्रभाव मछली, मांस और प्रसंस्कृत समुद्री भोजन के निर्यात पर पड़ेगा। 2024 में इनका निर्यात 2.58 अरब डालर था। अब हालिया घटनाक्रम के बीच इस क्षेत्र पर 27.83 प्रतिशत से अधिक टैरिफ का भार बढ़ सकता है। ऐसे में अमेरिका को झींगे का निर्यात टैरिफ लागू होने के बाद प्रभावित हो सकता है। कोलकाता स्थित समुद्री खाद्य निर्यातक और मेगा मोडा के प्रबंध निदेशक योगेश गुप्ता का मानना है कि अमेरिका में हमारे निर्यात पर पहले से ही डंपिंग रोधी और प्रतिपूरक शुल्क लागू हैं। शुल्कों में अतिरिक्त वृद्धि से भारत अप्रतिस्पर्धी हो जाएगा। भारत के कुल झींगा निर्यात में से हम 40 प्रतिशत अमेरिका को निर्यात करते हैं।

## वक्फ विधेयक समाज को बांटने की रणनीति



सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है, भाजपा के सदस्य संसद में कांग्रेस शासित राज्यों की मुद्दों पर तीखा हमला करते हैं, इसलिए पार्टी सांसदों को भी भाजपा शासित राज्यों में उसकी विफलता को लेकर सदन में ही करारा जवाब देना चाहिए, कल वक्फ संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा में जबरन पारित किया गया, इस विधेयक को लेकर हमारी पार्टी का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि यह संविधान पर हमला है, इस तरह के विधेयक पारित कर भाजपा समाज को स्थायी रूप ध्रुवीकरण की स्थिति में रखने की सोची समझी राजनीति के तहत काम कर समाज को बांटने में लगी है, लगता है कि कांग्रेस को भी आक्रामक तरीके से भाजपा शासित राज्यों में सरकार की विफलताओं और कुशासन को उठाना चाहिए।

**श्रीमती सोनिया गांधी**
**नेता, कांग्रेस संसदीय दल**

# घिब्ली की दुनिया बनाम हकीकत: कला रोजगार और मौलिकता का संघर्ष

**आजकल सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल इमेज और वीडियो बहुत लोकप्रिय हो गए हैं एआई टूल्स की मदद से अब कोई भी बिना आर्ट स्किल्स के घिब्ली जैसी इमेज बना सकता है, लोग पिनटेरेस्ट और इंस्टाग्राम पर घिब्ली मूवी के सीन से बना एस्थेटिक गिफ्स और वॉलपेपर शेयर कर रहे हैं, टिकटॉक और रील्स में घिब्ली सीन के साथ रिलेटेबल ऑडियो या कोट्स लगाकर मजेदार कंटेट बनाया जा रहा है, यह ट्रेंड सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी बहस को जन्म दे रहा है**





प्रियंका सौरभ

रोजगार हमारी ज़रूरतों के लिए आवश्यक है, लेकिन कला और मनोरंजन मानसिक शांति और प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। घिब्ली स्टाइल इमेजरी और एआई टूल्स सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं, जिससे मौलिकता पर सवाल उठ रहे हैं। पहले जहां कलाकारों को महीनों मेहनत करनी पड़ती थी, अब एआई कुछ सेकंड में वैसा ही आर्ट तैयार कर देता है, जिससे असली कलाकारों को चुनौती मिल रही है।

अगर हम हकीकत की दुनिया में देखें, तो रोज़गार ज़रूरी है। बिना नौकरी या व्यवसाय के, सिर्फ घिब्ली की खूबसूरत दुनिया में खोकर पेट नहीं भरा जा सकता। लेकिन मानसिक शांति और प्रेरणा के लिए कला भी आवश्यक है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल की इमेज और वीडियो एक ट्रेंड बन चुके हैं। लोग पिनटेरेस्ट, इंस्टाग्राम और टिकटोक पर इसे देखकर टाइम पास कर रहे हैं, कुछ इसे खुद ट्राई कर रहे हैं, और एआई टूल्स की मदद से घिब्ली-स्टाइल की इमेज बना रहे हैं।

आजकल सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल इमेज और वीडियो बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। एआई टूल्स की मदद से अब कोई भी बिना आर्ट स्किल्स के घिब्ली जैसी इमेज बना सकता है। लोग पिनटेरेस्ट और इंस्टाग्राम पर घिब्ली मूवी के सीन से बनी एस्थेटिक गिफ्स और वॉलपेपर शेयर कर रहे हैं। टिकटोक और रील्स में घिब्ली सीन के साथ रिलेटेबल ऑडियो या कोट्स लगाकर मज़ेदार कंटेंट बनाया जा रहा है। कुछ एआई टूल्स अब आपकी असली फोटो को भी घिब्ली स्टाइल में बदल सकते हैं, जिससे लोग अपनी तस्वीरों को फेयरीटेल लुक दे रहे हैं। यह ट्रेंड सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी बहस को जन्म दे रहा है। क्या एआई जनरेटेड आर्ट असली कला की जगह ले सकती है?

एआई-जनरेटेड घिब्ली स्टाइल इमेजरी ने मौलिकता पर सवाल खड़ा कर दिया है। पहले कलाक. ारों को महीनों मेहनत करके घिब्ली जैसी पेंटिंग बनानी पड़ती थी, अब एआई कुछ सेकंड में वैसा ही कुछ तैयार कर देता है। लोग खुद से नया सोचने के बजाय रेडीमेड आर्ट पर निर्भर हो रहे हैं। असली कलाकार अब एआई-जेनरेटेड कंटेंट से मुकाबला करने को मजबूर हैं। एआई और टेम्प्लेट्स के चलते 'कुछ हटकर' करने की सोच धीरे-धीरे खत्म हो रही है। अगर आर्ट को केवल एक ट्रेंड बना दिया गया, तो मौलिकता धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। इसका समाधान यह है कि लोग घिब्ली स्टाइल से प्रेरणा लेकर अपनी खुद की यूनिक कहानियां और आर्ट बनाएं, न कि बस इंटरनेट पर मौजूद चीज़ों को दोहराएं। घिब्ली की आत्मा सिर्फ उसकी खूबसूरत विजुअल्स में नहीं, बल्कि उसकी गहरी कहानियों और भावनात्मक जुड़ाव में है। अगर किसी को घिब्ली की दुनिया इतनी पसंद है कि वह इसमें कुछ नया जोड़ना चाहता है, तो यह एक रोजगार का साधन भी बन सकता है। उदाहरण के लिए डिजिटल आर्टिस्ट घिब्ली-स्टाइल आर्ट बनाकर पैसा कमा सकते हैं। मर्चेंडाइज़ बिज़नेस (पोस्टर, स्टिकर, कपड़े) से आय हो सकती है।

ल्वनजन्इम और सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल कंटेंट क्रिएट करना एक करियर विकल्प हो सकता है। एनिमेशन इंडस्ट्री में घिब्ली से प्रेरित होकर ओरिजिनल शॉर्ट फिल्म्स और सीरीज़ बनाई जा सकती हैं। गेम डिज़ाइन और वीएफएक्स स्टूडियो में भी घिब्ली जैसी विज़ुअल स्टाइल को अपनाकर कैरियर बनाया जा सकता है। हालांकि, केवल घिब्ली की दुनिया में खोए रहना नुकसानदायक हो सकता है। असली ज़िंदगी के काम टलते रहते हैं, और लोग प्रोडक्टिविटी खो सकते हैं। अगर कोई सिर्फ एनीमेशन देखने में उलझा रहता है और अपने करियर पर ध्यान नहीं देता, तो यह एक समस्या बन सकती है। घिब्ली की दुनिया आदर्श (**Idealistic**) होती है। जहां हर चीज़ खूबसूरत, शांत और जादुई होती है। लेकिन असली दुनिया संघर्ष, तनाव और कठिनाइयों से भरी होती है। अगर कोई हर समय घिब्ली जैसी ज़िंदगी ढूंढे, तो असली दुनिया बेरंग और कठिन लग सकती है। समय की बर्बादी: लोग घंटों तक घिब्ली मूवीज़, पिनटेरेस्ट आर्ट, एआई-जनरेटेड इमेज और इंस्टाग्राम रील्स देखते रहते हैं। यह 'टाइम पास' कब 'टाइम वेस्ट' में बदल जाता है, पता भी नहीं चलता। अगर कोई सिर्फ एनीमेशन देखने में उलझा रहता है, लेकिन उसे अपने करियर पर ध्यान देना चाहिए, तो यह नुकसानदेह हो सकता है। अगर कोई हर समय घिब्ली जैसी ज़िंदगी ढूंढे, तो असली दुनिया बेरंग और कठिन लग सकती है। कुछ लोग इस वजह से प्रेरणा और महत्वाकांक्षा (**Ambition**) भी खो सकते हैं। घिब्ली स्टाइल इतना लोकप्रिय हो गया है कि कई कलाकार अपनी खुद की स्टाइल डिवेलप करने के बजाय सिर्फ घिब्ली-स्टाइल आर्ट कॉपी कर रहे हैं। घिब्ली स्टाइल एन्जॉय करें, लेकिन उसमें खो न जाएं। अगर आपको आर्ट पसंद है, तो इसे एक स्किल में बदलें, जिससे आप कमाई कर सकें।

अपने करियर और लाइफ गोल्स को इग्नोर न करें। काम ज़रूरी है, कला सिर्फ सुकून के लिए है। मौलिकता बनाए रखें। घिब्ली से प्रेरित हों, लेकिन अपनी खुद की यूनिक स्टाइल डेवलप करें। टाइम मैनेजमेंट करें। आर्ट और मनोरंजन का आनंद लें, लेकिन काम और ज़िम्मेदारियों को नज़रअंदाज़ न करें। घिब्ली का जादू खूबसूरत है, लेकिन अगर यह हमारी असली ज़िंदगी को प्रभावित करने लगे, तो नुकसान हो सकता है। बैलेंस बनाना ज़रूरी है। कला और करियर, कल्पना और हकीकत के बीच! घिब्ली-प्रेरित कला को करियर में बदला जा सकता है। डिजिटल आर्ट, मर्चेंडाइज़, यूट्यूब कंटेंट और एनिमेशन इंडस्ट्री में इसका उपयोग हो सकता है। लेकिन सिर्फ घिब्ली की दुनिया में खो जाना नुकसानदेह हो सकता है। यह समय की बर्बादी, करियर पर असर, असली दुनिया से डिस्कनेक्ट और मौलिकता की कमी ला सकता है।समाधान यह है कि घिब्ली की प्रेरणा से कुछ नया और मौलिक बनाया जाए, न कि केवल कॉपी किया जाए। कला और रोजगार के बीच संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है ताकि हम जीवन के दोनों पहलुओं का पूरा लाभ उठा सकें।

# अपनी कला के जरिये संस्कृति को बचाने की कोशिश में लगे मास्टर छोटूराम

**1 लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है, भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है**

**2 प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है, कभी कलाकारों के फन ने तो अभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस जमाने में नए-नए रंग बिखेरे है**

**किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षो से भरा रहा है इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली, छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढ़ाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए, पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे है**



डॉ. सत्यवान सौरभ

हरियाणा शिक्षा विभाग में प्राथमिक शिक्षक मास्टर छोटूराम आज किसी परिचय के मोहताज़ नहीं है। देश-विदेश में हज़ारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम देश के वीर-शहीदों शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते है तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनंने का सुनहरा अवसर मिलता है। भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली।

प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है। कभी कलाकारों के फन ने तो कभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस ज़माने में नए-नए रंग बिखेरे है। ये माना जाता है कि आत्मा की तरह कला अजर-अमर है, ये एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होती है और नया रूप लेती है। आज कला के रूप बदरंग हो गए है। कलाकार अपने उद्देश्यों से भटक गए है और पैसों के पीछे दौड़ पड़े है जो एक तरह कला को बेचने जैसा है। आज कला के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता समाज को लील रही है। मगर इन सबके बीच आज भी देश में कुछ ऐसे कलाकार है जो भारत की प्राचीन सभ्यता को नए रंग देकर उन आदर्श और मूल्यों को बचाने की कोशिश में लगे है। जी हां, उनमे से एक है हरियाणा के भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम। किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली।

छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए। पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे है। पेशे से सरकारी अध्यापक मास्टर छोटूराम एक आशु कवि और हरियाणवी-हिंदी के जाने माने गायक है। देश भर में हज़ारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम हमारे देश के वीर-शहीदों शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते है तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है। इन सबके अलावा मास्टर छोटूराम यू ट्यूब एवं सोशल मीडिया के जरिये भारत की प्राचीन संस्कृति से जुड़े किस्सों को वीडियो और ऑडियो रूप में फ्री में शेयर करते है, ताकि प्राचीन संस्कृति को बचाया जा सके। हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न रंगों को इन्होने अपनी रागनियों और नाटकों में बखूबी पिरोया है और लोगों के मनों तक पहुंचाया है।

देश भर में आकाशवाणी एवं टीवी पर समय-समय पर इनके ये कार्यक्रम देखे व् सुने जा सकते है। गायक कवि कलाकार मास्टर छोटूराम अपने सिद्धांतों और कला से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करते। आज जब नग्न संस्कृति गीतों और किस्सों में हावी है। तब भी इन्होने अपने मूल्यों को बनाये रखा और हमारे ऐतिहासिक और पौराणिक किस्सों को जेब से पैसे लगाकर रिलीज़ करवाया है। बेशक आज के तड़क भड़क वाले अश्लील वीडियो की तुलना में उनको कम शेयर किया गया है लेकिन वास्तव में उन्होंने हमारी धरोहर को सहेजने कि दिशा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। पितृभक्त श्रवण कुमार-कुमार और फैशन की फटकार इनके पहले दो ऑडियो एल्बम है जिनको लोग आज बीस साल बाद भी सुन रहे है और सोशल मीडिया पर शेयर कर रहें है। 'कड़े गए वह नाथू-सुरजा' हरियाणा की बदलती संस्कृति पर फ़िल्माया गया उनका सुपर हिट गीत है जिसको बहुत पसंद और शेयर किया गया है। ऐसतिहा. सिक 'नरसी का भात' किस्सा दर्शकों को पूरी रात भर सुनने को मजबूर कर देता है। वास्तव में अपनी प्राचीन कला को बनाये रखना बहुत बड़ी बात है। आज के दौर में युवा पीढ़ी यूट्यूब और अन्य सोशल प्लेटफार्म पर घटिया स्तर के वीडियोस और ऑडियो को पसंद करती नज़र आ रही है। ऐसे में मास्टर छोटूराम के सामाजिक गीतों के प्रयास बड़ी छाप छोड़ रहें है। मीडिया को ऐसे कलाकारों के प्रयासों को जोर-शोर से प्रचारित-प्रसारित करना चाहिए।ताकि हमारे प्राचीन मूल्यों को आज की इस शोषणकारी और अश्लील संस्कृति से दूर रखा जा सके।

जब मास्टर छोटूराम जैसे कलाकर पैसों के लिए अपनी कला से समझौता नहीं करते तो हम क्यों घर बैठे कर रहें है। अश्लील गीतों को समाज से बाहर करने के लिए हमें अच्छे गीतों और अच्छे कलाकरों को उचित मान-सम्मान देना ही होगा, तभी हम कला को वास्तविक रूप देकर एक रहने योग्य समाज आने वाली पीढ़ियों को देकर जा पाएंगे। लोक कलाएं वास्तव में किसी भी समाज की नब्ज होती है। हमें अपने बच्चों को इन कलाओं से अवश्य रूबरू करवाना चाहिए। साथ ही ये भी ध्यान रखना चाहिए कि आज के इस इंटरनेट युग में हमारे बच्चे क्या देख रहें है क्या सुन रहें है। अच्छे कलाकार और उनकी कलाएं समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक है लेकिन उनको चुनना हमारी जिम्मेवारी है।

# अफगानिस्तान: विकास बंदूक की नाल में नहीं है!



**अब वही तालिबान अपनी बौद्ध धरोहरों को सहेजने में लगा है, फिर से किताबों का दौर लौटा है और स्कूलों में बच्चों के शोर है, किताबों के पन्नों की फड़फड़ाहट है मोहब्बत आबाद हुई, आज वही अफगानिस्तान भारत से लाखों स्किल्ड लेबर मांग रहा है**



पवन सिंह

अफगानिस्तान तेजी से बदल रहा है। हर ओर पुनर्निर्माण और पुनर्निवेश व पुनर्वास के कार्य जारी हैं। इस बदलते अफगानिस्तान के पीछे केवल एक शब्द है 'शांति'। तालिबानियों को कभी हर बात का हल एके-47 की नाल से निकलता नजर आ रहा था लेकिन अब उनकी समझ में आ चुका है कि हर बात का हल नफरत और एके-47 से नहीं हो सकता। जिस तालिबान को लगता था कि केवल उनका ही मजहब बेहतरीन है वो अब शांति से जीना चाहते हैं। वो अपने देश को फिर से आबाद कर रहे हैं। जिन तालि. बानियों ने बामियान की बेशकीमती ऐतिहासिक धरोहरों बौद्ध प्रतिमाओं को तोप से उड़ा दिया था उन्हें फिर से सहेजने लगे हैं।

नफरत और हिंसा से जब बहुत कुछ खत्म हो गया। लाखों लाशें गिर गईं तो फिर से याद आया कि वे गलत थे। अब वही तालिबान अपनी बौद्ध धरोहरों को सहेजने में लगा है। फिर से किताबों का दौर लौटा है और स्कूलों में बच्चों का शोर है। किताबों के पन्नों की फड़फड़ाहट है। मोहब्बत आबाद हुई। आज वही अफगानिस्तान भारत से लाखों स्किल्ड लेबर मांग रहा है। भारत लाखों स्किल्ड लेबर अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए भेज रहा है क्योंकि अब भारत पुराने अफगानिस्तान की राह पर है और जिस स्किल्ड लेबर की जरूरत हमें थी वह हम अफगानिस्तान और इजरायल भेज रहे हैं। आज अफगानिस्तान पर एक रिपोर्ट पढ़ रहा था तो पिछले साल लखनऊ में लगी लंबी-लंबी कतारें आंखों के सामने आ गईं जब हजारों युवा रोटी के लिए परिवार, घर और मुल्क छोड़कर जाने के लिए तैयार दिखे। अफगानिस्तान ने बीते कुछ सालों में जबरदस्त बदलाव किए हैं और इसमें अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सहायता बड़ी भूमिका निभा रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान को करीब 30 बिलियन डॉलर की सहायता मिली है। जिसका उपयोग सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण, सुशासन, विकास की विभिन्न योजनाओं पर खर्च हो रहा है। जो अफगानिस्तान कभी मादक पदार्थों से पैसा कमाकर उसे विध्वंस पर खर्च करता था, वही अब अंतर्राष्ट्रीय सहायता राशि से मादक पदार्थों की तस्करी रोक रहा और भ्रष्टाचार रोकने के उपायों पर खर्च कर रहा है।

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने अपने देश की पुनर्निर्माण परियोजनाओं और गतिविधियों की स्वतंत्र और वस्तुनिष्ठ निगरानी के लिए एसआईजीएआर नाम की एक संस्था खड़ी की है। यह संस्था अमेरिकी सहायता से जितनी भी योजनाएं संचालित हैं उन पर कड़ी नजर रखी रही है। लेखापरीक्षा और जांच करना, मितव्ययिता, दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ावा देने के लिए सिफारिशें करना और पैसों का दुरुपयोग रोकने की दिशा में सक्रिय है। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में जबरदस्त निवेश कर रही है। वह अपने बांधों, सड़कों व कृषि पर जबरदस्त कार्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा सुधारने की दिशा में जबरदस्त कार्य आरंभ किया है। उसने 19 प्रांतों में 113 संगठनों के साथ भागीदारी की है। प्याज, पिस्ता, बादाम जैसे ड्राई फ्रूट्स उत्पादन को अफगानिस्तान ने तेजी से बढ़ाया है। साथ ही खनिज निर्यात पर ध्यान केंद्रित किया है। वर्ष 2020-21 में तालिबानी सरकार बनने से पहले अफगानिस्तान से निर्यात 825.78 मिलियन डॉलर और आयात 509.49 मिलियन डॉलर था। वहीं भारत से अफगानिस्तान को निर्यात लगातार घटता रहा है। वर्ष, 2021-22 में यह 554.47 मिलियन डॉलर था जो कि वर्ष, 2022-23 में गिरकर 437.05 मिलियन डॉलर रह गया और वर्ष 2023-24 में 355.45 मिलियन डॉलर तक लुढ़क गया। उधर अफगानी मुद्रा ने भारतीय रुपये को दौड़ा रखा है। हमारी मुद्रा कभी चीन, जापान और अमेरिका से टकराने की ओर बढ़ रही थी अब हमने इतनी प्रगति की है भूटान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से अपनी मुद्रा की तुलना करने की हैसियत में आ चुके हैं। अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान को जबरदस्त मानवीय सहायता दी। अफगानी बाजार में डॉलर की कमी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उधर तालिबानियों को भी शांति का मतलब पता चला तो अफ़गान मुद्रा में शानदार स्थिरता आई। अफ़गान मुद्रा का अपेक्षाकृत उच्च मूल्य अफ़गानिस्तान के लंबे इतिहास और विभिन्न देशों के साथ विभिन्न कृषि उत्पादों के व्यापार की प्रतिष्ठा के कारण है, जबकि अन्य देशों की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में इसकी भागीदारी सीमित है। अफ़गान अर्थव्यवस्था लगातार स्थिर होने लगी, जिसका श्रेय आंशिक रूप से तालिबान के उपायों को जाता है, जैसे तस्करी के आयात पर प्रति. बंध, बैंकिंग लेनदेन पर नियंत्रण और संयुक्त राष्ट्र से सहायता। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार लौह अयस्क, संगमरमर, तांबा, सोना, जस्ता और अन्य मूल्यवान खनिजों तथा दुर्लभ-पृथ्वी खनिजों से जुड़ी खनन गतिविधियों से पर्याप्त आय अर्जित करता है। वे खनन कार्यों, मीडिया, दूरसंचार और अंतर्राष्ट्रीय सहायता द्वारा वित्तपोषित विकास परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों पर कर लगाते हैं। इसके अलावा, वे कृषि फसलों और संचित धन पर कर लगाते हैं। ये कारक सामूहिक रूप से अफ़गानिस्तान में आर्थिक गतिशीलता में योगदान करते हैं और कुछ हद तक अफ़गानिस्तान की विनिमय दर को प्रभावित करते हैं। वहीं दूसरी ओर, भारत हाल के वर्षों में उच्च मुद्रास्फीति, कम विकास राजकोषीय घाटे और व्यापार असंतुलन जैसी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। यही नहीं, भारत में बढ़ती धार्मिक कट्टरता, हिंसा और जनता में पर्चेजिंग पावर का लगातार कमजोर होते जाना भी भयावह साबित हो रहा है। इन सभी कारकों ने भारतीय रुपये के प्रति विश्वास और मांग को कमजोर कर दिया है।

# गर्मियों में हीटवेव से बचने के लिए अपने शरीर को कैसे रखें ठंडा

गर्मियों का मौसम आ चुका है और इसी के साथ हीट स्ट्रोक और कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी होने लगी हैं। गर्मी के दिनों में न सिर्फ बाहर का वातावरण गर्म होता है बल्कि हमारा शरीर खुद भी अंदर से बहुत गर्म हो जाता है। जब हमारा शरीर अंदर से गर्म हो जाता है तो हमें थकान और हीट स्ट्रोक जैसी कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने का भी खतरा रहता है। आपके साथ ऐसा न हो इसके लिए आज हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने शरीर को अंदर से ठंडा रख सकते हैं। तो चलिए बिना देर किए आपको इन उपायों के बारे में बताते हैं।

### पानी और जूस पीते रहें

अगर आप इन गर्मियों के दिनों में अपने शरीर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो आपको पानी पीते रहना चाहिए। गर्मियों के दिनों में यह बहुत ज़रूरी हो जाता है कि आप सामान्य से ज़्यादा पानी पिएं। इतना ही नहीं, आपको इलेक्ट्रोलाइट्स युक्त हाइड्रेटिंग ड्रिंक्स का सेवन भी शुरू कर देना चाहिए। ऐसे पेय पदार्थ आपके शरीर को अंदर से ठंडा रख सकते हैं।

### नहाने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करें

अगर गर्मी के मौसम में आपका शरीर अंदर से बहुत ज्यादा गर्म हो रहा है, तो आपको नहाने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। जब आप ऐसा करते हैं, तो आपके शरीर का तापमान नियंत्रण में रहता है। अगर नहाने के बाद भी आपको बहुत ज्यादा गर्मी लग रही है, तो आप अपनी कलाई, गर्दन, माथे और पैरों पर कूलिंग पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा करने पर आपको गर्मी से राहत मिलती है।

### हाइड्रेटिंग फल व सब्जियां खाएं

अगर आप गर्मियों में अपने शरीर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो यह बहुत ज़रूरी हो जाता है कि आप अपनी डाइट में हाइड्रेटिंग फल और सब्जियां शामिल करना शुरू कर दें। जब आप अपनी डाइट में खीरा, तरबूज़ और खट्टे फल शामिल करते हैं, तो आपको गर्मी से काफ़ी राहत मिलती है।

### हल्के और ढीले कपड़े पहनने से आराम मिल सकता है

गर्मी के इन दिनों में आप किस तरह के कपड़े पहनते हैं, इसका आपके शरीर के तापमान पर गहरा असर पड़ता है। आपको हल्के और ढीले कपड़े चुनने चाहिए ताकि आपके शरीर का तापमान न बढ़े दिनभर ठंडक बनी रहे, और आप हल्का और आरामदायक महसूस करे। हल्के कपड़े पहनने से आपको गर्मी कम लगेगी।

# इजरायल ने रातभर बरसाए गाजा पर बम

## 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत, मृतकों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल



**देर अल-बलाह।** इजरायल ने गाजा पट्टी पर रात भर ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई।

खान यूनिस के अधिकारियों के अनुसार, 14 लोगों के शव नासिर अस्पताल में लाए गए हैं। इनमें से नौ एक ही परिवार के हैं। मृतकों में पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, एक से सात साल की उम्र के पांच बच्चों और एक गर्भवती महिला सहित 19 अन्य लोगों के शव खान यूनिस के पास यूरोपीय अस्पताल ले जाए गए। इसके अलावा, गाजा शहर में 21 शवों को अहली अस्पताल ले जाया गया है। इनमें सात बच्चे भी शामिल हैं। इजरायली हमलों से एक दिन पहले, वरिष्ठ सरकारी अधिका. रियों ने कहा था कि इजरायल गाजा के बड़े क्षेत्रों पर कब्जा करेगा। इसके

### हमास ने हथियार डालने की मांग ठुकराई

बाद फलस्तीनी क्षेत्र में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित किया जाएगा। इजरायल ने कहा है कि वह 18 महीने से चल रहे युद्ध को तब तक जारी रखेगा, जब तक कि आतंकवादी समूह हमास अपने हथियार नहीं डालेगा और शेष बंधकों को रिहा नहीं करेगा। इसके अलावा, इजरायल ने भोजन, ईंधन और मानवीय सहायता के सभी आयातों पर एक महीने के लिए रोक लगा दी है, जिससे आपूर्ति कम होने के कारण नागरिकों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को घोषणा की है कि इजरायल गाजा पट्टी में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा है, जिसके चलते राफा शहर को फलस्तीनी क्षेत्र से काट दिया जाएगा। नेतन्याहू ने इस सुरक्षा गलियारे को श्मोराग कारिडोरश का नाम दिया है, जो राफा और खान यूनिस के बीच होगा। नेतन्याहू ने कहा कि यह श्दूसरा फिलाडेल्फिया कारिडोरश होगा, जो मिस्र के साथ सीमा के गाजा पक्ष को दक्षिण की ओर संदर्भित करता है, जो मई 2024 से इजरायल के नियंत्रण में है। नेतन्याहू ने कहा कि हम पट्टी को काट रहे हैं और हमास पर कदम दर कदम दबाव बढ़ा रहे हैं, ताकि वो हमें हमारे बंधक सौंप दे। फलस्तीनी प्राधिकरण ने नियोजित गलियारे को अस्वीकार कर दिया है। वहीं, हमास ने भी इसका विरोध किया है। हमास ने कहा है कि वह केवल शेष 59 बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें 24 के जिंदा होने का अनुमान है। हमास ने बदले में अधिक फलस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग की है।

# 40 साल बाद स्पेस जाएगा कोई भारतीय

## मई में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे शुभांशु

**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन चार के तहत मई में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जा सकते हैं। इस मिशन में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं।

अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा ने एक अपडेट में इसकी जानकारी दी। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। अभी वह इंडियन एयरफोर्स में आफिसर है। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। चार देशों के चार एस्ट्रोनाट स्पेस स्टेशन जाएंगे इनमें एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। तरिक्ष में जाने वाले भारत के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे।



स्लावोज उज्नान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। अमेरिकी की पैगी व्हिटसन का यह दूसरा कामर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन है। शुभांशु मिशन पायलट, स्लावोज और टिबोर मिशन स्पेशलिस्ट होंगे। व्हिटसन कमांडर होंगी। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल में ये एस्ट्रोनाट उड़ान भरेंगे। इस मिशन को फाल्कन-9 राकेट से फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लान्च किया जाएगा। लान्च की तारीख फाइनल अप्रूवल और मिशन की तैयारियों के अनुसार घोषित होगी। मिशन का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन करना है। यह मिशन प्राइवेट स्पेस ट्रैवल को प्रोत्साहित करने और भविष्य में एक कामर्शियल स्पेस स्टेशन स्थापित करने की दिशा में एक्सिओम स्पेस की योजना का हिस्सा है। के चारों ओर घूमने वाला एक बड़ा अंतरिक्ष यान है। इसमें एस्ट्रोनाट रहते हैं और माइक्रो ग्रैविटी में एक्सपेरिमेंट करते हैं। यह 28,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रैवल करता है। यह हर 90 मिनट में पृथ्वी की परिक्रमा पूरी कर लेता है। 5 स्पेस एजेंसीज ने मिलकर इसे बनाया है। स्पेस स्टेशन का पहला पीस नवम्बर 1998 में लॉन्च किया गया था।

### नेतन्याहू के दौरे से पहले लिया अहम फैसला

# हंगरी ने किया आईसीसी की सदस्यता छोड़ने का ऐलान

**बुडापेस्ट।** हंगरी, अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय की सदस्यता छोड़ने की तैयारी कर रहा है। हंगरी की सरकार ने बयान जारी कर कहा है कि वे गुरुवार से अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की सदस्यता छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे।



उन्होंने कहा कि सदस्यता छोड़ने की पूरी प्रक्रिया अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और संवैधानिक ढांचे के अनुरूप ही होगी। हंगरी का यह एलान ऐसे समय आया है, जब जल्द ही इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट का दौरा करने वाले हैं। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में नरसंहार करने के आरोप में वारंट जारी किया हुआ है। दक्षिणपंथी विक्टर ओर्बन के नेतृत्व वाली हंगरी की सरकार ने बीते साल नवम्बर में नेतन्याहू को हंगरी आने का न्योता दिया था। आईसीसी ने नेतन्याहू के खिलाफ जो वारंट जारी किया था, उसके बाद ही यह न्योता दिया गया था। विक्टर ओर्बन को नेतन्याहू का करीबी माना जाता है और उन्होंने नेतन्याहू के खिलाफ जारी हुए गिरफ्तारी वारंट को बेशर्मी भरा और निंदनीय बताया था। दरअसल अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय का सदस्य होने के नाते हंगरी को नियमों के तहत नेतन्याहू के खिलाफ जारी वारंट के चलते उन्हें हंगरी पहुंचने पर हिरासत में लेना पड़ता, लेकिन अब हंगरी ने आईसीसी की सदस्यता ही छोड़ने का ऐलान कर दिया है। गाजा युद्ध शुरू होने के बाद हंगरी का दौरा नेतन्याहू की दूसरी विदेश यात्रा होगी। इससे पहले फरवरी में नेतन्याहू ने अमेरिका का दौरा किया था। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय विश्व का प्रथम स्थायी अपराध न्यायालय है, जो रोम संविधि द्वारा शासित किया जाता है। यह नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमण जैसे अपराधों से संबंधित जांच करता है।

# ट्रम्प का फैसला अमेरिका पर ही पड़ा भारी, शेयर बाजार में भारी गिरावट

**न्यूयार्क।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ऐतिहासिक टैरिफ घोषणा के बाद गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक भारी बिकवाली के साथ खुले। टैरिफ पर ट्रम्प का फैसला अब खुद अमेरिका पर ही भारी पड़ा दिख रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले से वैश्विक बाजार में भी मंदी का खतरा पैदा हो गया है।

अमेरिका में गुरुवार को बाजार खुलने के बाद प्रमुख इंडेक्स डाव 1,116 अंक या 2.64 प्रतिशत तक गिर गया। व्यापक सूचकांक एसएंडपी 500 इंडेक्स में 3. 24प्रतिशत तक की गिरावट दिखी। बाजार 2022 के मुद्रास्फीति संकट के बाद इंट्राडे में सबसे बड़ी गिरावट की ओर बढ़ गया। टेक शेयरों के बोलबा. ला वाला नैस्डैक में शुरुआती कारोबार में 4.33प्रतिशत तक की गिरावट दिखी। भारत समेत दुनिया के दूसरे बाजारों में भी बड़ी गिरावट दिखी। यह महत्वपूर्ण गिरावट ट्रम्प द्वारा अमेरिका में आने वाले लगभग सभी सामानों पर लगाए गए भारी टैरिफ के बाद आई है, जिससे यह आशंका पैदा हो गई है कि नई नीति से व्यापारिक साझेदारों में भारी नाराजगी पैदा हो सकती है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट आ सकती है। टैरिफ घोषणाओं के बाद निवेशकों ने सुरक्षित-संपत्तियों में पैसा लगाया। बुधवार को सोना 3,160 डॉलर प्रति औंस से ऊपर एक नए रिकार्ड पर पहुंच गया। दूसरी ओर, ट्रेजरी यील्ड्स में भारी गिरावट आई। 10 साल की ट्रेजरी यील्ड्स अक्टूबर के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई। सोना गुरुवार सुबह 3,060 डॉलर प्रति ट्राय औंस के ऊपर कारोबार करता दिखा। इसमें इस साल सोने में 19: तक की तेजी आई है। 1986 के बाद से सोने के लिए ये सबसे अच्छी तिमाही रही है।

# थाईलैंड में विश्व की सबसे यंग पीएम से मिले प्रधानमंत्री मोदी

**भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी, रामायण देखी, कहा इसकी कहानियां थाई लोगों के जीवन का हिस्सा**





**बैंकाक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिन के थाईलैंड दौरे पर पहुंचे हैं। यहां पर उन्होंने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा के साथ जाइंट प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। सबसे पहले पीएम मोदी ने 28 मार्च को भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद उन्होंने भारत और थाईलैंड के धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि सदियों पुराने संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कड़ियों से जुड़े हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे लोगों को जोड़ा है। रामायण की कहानियां थाई लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इससे पहले थाईलैंड की राजधानी बैंकाक पहुंचकर पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाक. ात की। इसके बाद थाई रामायण का मंचन देखा। यहां रामायण को रामाक. `न कहा जाता है। इसके बाद पीएम मोदी ने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा (38) से द्विपक्षीय मुलाकात की। वे दुनिया की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री हैं। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने व्यापारिक संबंधों पर चर्चा की। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान थाईलैंड सरकार ने 18वीं शताब्दी के रामायण भित्ति चित्रों पर आधारित एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। पीएम मोदी ने कहा कि पीएम शिनवात्रा ने मुझे त्रिपिटक भेंट किया। बुद्ध भूमि भारत की ओर से, मैंने इसे श्रद्धा पूर्वक स्वीकार किया। पिछले साल भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत से थाईलैंड भेजे गए थे। मैं यह घोषणा करते हुए खुशी महसूस कर रहा हूं कि गुजरात के अरावली में 1960 में मिले भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भी थाईलैंड भेजे जाएंगे। पीएम ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पालिसी और हमारे इंडो पेसिफिक विजन में थाईलैंड का खास योगदान है। आज हमने अपने संबंधों को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का रूप देने का फैसला किया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटजिक डायलाग स्थापित करने पर चर्चा की गई। साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को वापस भारत भेजने में थाईलैंड सरकार से मिले सहयोग के लिए थाईलैंड सरकार का शुक्रिया। हमारी एजेंसी ह्यूमन ट्रैफिकिंग और अवैध माइग्रेशन के खिलाफ एकजुट होकर काम करेगी। उत्तर पूर्वी राज्यों और थाईलैंड के बीच टूरिज्म, कल्चर, एजुकेशन आदि क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच डैड, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट में सहयोग के लिए समझौता हुआ है। रिन्युएबल एनर्जी, डिजिटल टेक्नोलाजी, ई-व्हीकल्स, रोबोटिक्स, स्पेस, बायोटेक्नोलाजी और स्टार्ट अप में सहयोग बढ़ाने का फैसला लिया गया है। दोनों देशों के बीच फिनटेक कनेक्टिविटी बढ़ाने पर काम किया जाएगा। भारत ने थाई पर्यटकों के लिए ई-वीजा देना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी और थाई पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने संयुक्त कांफ्रेंस के दौरान अपनी मुलाकात की तस्वीर दिखाई। थाईलैंड के प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर जा सकते हैं पीएम मोदी गुरुवार को पीएम मोदी थाईलैंड के ऐतिहासिक वात फो मंदिर भी जा सकते हैं। वात फो मंदिर बैंकाक में स्थित है और अपने विशाल लेटे बुद्ध द्धरिक्लाइनिंग बुद्धाऋ प्रतिमा के लिए फेमस है। वात फो थाईलैंड के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। इसमें 1,000 से अधिक बुद्ध प्रतिमाएं और 90 से अधिक स्तूप हैं।

# म्यांमार में भूकंप से मृतकों का आंकड़ा 3085 पर पहुंचा



**बैंकाक।** म्यांमार में करीब एक हफ्ते पहले आए भूकंप में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। बता दें कि, राहत और बचाव दल ने मलबे कई अन्य लोगों के शव बरामद किए हैं, इसके बाद मृतकों की संख्या 3085 तक पहुंच गई है। वहीं इस विनाशक. ारी भूकंप के बाद अभी चार हजार से ज्यादा लोग घायल है और कुल 341 लोग लापता हैं।

ये आंकड़े म्यांमार की सेना की तरफ से जारी किए गए हैं। बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था। जिससे हजारों इमारत जमींदोज हो गए और सड़कें बड़े-बड़े खाई में बदल गईं। स्थानीय मीडिया में हता. हतों की संख्या की रिपोर्ट आधिका. रिक आंकड़ों से कहीं अधिक है और दूरसंचार के व्यापक रूप से बंद होने और कई स्थानों तक पहुंचना मुश्किल होने के कारण, ऐसा माना जाता है कि ज्यादा जानकारी मिलने पर हताहतों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि उसके प्रारंभिक आकलन के अनुसार, चार अस्पताल और एक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं जबकि अन्य 32 अस्पताल और 18 स्वास्थ्य केंद्र आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि बुनियादी ढांचे के नुकसान और रोगियों की बढ़ती संख्या के कारण, सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच लगभग असंभव हो गई है। हजारों लोगों को देखभाल, चिकित्सा और बीमारी के प्रकोप के लिए उपचार की तत्काल आवश्यकता है।

म्यांमार की सेना ने 2021 में आंग सान सू की की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार से सत्ता छीन ली, जिससे गृहयुद्ध छिड़ गया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भूकंप ने पहले से ही गंभीर मानवीय संकट को और बढ़ा दिया है, जिसमें तीन मिलियन से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं और लगभग 20 मिलियन लोग भूकंप से पहले ही जरूरतमंद थे। इसी बीच सेना ने बुधवार को 22 अप्रैल तक अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा की। यह घोषणा सैन्य शासन का विरोध करने वाले सशस्त्र प्रतिरोध समूहों की तरफ से घोषित एकतरफा अस्थायी युद्ध विराम के बाद की गई है।

# मोदी से मिलने को बेताब हैं यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के लिए बेताब हैं। वह थाइलैंड में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता चाहते हैं। दोनों नेता यहां पर बिमटेक समिट में हिस्सा लेंगे। 2018 के बाद बिमटेक सम्मेलन के नेताओं की पहली मुलाकात होगी।

ढाका ट्रिब्यून ने यूनुस के उच्च प्रतिनिधि खलीलुर रहमान के हवाले से कहा कि बांग्लादेश ने बैठक का अनुरोध किया है और हमारे पास उम्मीद बनाए रखने के लिए उचित आधार हैं। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी ने भी बैठक की संभावना से इनकार नहीं किया है, अगर ये बैठक होती है, तो दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव के माहौल के बीच होगी। भारत बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा चिंता व्यक्त कर चुका है। यही वजह है कि भारत



बांग्लादेश को बहुत ज्यादा भाव नहीं दे रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे महापाप के बीच यूनुस पिछले हफ्ते चीन गए थे, जहां उन्होंने भारत के खिलाफ बयान दिया। यूनुस ने कहा कि भारत के सात राज्य, भारत के पूर्वी हिस्से, जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, ये भारत के लैंडलाक्ड क्षेत्र हैं। समंदर तक उनकी पहुंच का कोई रास्ता नहीं है। इस पूरे क्षेत्र के लिए समंदर के अकेले संरक्षक हम हैं। इसलिए यह विशाल संभावना के द्वार खोलता है। उन्होंने आगे कहा कि इसलिए यह चीनी अर्थव्यवस्था के लिए विस्तार हो सकता है, चीजें बनाएं, उत्पादन करें, चीजें बाजार में ले जाएं, चीजें चीन में लाएं और बाकी दुनिया तक पहुंचाएं। उनकी टिप्पणी की भारत में कड़ी आलोचना हुई। उसे शर्मनाक और भड़काऊ बताया गया। यूनुस के बयान पर रिएक्ट करते हुए खलीलुर रहमान ने कहा कि बयान की गलत तरीके से लिया गया। उन्होंने कहा, यूनुस ने अच्छी नीयत के साथ बयान दिया। अगर लोग इसे अलग तरह से समझते हैं, तो हम इसे रोक नहीं सकते। हालांकि, मोदी-यूनुस की मुलाकात की संभावना का भारत में कई लोग स्वागत नहीं कर रहे हैं।

## बदलते वैश्विक हालात में सबको अपनी चिंता खुद करनी होगी: जयशंकर

**बैंकाक।** थाईलैंड में बिम्सटेक मंत्रीस्तरीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि दुनिया अब आत्मनिर्भरता के दौर में प्रवेश कर रही है और हर क्षेत्र को अपनी जरूरतों का खुद ख्याल रखना होगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने बताया कि अब छोटे सप्लाई चेन और करीबी पड़ोसी देशों का महत्व पहले से ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आज की सच्चाई यह है कि हम आत्मनिर्भरता के युग में प्रवेश कर रहे हैं। खाद्य पदार्थों, ईंधन, उर्वरकों, टीकों और आपदा प्रबंधन जैसी जरूरतों के लिए हर क्षेत्र को खुद पर भरोसा करना होगा। बता दें कि, विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर बिम्सटेक द्धबंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोगऋ की 20वीं मंत्रीस्तरीय बैठक में भाग लेने बैंकाक पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बिम्सटेक सम्मेलन में शामिल होंगे और समुद्री सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि श्दुनिया में बड़ा बदलाव हो रहा है।







